राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 82
लखनऊ, शनिवार 09 नवम्बर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



किसान न करें फॉस्फेटिक उर्वरकों का अग्रिम भंडारण : शाही 03

भ्रष्टाचार एक बीमारी, जड़ से खत्म किया जाना जरूरी : राष्ट्रपति 12

## ऊषा अर्घ्य के साथ व्रती महिलाओं ने छठ व्रत का किया पारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**आस्था**
- डॉ. अनीता रंजन समेत महिलाओं ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य
- अंतिम दिन पांचाल घाट पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब
- डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने सभी को दी छठ पर्व की शुभकामनाएं

जिले में लोक आस्था के महापर्व छठ के चौथे व अंतिम दिन पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक पी0जी0 कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की डायरेक्टर डा0 अनीता रंजन व मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने सभी के साथ मिलकर उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद इस महापर्व का समापन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये।

बिहार-झारखंड में छठ पर्व का विशेष महत्व है। बिहार-झारखंड के लगभग हर घर में छठ पर्व पूरी आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है। साथ ही छठ में शुद्धता का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। नहाय-खाय के दूसरे दिन चावल और गुड़ से बने प्रसाद को भगवान को अर्पित करने के बाद छठ व्रती उस प्रसाद को ग्रहण करती हैं। जिसके बाद छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। पर्व के तीसरे दिन तालाबों, पोखरों और नदियों में खड़े होकर छठ व्रती अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद अपने घर लौटती हैं। पर्व के अंतिम दिन छठ व्रती सुबह-सुबह छठ घाट पर पहुंचती हैं और उगते हुए भगवान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के बाद अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त करती हैं। इस महापर्व में बिहार की पूर्णिया लोकसभा के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की माता जी भी मौजदू रही। इस अवसर पर मुख्य रुप से डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, डॉ0 अनीता रंजन, डा0 नीतूश्री, ऊषा, डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा, पिंकी, प्रियंका, गीता, रेखा, साधना, निर्मला आदि ने भी सहयोग किया।



पूजा अर्चना करतीं डॉ. अनीता रंजन व अन्य परिवार की व्रती महिलाएं



पूजा अर्चना के दौरान डॉ. अनीता रंजन व डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

मान्यता है कि छठ पर्व में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देना एक अत्यंत महत्वपूर्ण अनुष्ठान होता है। सूर्य को जीवन का कारक माना जाता है। वह सौरमंडल का केंद्र है और सभी ग्रहों को प्रकाश और ऊर्जा प्रदान करता है। उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर भक्तजन सूर्य देवता से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और अपने जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना करते हैं। मान्यता है कि सूर्य देव की उपासना से संतान प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है और संतान को लंबी आयु व स्वस्थ जीवन का भी आशीर्वाद मिलता है। सूर्य उपासना प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक भी है। छठ पर्व में अर्घ्य देने की प्रक्रिया में भक्त साफ .सुथरे कपड़े पहनकर नदी या तालाब में खड़े होकर सूर्य देव की उपासना करते हैं और अर्घ्य देते हैं।

## एएमयू विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का अपना फैसला पलटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



**फैसला**
- सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मामले में 1967 का अपना एक फैसला पलटते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को कानून द्वारा बनाए जाने के कारण अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित करने का आधार बना था।

पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यक द्वारा की जा सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि उसे अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा ही प्रशासित किया जाए।

मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से बहुमत का फैसला सुनाया। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अपने-अपने असहमति वाले फैसले दिए।

बहुमत के आधार पर फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा कानून द्वारा बनाए जाने के कारण खत्म नहीं होता।

अदालत ने बहुमत के फैसले में कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है। अदालत ने कहा ऐसी स्थापना और अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह साबित करना भी जरूरी नहीं है कि अल्पसंख्यक संस्थान का प्रशासन ऐसे अल्पसंख्यक समूह के पास है।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान धर्मनिरपेक्ष शिक्षा पर जोर देना चाह सकते हैं और इसके लिए प्रशासन में अल्पसंख्यक सदस्यों की आवश्यकता नहीं है।

शीर्ष अदालत ने फैसले की घोषणा के साथ ही मामले को तीन न्यायाधीशों की पीठ को सौंप दिया ताकि 2006 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न मुद्दे पर निर्णय लिया जा सके, जिसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को उसके अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित कर दिया था। पीठ ने कहा कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मुद्दा अब एक नियमित पीठ द्वारा तय किया जाना है, ताकि तथ्यात्मक निर्धारण किया जा सके कि क्या इसे अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित किया गया था। वर्ष 1967 में एस अज़ीज़ बाशा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। वर्ष 1981 में संसद द्वारा एएमयू (संशोधन) अधिनियम पारित किए जाने पर इसका अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनवरी 2006 में 1981 के कानून के उस प्रावधान को रद्द कर दिया था, जिसके तहत विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा सचिव की सड़क दुर्घटना में मौत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में विशेष सचिव बृजभूषण दुबे की गोरखपुर से लखनऊ आते समय अयोध्या में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। बृजभूषण दुबे अपने प्राइवेट वाहन से गोरखपुर से निकले थे और एक ट्रक को ओवरटेक करते उनका वाहन ट्रक से टकरा गया। विशेष सचिव बृजभूषण दुबे मूलरूप से बस्ती जिले में पैकोलिया थाना क्षेत्र में सरयां तिवारी गांव के निवासी रहे। बृजभूषण दुबे का अंतिम संस्कार अयोध्या में होना तय हुआ। दुखद घटना के संबंध में लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी हुई तो उन्होंने शोक व्यक्त किया।

### पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, विधायक पुत्र रमेश समेत तीन जालसाजी में तलब

**जौनपुर।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट अनुज कुमार जौहर ने शुक्रवार को अपना दल के पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, उनके विधायक पुत्र रमेश सिंह व दुर्गेश सिंह के खिलाफ जालसाजी का प्रथम दृश्टया मामला पाते हुए तलब किया है। यह कार्रवाई दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता विनय कुमार सिंह व अन्य गवाहों के बयान पर हुई है। कोर्ट ने 7 दिसंबर 2024 तिथि नियत करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रॉसेस जारी किया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ओलंदगंज मोहल्ले का है।

### उप्र स्वच्छ घाट प्रतियोगिता में कुशीनगर ने बनाई जगह

**कुशीनगर।** छठ महापर्व के अवसर पर योगी सरकार प्रदेश में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता 2.0 में नगरपालिका परिषद कुशीनगर, नगर पंचायत खड्डा व तमकुहीराज सूचीबद्ध हुई है। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट पर कुशीनगर के इन तीन निकाय के अंतर्गत आने वाले छठ घाट पर की गई व्यवस्था व तैयारियों के सुंदर दृश्य साझा किया है। जिससे प्रतियोगिता में स्थान मिलने की संभावना से निकायों में खुशी की लहर है। कुशीनगर नपा अध्यक्ष किरण राकेश जायसवाल ने योगदान दिए कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की बात कही है।

### मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**बारामुला।** जम्मू-कश्मीर में बारामुला जिले के सोपोर के सागीपोरा इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार देरशाम विशेष सूचना पर पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने सोपोर के सागीपोरा इलाके की घेराबंदी कर आतंकवादियों की तलाश शुरू की। इस दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। कुछ देर बाद आतंकियों ने गोलीबारी बंद कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर अभियान रोक दिया गया। शुक्रवार सुबह दोबारा अभियान शुरू किया गया। आतंकियों ने एक बार फिर से गोलीबारी की। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## अनुच्छेद 370 कभी वापस नहीं आएगा : मोदी

**संबोधन**
- कश्मीर में लागू रहेगा बाबा साहेब का संविधान
- कांग्रेस का विभाजनकारी एजेंडा आदिवासी समुदायों की सामूहिक ताकत को नष्ट करना : पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली,।**



**एक हैं तो सेफ हैं**

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के दौरान, डॉ. अंबेडकर ने शोषितों के लिए आरक्षण की लड़ाई लड़ी, लेकिन नेहरू ने इसका विरोध किया। आरक्षण पाने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। नेहरू के बाद भी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी इसका विरोध करते रहे। उनका लक्ष्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को कमजोर रखना था। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भील, कोकना, वारली और अन्य आदिवासी समुदायों को विभाजित करने और उनकी एकता को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके विभाजनकारी एजेंडे का उद्देश्य आदिवासी समुदायों की सामूहिक ताकत को नष्ट करना है। कांग्रेस की योजना का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने दोहराया एक हैं तो सेफ हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद-370 को लेकर छिड़े विवाद पर कहा कि अनुच्छेद-370 कभी वापस नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान लागू रहेगा और कोई भी ताकत इसे बदल नहीं सकती।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के धुले में भाजपा की एक चुनावी जनसभा में महात्मा गांधी के विजन को याद करते हुए कहा कि आजादी के बाद, गांधीजी चाहते थे कि कांग्रेस भंग हो जाए, क्योंकि उन्होंने इसकी विभाजनकारी प्रकृति को देखा था। कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए मोदी ने कहा, ÷कांग्रेस हमेशा से ही राष्ट्र-विरोधी षड्यंत्रों का हिस्सा रही है। इसका एक प्रमुख उदाहरण जम्मू और कश्मीर है, जहां कांग्रेस ने अनुच्छेद-370 के साथ इसे देश से अलग कर दिया, दलितों और हाशिए के समुदायों को उनके अधिकारों से वंचित किया और आतंकवाद और अलगाववाद का समर्थन किया। हमने अनुच्छेद 370 को निरस्त करके इसे समाप्त कर दिया, जो भारत के सबसे महान निर्णयों में से एक था। लेकिन अब, कांग्रेस और उसके सहयोगी इसे वापस लाने की साजिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा इन समुदायों की प्रगति का विरोध किया और उनकी एकता को कमजोर करने की कोशिश की है।

मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र आर्थिक विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। महायुति सरकार महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरंतर प्रगति के लिए आपका समर्थन महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है। पिछले एक दशक में हमारी सरकार ने सभी बड़े फैसलों में महिलाओं को प्राथमिकता दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग केवल शोषण करने के लिए राजनीति में प्रवेश करते हैं। महा-अघाड़ी के शासन ने विकास को रोक दिया, हर परियोजना को भ्रष्टाचार से भर दिया और मेट्रो परियोजनाओं, वधावन बंदरगाह और समृद्धि महामार्ग जैसी महत्वपूर्ण पहलों को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा-महायुति सरकार ने प्रगति को बहाल किया है। महाराष्ट्र ने विकास में अपना गौरव और विश्वास पुनः प्राप्त किया है। जहां भाजपा-महायुति है, वहां गति है, वहां महाराष्ट्र की प्रगति है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक विकसित महाराष्ट्र और एक मजबूत भारत के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज आगे बढ़ता है। पिछले एक दशक में हमारी सरकार ने सभी बड़े फैसलों में महिलाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए हमारी सरकार के कदमों से कांग्रेस और उसके सहयोगी नाराज हैं। महायुति सरकार की माझी लड़की बहिन योजना को व्यापक सराहना मिली है, फिर भी कांग्रेस इसे बंद करने की साजिश कर रही है। महाराष्ट्र के किसानों को लेकर मोदी ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार के तहत महाराष्ट्र के किसानों को दोहरा लाभ मिल रहा है।

## नोटबंदी की नाकामयाबी की वजह से रुपया हुआ कमजोर : अखिलेश यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नोटबंदी की आठवीं सालगिरह मना रहे हैं तो अखिलेश ने ट्वीट कर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाये है।

अखिलेश ने एक्स पर ट्वीट कर अपनी भावना व्यक्त करने की कोशिश की है। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में नोटबंदी के नाम से पूरा अध्याय सिर्फ़ काले रंग से ही छापा जाएगा। आज नोटबंदी की आठवीं सालगिरह के ठीक एक दिन पहले कल रुपया डॉलर के मुक़ाबले सबसे कमज़ोर स्थिति में आ गया। क्या ये नोटबंदी की नाकामयाबी की वजह से हुआ या भाजपा की नकारात्मक नीतियों की वजह से। उन्होंने कहा कि अब क्या भाजपाई फिर ये कहेंगे कि देश के इतिहास में रुपया डॉलर के मुक़ाबले सबसे निचले स्तर पर पहुँचकर रिकार्ड तोड़ नहीं गिरा है, बल्कि डॉलर ऊपर उठा है। भाजपा ने अर्थव्यवस्था को अनर्थव्यवस्था बना दिया है।

### समोसे को लेकर जांच पर सियासत तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में समोसे को लेकर सीआईडी की एक अनोखी जांच पर सियासत तेज हो चली है। भाजपा ने हमला बोलते हुए कहा कि हिप्र के अंदर मुख्यमंत्री का समोसा इंक्वारी यह साफ साफ दर्शाता है कि सरकार किस हद तक दिवालियापन की शिकार हो चुकी है। प्रदेश की जनता परेशान है और मुख्यमंत्री और राज्य सरकार को समोसे की चिंता है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता तरुण चुघ ने कहा कि हिप्र में राज्य सरकार को विकास की चिंता नहीं है, अपने किए वादों की चिंता नहीं है। ये देश के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं, जो समोसों की जांच कर रहे हैं। यह कदम बताता है कि कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता समोसा है, न कि गारंटी के वादे पूरा करना है।

## मैं ट्रोल किए जाने वाले जजों में से एक : चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित अपने विदाई समारोह में कहा कि मैं सबसे अधिक ट्रोल किए जाने वाले जजों में से एक हूं। उन्होंने कहा कि सवाल तो अब उन ट्रोल करने वालों के लिए है, जो 11 नवंबर से क्या करेंगे। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने सीजेआई के कार्यकाल में किये गए अहम फैसलों का उल्लेख करते हुए धन्यवाद दिया। इसके बाद सीजेआई को बार एसोसिएशन की तरफ से सम्मानित किया गया।

चीफ जस्टिस ने बशीर बद्र का एक शेर पढ़कर ट्रोल करने वालों को जवाब दिया। उन्होंने जो शेर पढ़ा वो है 'मुख़ालिफ़त से मेरी शख्सियत संवरती है मैं दुश्मनों का बड़ा एहतराम करता हूं'। अपने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सूर्य का प्रकाश सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। मैं जानता हूं कि मैंने कई तरीकों से अपने निजी जीवन को सार्वजनिक ज्ञान के सामने उजागर किया है। जब आप अपने जीवन को सार्वजनिक ज्ञान के सामने उजागर करते हैं, तो आप खुद को आलोचना के लिए भी उजागर करते हैं, खासकर आज के सोशल मीडिया के युग में। मेरे कंधे इतने चौड़े हैं कि हम उन सभी आलोचनाओं को स्वीकार कर सकते हैं, जिनका हमने सामना किया है। बार ने हमारे द्वारा उठाए गए सभी कदमों को जबरदस्त समर्थन दिया है।

### जेपी नड्डा ने लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात कर दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को वरिष्ठ नेता और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी के निवास पर जा कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मुलाकात के बाद जेपी नड्डा ने एक्स पर संदेश साझा करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेता, पूर्व उप-प्रधानमंत्री भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी जी के निवास पर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की।

## यूपी में पुरुष टेलर नहीं ले सकेंगे महिलाओं के कपड़ों की माप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**प्रस्ताव**
- जिम में भी महिला ट्रेनर अनिवार्य
- महिलाओं से जुड़ी जगहों पर महिला कर्मचारी होना जरूरी : राज्य महिला आयोग

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने बताया कि राज्य महिला आयोग, उप्र की एक बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए आवश्यक फैसले लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है। महिला आयोग के सभी सदस्यों की सहमति से तैयार प्रस्ताव में महिलाओं से जुड़ी प्रत्येक जगहों पर महिला कर्मचारी होना जरूरी बताया है।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने महिलाओं के अधिकार को लेकर बनाये गये प्रस्ताव को शासन में भेजा है। इस संबंध में बबीता चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महिलाओं से संबंधित वस्त्रों की दुकानों पर महिला कर्मचारी होना अनिवार्य होना है। वस्त्र की सिलाई करने के लिए पुरुष के स्थान पर महिला टेलर होनी चाहिए। महिला टेलर ही महिलाओं की माप ले सकती हैं, पुरुष टेलर को महिलाएं माप नहीं देगी। उन्होंने कहा कि जिम एवं योगा सेंटर जाने वाली महिलाओं को पुरुष जिम ट्रेनर नहीं, बल्कि महिला ट्रेनर प्रशिक्षण देगी। जिम या योगा सेंटर में सक्रिय सीसीटीवी और डीवीआर अनिवार्य लगाये जाये। इसी तरह विद्यालय की बसों में महिला सुरक्षाकर्मी या टीचर का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बैठक में तय किये गये फैसलों में महिलाओं की सुरक्षा का ध्यान रखकर ही नाट्य कला केंद्रों में महिला डांस टीचर और सक्रिय सीसीटीवी जरूरी माना गया है। शिक्षण संस्थान, सरकारी विभागों, प्राइवेट कार्यालयों, कोचिंग संस्थानों सहित घर के बाहर हर कार्य क्षेत्र में सक्रिय सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्कता है। इसमें वाशरूम के गेट के बाहर तक कैमरे होने चाहिए।

**फैसला** — प्राथमिक विद्यालयों के जूनियर शिक्षकों को बड़ी राहत

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रद्द की तबादला नीति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राज्यभर के प्राथमिक विद्यालयों के हजारों जूनियर शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात को बनाए रखने के लिए जून 2024 में लाई गई तबादला नीति को रद्द कर दिया। न्यायालय ने 26 जून 2024 को जारी सरकारी आदेश के प्रासंगिक प्रावधानों को मनमाना और भेदभावपूर्ण करार देते हुए रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की पीठ ने पुष्कर सिंह चंदेल सहित जूनियर शिक्षकों द्वारा अलग-अलग दायर 21 रिट याचिकाओं को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। मिली जानकारी के मुताबिक, याचिकाओं में 26 जून 2024 के सरकारी आदेश और 28 जून 2024 के परिपत्र के खंड 3, 7, 8 और 9 को चुनौती देते हुए कहा गया कि उक्त प्रावधान समानता के मौलिक अधिकार के साथ-साथ शिक्षा के अधिकार अधिनियम के भी विरोधाभासी हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एच.जी.एस परिहार, यू एन मिश्रा और सुदीप सेठ ने संयुक्त रूप से दलील दी कि उपरोक्त प्रावधानों के अनुपालन में जो शिक्षक बाद में किसी प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त होता है, उसका ही तबादला शिक्षक-छात्र अनुपात को बनाए रखने के लिए किया जाता है। इसमें कहा गया कि तबादले के बाद ऐसा अध्यापक जब किसी नए प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त किया जाता है तो वहां भी उसकी सेवा अवधि सबसे कम होने के कारण, अगर उपरोक्त अनुपात को बनाए रखने के लिए पुनः किसी अध्यापक के स्थानांतरण की आवश्यकता होती है तो नए आए उक्त अध्यापक का ही तबादला किया जाता है। यह भी दलील दी गई कि उक्त नीति शिक्षकों की सेवा नियमों के विरुद्ध है। राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा गया कि याचियों को तबादला नीति को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। कहा गया कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षक-छात्र अनुपात को बनाए रखने के लिए यह नीति आवश्यक है। आपको बता दें कि अदालत ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात पारित अपने निर्णय में कहा कि 26 जून 2024 के सरकारी आदेश और 28 जून 2024 के परिपत्र में ऐसा कोई भी यथोचित कारण नहीं दर्शाया गया है जिसमें उक्त तबादला नीति में सेवा अवधि को आधार बनाए जाने का औचित्य हो। न्यायालय ने कहा कि अगर यही नीति जारी रही तो हर बार जूनियर शिक्षक को स्थानांतरण के माध्यम से समायोजित कर दिया जाएगा और वरिष्ठ शिक्षक हमेशा वहीं रहेंगे जहां हैं। न्यायालय ने कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों में यह पाया गया है कि उक्त तबादला नीति भेदभावपूर्ण है और संविधान के अनुच्छेद-14 के अनुरूप नहीं है।



# धूमधाम से मनाया गया छठ पूजा का महापर्व

महिलाएं घर की खुशहाली और संतान की सलामती के लिए रखती हैं व्रत

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।



आस्था का महापर्व छठ हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है। छठ पूजा की विशेष धार्मिक मान्यता होती है। इस कठिन व्रत को महिलाएं घर की खुशहाली और संतान की सलामती के लिए रखती हैं। इसे सूर्य षष्ठी, छठ, छठी और डाला छठ जैसे नामों से भी जाना जाता है। छठ पूजा में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा की जाती है।

हर साल छठ पूजा दिवाली से 6 दिन बाद की जाती है। लेकिन इस वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि 7 नवंबर की देर रात 12 बजकर 41 मिनट पर शुरू हुई और इसका समापन 8 नवंबर की देर रात 12 बजकर 34 मिनट पर हुआ। ऐसे में 7 नवंबर, गुरुवार के दिन ही वृतियों ने संध्याकाल का अर्घ्य दिया और शुक्रवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया से घर परिवार गांव की सलामती के लिए प्रार्थना की और पारायण किया। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के छठ घाटों पर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के भी इतंजाम किए गए।सुंदर नगर टांगिया, मालपुर, बेल्हा सीकटिया, पडरिया तुला, रूरा सुल्तान पुर सहित अन्य सभी स्थानों पर छठ पूजा सकुशल सम्पन्न हुई। इस वर्ष नहाय-खाय 5 नवंबर, मंगलवार के दिन हुआ। नहाय खाय कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थ तिथि पर किया गया। इस दिन व्रत रखने वाली महिलाओ ने नदी व पवित्र तीर्थ में स्नान ध्यान के बाद सूर्य देव की पूजा अर्चना की। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर खरना मनाया गया। खरना के दिन महिलाओ ने निर्जला उपवास रखा और छठी मैया की पूजा में लीन रही इस साल खरना 6 नवंबर, बुधवार के दिन मनाया गया। 7 नवंबर के दिन छठ पूजा के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और अगली सुबह 8 नवंबर, शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दे कर संतानों की सलामती की दुआ मांग कर व्रत का पारायण किया।

### अमीरनगर में धूमधाम से मनाया सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा, डूबते व उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

क्षेत्र में गोमती नदी के पावन घाटों पर छठ पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया। बृहस्पतिवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर श्रद्धालुओं ने अपने पति व संतान की मंगल कामना के साथ घर की सुख समृद्धि की कामना की। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी उपासना की गई।छठ पूजा पर्व दीपावली से छह दिन बाद शुरू होता है। मान्यता है कि सूर्य पुत्र अंगराज कर्ण प्रतिदिन सुबह जल में खड़े होकर सूर्य की उपासना करते थे और उपासना के बाद उनके पास आकर कोई भी याचक चाहे जो मांग ले, वह खाली हाथ नहीं लौटता था। इसी मान्यता के साथ कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को भगवान सूर्य की उपासना करने के लिए छठी उत्सव मनाया जाता है। बृहस्पतिवार की शाम को श्रद्धालुओं ने गोमती नदी के घाटों में छठी माता के दरबार मे धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने फल, फूल, गन्ना, गुड़ व घी से बने ठेकुआ और चावल के आटे व गुड़ से बने भूसवा जैसे व्यंजनों के साथ पूजा-अर्चना की।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से स्थानीय पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही।

# बच्चे का सही वजन न बता पाने पर सीएमएस ने लगाई फटकार



**ओयल खीरी।** एनआरसी वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स को सीएमएस द्वारा उस वक्त कड़ी फटकार लगाई गई, जब भ्रमण के दौरान उन्होंने स्टाफ नर्स से बच्चे का वर्तमान वजन पूछा और स्टाफ नर्स बच्चे का सही वजन नहीं बता पाई।

शुक्रवार को जिला पुरुष अस्पताल मोतीपुर ओयल में प्रतिदिन की तरह ही सीएमएस डॉ आरके कोली भ्रमण कर रहे थे, इसी दौरान वह एनआरसी वार्ड में पहुंच गए। जहां कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए भर्ती कराया जाता है। इस दौरान उन्होंने वहां भर्ती सुनील नाम के एक नवजात बच्चों की मां से पहले तो मिल रही दवाओं और खाने के बारे में पूछा! इसके बाद उन्होंने वहां तैनात स्टाफ नर्स से उस बच्चे के वजन की जानकारी की, परंतु तैनात स्टाफ नर्स बच्चे का सही वजन नहीं बता पाई। इसके बाद उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल बच्चे का वजन करने को कहा और स्टाफ नर्स को हिदायत दी कि भविष्य में ऐसी गलती ना हो। बच्चे के वजन को वीएसटी पर अंकित किया जाए और वजन कितना है! प्रतिदिन बढ़ रहा है या नही इसका भी सही अंकन किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### स्कूटीसवार युवती गंभीर रूप से जख्मी, जिला रेफर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** स्कूटी पलटने से कम्युनिटी हेल्थ सेंटर की प्रभारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। बता दें कि शहर के खुटार रोड विकास चौराहा के समीप निवासी राकेश कुमार की 25 वर्षीय बेटी दीपिका परसपुर में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में बतौर प्रभारी तैनात है। शुक्रवार को वह स्कूटी से जा रही थी। उसी समय थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम खरगापुर के समीप बड़ी नहर पर उसकी स्कूटी अचानक पलट गई। जिसमें वह गंभीर घायल हो गई।

### राइस मिल की दीवार गिरने से श्रमिक घायल, दो रेफर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** एक राइस मिल की दीवार ढह जाने से वहां मौजूद तीन श्रमिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार सुबह गोला बांकेगंज रोड पर एक राइस मिल की दीवार ढह गई। जिससे वहां रह रहे सुमित 27 निवासी ग्राम देवरिया रणा, हरपाल सिंह 50 निवासी थाना फूलबेहड ग्राम रुद्रपुर सहित उनका एक अन्य साथी गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घायल मजदूरों में दो को सीएचसी भेजा गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया है। जबकि एक अन्य घायल का स्थानीय निजी अस्पताल में उपचार कराया गया।

### हैदराबाद पुलिस ने महज चार घंटे में तलाश किया गुमशुदा

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हैदराबाद पुलिस ने महज चार घंटे में एक गुमशुदा की तलाश कर सकुशल बरामद कर परिवाररजनों के सिपुर्द किया। बता दें कि थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम जड़ौरा निवासी मुकेश कुमार 35 पुत्र वेदप्रकाश अचानक कही लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरु कर दी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने लापता हुए युवक को चार घंटे में लखीमपुर से सकुशल बरामद कर परिवार जनों को सिपुर्द कर दिया। जिसके बाद परिवार का माहौल खुशहाल हुआ।

### सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसो. ने किया छात्रवृत्ति का वितरण



**लखीमपुर खीरी।** सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन संस्था द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में ज़िला व ब्लॉक स्तर पर महिलाओं द्वारा संचालित कर व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित छात्राओं व महिलाओ को छात्रवृति व प्रमाण पत्र वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी को प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति वितरित किए गये जिन्हे प्राप्त करके सभी ख़ुशी से झूम उठे। कार्यक्रम का आयोजन सेवा इंडिया कार्यालय, राजगढ़ निकट बाई डी कॉलेज खीरी में सम्पन्न हुआ। अध्यापिका सुमति शुक्ला द्वारा रेखा मिश्रा, एकता प्रभाकर, ज्योति पाठक, विमंला मिश्रा, अंजलि वर्मा, प्रीती वर्मा, अंतिम बाजपेई, रेनू पांडेय आदि छात्रों को प्रमाण पत्र व स्कालरशिप वितरित किये गए। इस मौके पर कार्यालय प्रमुख कशिश गुप्ता, अध्यापिका पम्मी कनौजिया तथा संस्था के विशिष्ट सदस्य श्री गोपाल जी उपस्थित रहे।

# सागौन लकड़ी के बोटे से भरा छोटा हाथी वाहन को पुलिस ने पकड़ा



**तिकुनिया खीरी।** उत्तर निघासन रेंज बेलरायां व थाना सिंगाही पुलिस की टीम ने संयुक्त रुप से सामान्य गश्त के दौरान खैरीगढ़ मार्ग पर जंगल से चोरी से काट कर ले जाए जा रही सागौन लकड़ी के बोटे से भरे एक छोटा हाथी वाहन को पुलिस ने पकड़ लिया। उत्तर निघासन रेंज बेलरायां के क्षेत्रीय वनाअधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम थाना सिंगाही पुलिस टीम के साथ के संयुक्त रुप से उत्तर निघासन रेंज की वनटीम में स्वयं शामिल क्षेत्रीय वन अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने सामान्य गश्त के दौरान चोरी से काटकर छोटा हाथी वाहन में लादकर ले जाई जा रही सागौन के 11बोटा लकड़ी को पकड़ लिया। वाहन चालक व लकड़कट्टे मौके से भाग निकले। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया लकड़ी सहित छोटा हाथी को कब्जे में लेकर बेलरायां रेंज कार्यालय ले आये तथा पकड़े गए वाहन के नंबर से वाहन स्वामी का पता लगाते हुये फरार लकडकट्टो के खिलाफ जाँच शुरू की गई है।

# पांच दिन में चार एक्सीडेंट, छह लोगों की

मितौली/मैंगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।

गुरुवार को फिर पाचवें दिन दो बाईकों के आपस मे टकराने से बाईक सवार महिला सहित तीन घायल हो गए। रामनारायण पुत्र छोटेलाल निवासी पसगवां 50 वर्ष अपनी बहन बिट्टीदेवी पत्नी रामनरेश निवासी लिधियाई 60 वर्ष के साथ बाईक से मैंगलगंज आ रहा था तभी लड़ैती देवी पैट्रोल पम्प के पास सड़क पार करते समय सीतापुर की तरफ से आ रही बाईक जिस पर सवार प्रियांशु पुत्र राम अवतार 25 वर्ष थाना खैराबाद जिला सीतापुर से टक्कर हो गई और तीनों बाईक सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए महोली भेजा। एक घायल राम नारायण की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। जिसकी लखनऊ में इलाज के दौरान म्रत्यु हो गई।

मैंगलगंज से निकला बाईपास बना डेंजर जोन




**मैंगलगंज बाईपास बना डेंजर जोन:** 3 नवम्बर को फरिया पिपरिया निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत, 4 नवम्बर को दो लोगो की मौत ,ट्राला और टैक्टर की टक्कर से ट्राला चालक और हेल्पर की मौत ,6 नवम्बर को बाईक और कार की टक्कर में एक विवाह समारोह में शामिल होने आए महिला और पुरुष की मौत, 7 नवम्बर को आपस मे बाईक टकराने से तीन घायल हुए थे जिसमें एक की 8 नवम्बर को मौत हो गई।

**लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से जिम्मेदार नहीं ले रहे सबक:** क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से सबक क्यो नही लेते जिम्मेदार और हम सब की जिंदगी कितनी अनमोल है यह जानकर भी बार बार गलतियां करते जा रहे हैं। चालको के साथ-साथ सड़को की देखरेख वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी क्या है? केवल चालको को दोष देना गलत होगा। सड़को की देखरेख करने वाली एजेंसियों की लापरवाही के चलते हादसे होते रहते हैं। बाईपास पर जगह जगह कट लगना भी नेशनल हाईवे पर लापरवाही नही तो और क्या है। मैंगलगंज से निकले बाईपास पर कोई अवरोधक नही बनाया गया बल्कि डिवाइडर पर कट लगाकर हादसों को निमंत्रण दिया गया है जबकि यहा अवरोधक की भारी जरूरत है।

# विधिवत हवन-पूजन के साथ चीनी मिल का पेराई सत्रारंभ

मंदिर परिक्रमाओं के साथ डोंगे का हुआ हवन पूजन

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



स्थानीय बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला का नवीन पेराई सत्र शुक्रवार प्रातः आराध्यदेवों भगवान शिव जी के मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान जी मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर आदि में पूजन कर आरंभ किया गया। पूजन के पश्चात डोंगे पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कर केन कैरियर में गन्ना डाल पेराई सत्रारंभ किया गया।

चीनी मिल के पुजारी दयानंद पांडे ने यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन द्वारा विधिवत हवनपूजन कराया। मिल परिसर में बने हवनकुंड में अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति में हवन यज्ञ किया गया। इसी कडी में प्रथम गन्ना लाने वाले बैलगाड़ी किसान दीपक कुमार एवं गंगाराम व ट्रॉली लेकर आने वाले सर्वेश कुमार को एसडीएम विनोद गुप्ता, क्षेत्राधिकारी पुलिस गवेन्द्र गौतम, विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गिरी मोंटी, यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन, गन्ना समिति अध्यक्ष पति आशीष कुमार सिंह, सुरेश चंद वर्मा पूर्व अध्यक्ष ने अंगवस्त्र, मिष्ठान देकर सम्मानित किया । इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना समिति सचिव बलवंत चौधरी, गन्ना समिति के संचालक, पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष सुरेश वर्मा, रामराखन बाजपेई, मातादीन वर्मा, सुरजन लाल वर्मा, प्रहलाद वर्मा, श्री कृष्ण वर्मा, विजय बाजपेई, बादाम सिंह, राजीव शुक्ला, चीनी मिल के अधिकारी एके पांडे, सहदेव सिंह, पी एस चतुर्वेदी, के के तिवारी, पी सी गुप्ता, आर के मिश्र, संदीप कटियार, अनुराग गुप्ता, अखिलेश सिंह, डीके सचान, दीपक सिंघल, रितेश दुबे, चेतराम सिंह बघेल, सतीश श्रीवास्तव, गोपाल जायसवाल मौजूद रहे।

**पंजीकृत मोबाइल नबर पर एसएमएस के अनुसार ही लाए गन्ना:** यूनिट हेड जितेन्द्र जादौन ने बताया कि शासन की नीति अनुसार इस वर्ष भी केवल एसएमएस पर्ची की सूचना किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। एसएमएस पर्ची को मिल गेट/वाह्य क्रय केंद्रो गन्ना लाने से पूर्व फोटो पहचान पत्र के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। यूनिट हेड ने किसान भाइयों से आग्रह किया। कि किसान भाई चीनी मिल में बैलगाड़ी/ट्राली वैध तिथि की एसएमएस पर्चियां पर ही गन्ना लाए।

### चीनी मिल ने भेजा भुगतान, किसानों में उत्साह की लहर

**बिजुआ खीरी।** क्षेत्र ग्राम गुलरिया में संचालित बलरामपुर ग्रुप की इकाई गुलरिया चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अन्तर्गत दिनाँक 04 नवम्बर से 06 नवम्बर 2024 तक क्रय किये गए गन्ना मूल्य का भुगतान 07 करोड़ 47 लाख 96 हजार रुपये किसानों के सम्बंधित बैंक खातों में भेजा जा रहा है। गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह द्वारा इस सम्बन्ध में बताया गया कि गुलरिया चीनी मिल द्वारा अब तक 07 करोड़ 88 लाख 83 हजार रुपये किसानों के सम्बंधित खातों में गन्ना मूल्य का भुगतान हो जायेगा। योगेश कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा यह अपील की गई है कि किसान भाई ज्यादा से ज्यादा गन्ना आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ावे तथा मिल को साफ सुथरा, छिला, ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा आरआरसी सेंटर

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।



विकासखंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूड़ा खुर्द में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य करा कर सरकारी बजट को खुलेआम चूना लगाया गया। ग्राम पंचायत में हर काम कमाई के चक्कर में नियम,कायदे,कानून ताक पर रखकर नियमों के पालन से बेपरवाह प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी को न जांच की चिंता रही और ना अधिकारियों का डर।वहीं अधिकारी भी मीडिया के सवालों से बचते हुए गोल मोल बातें करते दिखे। जिससे दाल में काला साफ दिखाई दे रहा है।

विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मूड़ा खुर्द में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने कूड़ा निस्तारण केंद्र (आर आर सी सेंटर) में खुलेआम अव्वल ईंट की जगह घटिया ईंटों एवं मौरंग के स्थान पर बालू का प्रयोग किया गया। लगभग छह लाख रुपए की लागत से बनाए गए इस केंद्र में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। दीवार बनने के तुरंत बाद आनन-फानन में प्लास्टर कर दिया गया जिससे कि आर आर सी सेंटर में जिम्मेदारों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार दिखाई न दे। सरकार द्वारा भले ही विकास कार्य कराकर ग्राम पंचायतों में गांव की तस्वीर बदलने का दावा किया जा रहा हो। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ग्राम पंचायत में इस कदर लूट घसूट मची है कि रक्षक ही भक्षक बनकर जेबें भरने में लगे हैं। ग्राम प्रधान आरती देवी व ग्राम विकास अधिकारी गोल्डी वर्मा द्वारा अनुपयोगी और मानक विहीन कार्य करा कर ऐसी विकास की गंगा बहाई गई जो लोगों के गले नहीं उतर रही है।घटिया व मानक विहीन कार्य करा कर खूब जेबें भरीं।वहीं अधिकारी भी सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे बैठे हैं। लगता है की अधिकारी भी सांठ गांठ किए बैठे हैं। जो जानकारी के बावजूद भी जांच करना उचित नहीं समझते। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के मानक विहीन कार्य से कुछ ही दिनों में बनाई गई बिल्डिंगें धराशाही हो जाएंगी।

> आर आर सी सेंटरों में मानक आप खुद जान रहे हैं। शिवपुरी, मूड़ा खुर्द में केंद्र बन चुके हैं जिनकी फोटो हमारे पास उपलब्ध हैं लिखित में दे दीजिए दिखावाते हैं।
>
> -महावीर सिंह
> खंड विकास अधिकारी बिजुआ

> आर आर सी सेंटरों में मानक के अनुसार ही ईंट एवं सामग्री लगानी चाहिए जो भी शिकायत है लिखित में दे दीजिए या इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से बात कीजिए।
>
> -अभिषेक कुमार
> सीडीओ लखीमपुर खीरी

# हरविंदर सोनी कॉलेज इकाई अध्यक्ष, साधक राज बने कॉलेज इकाई मंत्री

अभाविप की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोला जिले की कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को अधिक मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही महाविद्यालय इकाई में नवीन पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। शुक्रवार को केन ग्रोवर्स नेहरु पीजी कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कहा कि संगठन को मजबूत बनाए जाने के लिए नवीन सदस्यों को शामिल किया जाए। साथ ही भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला पर चर्चा हुई। इसी कडी में सर्वसम्मति से कॉलेज इकाई का गठन किया गया। जिसमें हरविंदर सोनी को कॉलेज इकाई का अध्यक्ष, साधक राज को कॉलेज इकाई का मंत्री चुना गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ विकास चौरसिया चुनाव अधिकारी के रूप में एवं प्रवासी डॉ सुनील गुप्ता, संयोजक प्रशांत गुप्ता सहित प्रांत से प्रवासी प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेई, विभाग संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पडरिया तुला द्वारा गांव में लगाया गया स्वास्थ्य मेला




**बिजुआ खीरी।** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के गांव पडरिया तुला में डेंगू का प्रकोप लगातार जारी है जिसके चलते बीते मंगलवार को गांव निवासी आशीष कुमार उम्र करीब 28 वर्ष की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई थी और गांव में कई लोग डेंगू की चपेट में हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को गांव में बिजुआ सीएचसी प्रभारी सुभाष चंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पड़रिया तुला के प्रभारी निरीक्षक डाक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को गांव में कैम्प लगाया गया जिसमें 35 मरीज आए डाक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कुल 35 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण गया जिसमें 2 लोगों को टाइफाइड निकला और 33लोगों को साधारण बुखार निकला,सभी को दवा वितरण की गई कैम्प में आए किसी भी मरीज में डेंगू बुखार की पुष्टि नहीं हुई । आशा द्वारा घर घर जाकर कैम्प की जानकारी दी गई और मरीजो का हाल जाना। इस मौके पर डॉ राजेश कुमार,कम्युनिटी हेल्थ डॉक्टर साधना, एएनएम पूनम सिंह वआशा कमला, मधु आदि मेडिकल टीम मौजूद रही।

# अपात्रों को दो बार मिल रहा पीएम आवास, गरीब खा रहे दर-दर की ठोकर

ग्राम शाहबुद्दीन में पीएम आवासीय योजना में हुआ जमकर भ्रष्टाचार, उच्चाधिकारियों से शिकायत

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



लखीमपुर खीरी के ब्लाक कुंभी गोला की ग्राम पंचायत शहाबुद्दीनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए जा रहे आवास में प्रधान और सचिव की भ्रष्टाचारी प्रकाश में आई है। आरोप है कि प्रधान और सचिव ने मिलकर अपने चहेतों को पक्का मकान बने होने के बावजूद बग्गर दिखाकर आवास सूची में नाम दर्ज करवाकर आवास पास करवा दिया जबकि गांव के बहुत से ऐसे पात्र व्यक्ति जिनके पास टूटे-फूटे छप्पर पड़े करते हैं इसके बावजूद भी उनका नाम आवास सूची में दर्ज नहीं किया गया। प्रधान और सचिव की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

गोला तहसील के ब्लॉक कुंभी की पंचायत शहाबुद्दीनपुर की ग्राम सभा बगहा निवासी ग्रामीण रणधीर पुत्र छोटेलाल ने बीडीओ, उप जिलाधिकारी समेत जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बीते दिनों गोला तहसील में संपन्न हुई संपूर्ण समाधान दिवस में दी तहरीर में बताया कि ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने जो मिलकर आवास सूची बनाई है उसमें पात्रों को आवास से वंचित रखा गया है एवं जिन व्यक्तियों को पूर्व में आवास मिल चुके हैं उनको पुनः आवास दिया गया है। आरोप है कि मजरा बगहा निवासी घनश्याम पुत्र राजकुमार को पूर्व में आवास दिया गया था और वर्तमान समय में घनश्याम का पूरा मकान पक्का बना हुआ है इसके बावजूद ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी ने बग्गर दिखाकर इनका नाम आवास सूची में दर्ज कराकर आवास पास करवा दिया। आरोप है कि उक्त व्यक्ति को आवास निर्माण हेतु पहली किस्त भी जारी कर दी गई है। जबकि गांव के कई ऐसे बहुत से पात्र व्यक्ति हैं जो टूटे-फूटे छप्पर वगैरह में रहते हैं इसके बावजूद उनके नाम आवास सूची में नहीं रखा गया।

फिलहाल पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को लिखे शिकायती पत्र देकर मानक विहीन तरीके से आवंटित आवास के निर्माण कार्य को रुकवाने और सरकारी धन के दुरुपयोग होने से बचाने और आवंटित धनराशि की रिकवरी कराए जाने को लेकर गुहार लगाई हैं।



### उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ पूरा हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश-दुनिया में लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ हर्षोल्लास व परंपरागत तरीके से सम्पन्न हो गया। इस मौके पर लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट पर छठवर्तियों ने भगवान भास्कर और छठी मैया से अच्छे स्वास्थ्य, शांति, वैभव और सौहार्द की कामना की। व्रतियों का 36 घंटे लंबा निर्जला व्रत भी शुक्रवार को पूरा हो गया।

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनेगी बिरसा मुंडा जयंती

- 15 से 26 नवम्बर तक मनाई जायेगी बिरसा मुंडा जयंती : मुकेश मेश्राम
- देशभर के जनजातीय कलाकार करेंगे कला और कौशल का प्रदर्शन : हरिओम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, पर्यटन विभाग, जनजातीय विकास विभाग अनुसूचित जाति एवं जनजाति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा इफ्को नई दिल्ली एवं संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुण्डा जी की जयन्ती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन 15 से 20 नवम्बर तक संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर लखनऊ के परिसर में किया जायेगा।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम तथा प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा हरिओम ने बताया कि पर्यटन विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, समाज कल्याण विभाग तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नई दिल्ली व इफ्को टोकियो इस कार्यक्रम के प्रायोजक रहेंगे।

प्रेस कान्फ्रेंस में प्रमुख सचिव पर्यटन ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी उत्सव में गुजरात, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा,



राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, अरूणांचल प्रदेश, गोवा, केरल, हिमांचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड, पंजाब तथा उ0प्र0 सहित 22 राज्यों के 600 से अधिक कलाकार अपने पारम्परिक नृत्य, संगीत, परिधान, वादयंत्रों का प्रदर्शन करेंगे। श्री मेश्राम ने बताया कि इस आयोजन में हस्त शिल्प के 100 से अधिक स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इसमें उत्तराखंड से इम्ब्रायडरी, हैंडलूम चादर, मध्य प्रदेश से बीडज्वैलरी, लेदरशिल्प, चंदेरी साड़ी तथा यूपी से खुर्दा पाट्री, ब्रास वर्क, बनारसी साड़ी, सुपारी के खिलौने तथा गाय के गोबर से बने उत्पाद व प्रधानमंत्री वनधन केन्द्रों में निर्मित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। आयोजन में देशी व्यंजन के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इस उत्सव में स्लोवाकिया तथा वियतनाम के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा. हरिओम ने बताया कि वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा लोक नायक बिरसा मुण्डा के जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इसके आयोजन हेतु सभी जिलों में 15 से 26 नवम्बर तक जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसके लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा 02 अक्टूबर को प्रारम्भ किये गये ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत प्रदेश के 517 जनजाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे सह सरकार्यवाह आलोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार 24 नवम्बर को गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस के सभागार में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के वंशज उदय राजे होलकर करेंगे। यह जानकारी सामाजिक समरसता विभाग के अवध प्रान्त के प्रमुख राजकिशोर ने दी। राजकिशोर ने बताया कि विश्व में सनातन हिन्दू संस्कृति एवं भारतीयता का परचम लहराने वाली पुण्यात्मा पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह मनाने का संकल्प सुनिश्चित किया गया है। अहिल्याबाई होलकर के जीवन परिचय व उनके करणीय कार्यों के साथ ही इनके आदर्श की जानकारी नई पीढ़ी को हो सके इस निमित्त यह कार्यक्रम तय किया गया है। यह कार्यक्रम अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह समिति अवध प्रान्त की ओर से आयोजित है। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि यहां पर अहिल्याबाई होलकर की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर अहिल्याबाई के जीवन पर आधातिर नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की जायेगी। संघ के सह सरकार्यवाह आलोक के हाथों अहिल्याबाई पर पुस्तक व फोल्डर का लोकार्पण भी किया जायेगा।

### यूपी सिंचाई विभाग स्टेनोग्राफर्स संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने नवीन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग स्टेनोग्राफर्स संघ का 34वां अधिवेशन एवं चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर नवीन भटनागर और महामंत्री पद पर महेंद्र प्रताप निर्वाचित घोषित किए गए। इस मौके पर आयोजित अधिवेशन में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिवेशन सिंचाई भवन के चौधरी चरण सिंह प्रेक्षागृह में अयोजित हुआ। इस मौके पर विभिन्न पदों के लिए चुनाव हुए। इसमें पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रान्तीय अध्यक्ष पद पर नवीन भटनागर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कविता तिवारी, उपाध्यक्ष योगेश शुक्ला, प्रान्तीय महामंत्री महेन्द्र प्रताप, संगठन मंत्री तौकीर अहमद, संयुक्त मंत्री पूर्व सचिन कुमार सरोज, संयुक्त मंत्री पश्चिम अंकित चिकारा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रविदास और ऑडिटर पद के लिए सुनील कुमार का चयन हुआ। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से चलाने की उम्मीद जताई गई। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### तीसरी मंजिल से गिरने से युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विराजखंड में शुक्रवार को बेटी की जन्मदिन पार्टी के बाद पिता की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि पार्टी के बाद शराब के नशे वो तीसरी मंजिल पर गए वहां से छलांग लगा दी। उन्हें आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोरखपुर के तिवारीपुर के रहने वाले सुशील कुमार (30) पुत्र स्वर्गीय राजाराम बिजली विभाग में इलेक्ट्रीशयन थे। उनकी पत्नी बबिता विभूतिखंड के विराजखंड में दिलीप कुमार ओझा के घर में केयर टेकर काम करती थी। बबिता अपनी 6 साल की बेटी के साथ रह रही थी। गुरुवार को बबिता की बेटी का बर्थडे था। जिसके लिए सुशील गोरखपुर से लखनऊ आए थे। गुरूवार-शुक्रवार की बीच रात करीब 3 बजे सुशील पार्टी के बाद नशे की हालत में तीसरे मंजिल पर गए। कुछ देर बाद तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। सुशील की चीख सुनकर उनकी पत्नी बबिता पहुंची। सुशील का खून से लथपथ शव जमीन पर पड़ा था। आनन फानन में उन्हें लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह ने बताया जांच की जा रही है। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

### किसान परिवार की आठ बेटियों का मल्टीनेशनल कंपनियों में चयन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में अंबर फाउंडेशन ने बी एम्प्लॉयबल अभियान के तहत सफल छात्राओं को सम्मानित किया। पहले बैच में 8 छात्राओं को सफलता मिली है। संस्था ने उन्हें ट्रेनिंग दी थी। संस्था के अध्यक्ष वफा अब्बास ने बताया कि हमारी बेटियों में टैलेंट की कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि उनके हुनर को पहचाना जाए और उसके अनुसार प्रशिक्षित किया जाए। संस्था अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों और किसान परिवार से आने वाली अधिकतर छात्राओं को कंप्यूटर और पर्सनालिटी डेवलपमेंट से संबंधित जानकारी नहीं होती है। यही कारण है कि अक्सर पढ़ी-लिखी बेटियां भी आत्मविश्वास की कमी के कारण नौकरी हासिल करने से चूक जाती है। हमारी संस्था समाज की ऐसी लड़कियों को प्रशिक्षित करती है। वफा अब्बास ने बताया कि प्रथम बैच से 8 लड़कियों का निजी कंपनियों में नौकरी मिली है। इनकी सफलता से समाज के अन्य युवाओं में आत्मविश्वास पैदा होगा। उन्होंने कहा-आज रोजगार हासिल करने वाली युवतियां खुद आत्मनिर्भर बनेगी। समाज के कमजोर तबके की भी सहायता करेंगी। एक दूसरे के सहयोग से ही समाज के अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ेगा।

# किसान न करें फॉस्फेटिक उर्वरकों का अग्रिम भंडारण : शाही

- कृषि मंत्री ने की रबी फसल के लिए उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश में रबी फसल के लिए आवश्यक उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा सरकारी आवास, 8 कालिदास मार्ग पर की।उन्होंने जिलों में डीएपी एन-18, पी-46 जैसे फॉस्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि रबी फसल की बुवाई में किसी प्रकार की बाधा न हो।उन्होंने कहा कि मैनपुरी, हाथरस, अयोध्या, अम्बेडकरनगर,



मुजफ्फरनगर और आगरा जिलों के लिए उर्वरक रैक शीघ्र पहुँचने वाले हैं और इन जिलों में गत वर्ष की खपत के आधार पर उर्वरक की प्राथमिकता तय कर आवश्यकतानुसार सीधे निकटतम जिलों में आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण व्यवस्था को फील्ड में जाकर स्वयं निगरानी करें। कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और किसानों द्वारा आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक खरीदजैसी गतिविधियों पर सख्त रोक लगाई जाए ताकि सभी किसानों को समय पर उचित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सके। सहकारी क्षेत्र में भी तुरंत उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उन क्षेत्रों में प्राथमिकता पर आपूर्ति करने के निर्देश दिए जहाँ फसलों की बुवाई चल रही है। कृषि निदेशक को उर्वरक निर्माताओं और प्रदायकों के साथ बैठक करते हुए अधिक से अधिक उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि फॉस्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता हो रही है, इसलिए बिना आवश्यकता के अग्रिम भंडारण न करें। गेहूं की बुवाई के लिए भी उर्वरक समय पर उपलब्ध रहेगा। बैठक में कृषि निदेशक जितेंद्र तोमर, संयुक्त निदेशक उर्वरक आशुतोष, अपर निबंधक सहकारिता धीरेंद्र कुमार सिंह और पीसीएफ के वरिष्ठ अधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बीमा संबंधी शिकायत बीमा लोकपाल कार्यालय में निःशुल्क दर्ज कराएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बीमालोकपाल लखनऊ अतुल सहाय ने बताया कि किसी व्यक्ति की यदि बीमा सम्बन्धी शिकायतों जिनका निपटारा बीमा कंपनियों के द्वारा न किया गया हो या वह अपनी शिकायत के निपटारे से संतुष्ट न हो तो उनके द्वारा बीमा कंपनियों के विरूद्ध बीमालोकपाल नियमावली, 2017 के नियम 14 के अंतर्गत अपनी शिकायत बीमालोकपाल कार्यालय में निशुल्क दर्ज कराई जा सकती है। शिकायतों का निपटारा अधिकतम 90 दिनों के भीतर हो जाता है।

विस्तृत सूचना वेबसाइट उपलब्ध है। बीमालोकपाल अतुल सहाय ने बताया कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय तथा भारत के राजपत्र भाग 11खंड-3 उपखंड (प) स. 439 दि0 11 नवम्बर, 1998 के द्वारा बीमालोकपाल की स्थापना सामान्य जनता को बीमा संबंधी शिकायतों का निःशुल्क निस्तारण करने हेतु की गयी है। बीमा लोकपाल कार्यालय प्रत्येक वर्ष 11 नवम्बर को 'बीमा लोकपाल दिवस' मनाता है तथा इस दिन समस्त बीमाधारको को बीमा संबधी शिकायतों को निःशुल्क निपटारा करने के लिए एक प्रभावी व संवैधानिक मंच का उपयोग करने के लिए जागरूकता अभियान चलाता है।

# पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास 2024 का आगाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास, 2024 का आगाज शुक्रवार को डॉ. अरूण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री, (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जन्तु उद्यान, उ0प्र0 द्वारा अवध वन प्रभाग, लखनऊ से किया गया। इस अभियान के तहत राज्यमंत्री द्वारा 20 जुलाई 2024 को कुकरैल नदी तट पर स्थापित सौमित्र वन वृक्षारोपण का निरीक्षण किया गया एवं सिंचाई करके पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास, 2024 की शुरूआत की गई।राज्यमंत्री द्वारा अवध वन प्रभाग, लखनऊ में पीपल की विषयवस्तु के आधार पर लोहिया पथ में किये गये 150 आयरन ट्री गार्ड वृक्षारोपण का भी निरीक्षण किया गया। प्रदेश में इस वर्ष वृक्षारोपण महाभियान में विरासत वृक्ष वाटिका की स्थापना वन विभाग द्वारा 11 जनपदों में किया गया है, जिसमें अवध वन प्रभाग, लखनऊ भी सम्मिलित है। अवध वन प्रभाग, लखनऊ में कुकरैल रेंज के अन्तर्गत सूगामऊ वन ब्लाक में स्थापित विरासत वृक्ष वाटिका का निरीक्षण कर



राज्यमंत्री द्वारा इसकी सराहना की गयी। अंत में मा0 राज्यमंत्री जी, (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा रोपित मृति वन का भी निरीक्षण किया गया एवं प्रत्येक सेवानिवृत्त अधिकारी द्वारा रोपित किये गये पौध की नाम पट्टिका लगाने के निर्देश दिये गये। वृक्षारोपण महाभियान, 2024 का मुख्य उद्देश्य पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ के अंतर्गत इस वर्ष पौधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु राज्यमंत्री द्वारा निर्देश दिये जा रहे हैं।

# लखनऊ में आज से गोमती पुस्तक महोत्सव का आयोजन

- मंडलायुक्त ने आयोजन स्थल गोमती रिवर फ्रंट का किया निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में 9 से 17 नवंबर तक गोमती पुस्तक महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें 1 हजार से अधिक स्टॉल और 200 से अधिक पब्लिशर हिस्सा लेंगे। पहली बार चिल्ड्रन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भी आयोजन होगा। उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब और डीएम सूर्यपाल गंगवार ने शुक्रवार को आयोजन स्थल गोमती रिवर फ्रंट का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई और बिजली-पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।





मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने कहा चिल्ड्रन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बच्चों की सबसे बड़ी फिल्में दिखाई जाएंगी। इसके लिए सभी विभाग एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा आज के दौर में इंटरनेट और सोशल मीडिया लोगों को डिस्ट्रैक्ट करने का काम कर रहे हैं। आज किताब फिर से रास्ता दिखाने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि आर्ट, कल्चर और लिट्रेचर का संगम गोमती नदी के किनारे देखने को मिलेगा। शब्द संसार, क्रिएटिव राइटिंग, चिल्ड्रन फिल्म कॉर्नर, ऑथर कॉर्नर, कल्चरल स्टेज कार्यक्रम का आयोजन होगा। एक संस्थान के डायरेक्टर युवराज मलिक ने बताया कि मॉर्निंग सेशन 10 से 1 बजे तक बच्चों के नाम रहेगा। देश के नामी लेखक यहां आएंगे। किताबों पर चर्चा और अनावरण लंच के बाद होगा। लेखक गंज में लेखक चर्चा करेंगे। नए लेखकों के लिए वर्कशॉप होगी।

कैरियर काउंसिलिंग कैंप और के लिए फ्री काउंसिलिंग कैंप का आयोजन होगा। कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को मिलेंगे। टिकट फ्री रहेगा।

### मौलाना यासूब अब्बास ने मध्य प्रदेश के सीएम को पत्र लिखकर जताई आपत्ति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने मध्य प्रदेश के



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर इंदौर के कागदीपुरा वाले इमामबाड़ा पर लगे धार्मिक पोस्टर पर आपत्ति जतायी है। अब्बास ने लखनऊ में पत्रकारों को बताया कि इंदौर में इमामबाड़ा पर पोस्टर लगने के बाद वहां के भाजपा के नगर उपाध्यक्ष एकलव्य गौड़ और अन्य नेताओं के आपत्तिजनक बयान आए, जिससे शिया समुदाय आहत हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# राज्य महिला आयोग के प्रस्ताव को कांग्रेस ने महिलाओं को दबाने व कमजोर करने का बताया प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए एक प्रस्ताव दिया है। राज्य में अब पुरुष टेलर महिलाओं के कपड़े सिलने के लिए उनके नाप नहीं ले सकेंगे। इसके लिए महिला टेलर रखना होगा।

वहीं, जिम में भी महिलाओं के लिए अलग से महिला ट्रेनर रखने का प्रस्ताव दिया गया है। उनके इस प्रस्ताव पर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि महिलाओं को दबाने कमजोर करने




का यह तानाशाही फैसला है। अंशू अवस्थी ने राज्य महिला आयोग के प्रस्ताव पर कहा कि महिलाएं अपने बारे स्वयं निर्णय ले सकती हैं। उनके ऊपर किसी का निर्णय थोपा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा महिलाएं चाहें, तो पुरुष टेलर से माप कराएं या किसी भी जिम में जाएं। यह यह महिला के स्वविवेक का निर्णय है। इस प्रकार का आदेश तानाशाही रवैया है।

महिला सुरक्षा के नाम पर भाजपा सरकार के ऐसे निर्णयों से उनके अधिकारों का हनन कर रही है, जबकि आज की तारीख में देश में यूपी में सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। सरकार बलात्कारियों को बचाती रही है। अवस्थी ने कहा, सरकार महिलाओं की सुरक्षा का प्रबंध करें, न कि अधिकारों पर डाका डाले।

# एनएसयूआई नेता ने सपा के समर्थन में लगाई होर्डिंग

- यूपी में पोस्टर वॉर का सिलसिला जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में पोस्टर/होर्डिंग वॉर का सिलसिला जारी है। समाजवादी पार्टी (सपा) और विपक्षी गठबंधन की ओर से कांग्रेस के समर्थन में एक होर्डिंग लगवाई गई है। कांग्रेस के छात्र नेता ने शुक्रवार को सपा के समर्थन में होर्डिंग लगवाई है। दरअसल एनएसयूआई नेता आर्यन मिश्रा द्वारा उप्र की राजधानी लखनऊ में आज लगवाई एक होर्डिंग में भाजपा पर निशाना साधा है। उनके द्वारा लगवाई होर्डिंग में लिखा है कि बंटोगे तो कटोगे का नारा देने वालों के मंसूबे तोड़ेंगे। हम




इंडिया (आईएनडीआईए) गठबंधन के सिपाही यूपी में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा के नारे बंटोगे तो कटोगे को लेकर लगातार विपक्ष अलग-अलग नारे निकाल रहे हैं। हालांकि उपचुनाव में यह नारे या पोस्टर/होर्डिंग वॉर कितना प्रभावी साबित होंगे यह तो प्रदेश की 09 सीटों पर 20 नवम्बर को चुनाव के बाद आने वाली 23 तारीख के नतीजों के बाद पता चलेगा।

**पहल** | छात्रों के लिए पूर्वदशम् और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की समय सारिणी का दूसरा चरण शुरू

# छात्रवृत्ति से संवरेगा ओबीसी छात्रों का भविष्य

- 15 जनवरी 2025 तक किए जा सकते हैं पूर्वदशम् और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में आवेदन
- 25 फरवरी 2025 तक सभी पात्र छात्रों को वितरित कर दी जाएगी छात्रवृत्ति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के लिए पूर्वदशम् और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की समय सारिणी का दूसरा चरण शुरू कर दिया है। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देना और उनके आर्थिक बोझ को कम करना है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राज्य में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों और अन्य उच्च कक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं का द्वितीय चरण जारी कर दिया गया है। इसके तहत छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करने और जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

इस पहल का उद्देश्य राज्य के ओबीसी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे बिना आर्थिक बाधाओं के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, डॉ. वंदना वर्मा ने जानकारी दी कि छात्रवृत्ति



योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटाइज्ड कर दिया गया है, जिससे पारदर्शिता और त्वरित वितरण सुनिश्चित हो सके। ओबीसी छात्रों को https://scholarship.up.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। द्वितीय चरण की समय सारिणी के अनुसार 31 दिसंबर 2024 तक सभी शिक्षण संस्थानों को मास्टर डाटा में सम्मिलित किया जाएगा। इसके बाद 5 जनवरी 2025 तक विश्वविद्यालय, एफिलिएटिंग एजेंसियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा फीस आदि का सत्यापन पूरा किया जाएगा। इस योजना के तहत कक्षा 9-10 के छात्रों के लिए पूर्वदशम् छात्रवृत्ति और कक्षा 11-12 के छात्रों के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आवेदन 15 जनवरी 2025 तक किए जा सकते हैं। इसके बाद 18 जनवरी 2025 तक शिक्षण संस्थानों को छात्रों के आवेदन सत्यापित करने और आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों को समय पर वित्तीय सहायता मिल सके और उनकी पढ़ाई में कोई रुकावट न आए। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि छात्रवृत्ति की राशि छात्रों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाए। 25 फरवरी 2025 तक सभी पात्र छात्रों को पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से छात्रवृत्ति की राशि वितरित कर दी जाएगी। इस त्वरित प्रक्रिया से राज्य में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए इस छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य न केवल उनकी आर्थिक मदद करना है, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना और उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना भी है। यह योजना राज्य के पिछड़े वर्ग के छात्रों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल राज्य के युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस योजना से लाखों छात्रों को लाभ होगा और उनके लिए शिक्षा की राह को और भी सुगम बनाया जाएगा।

# पुलिस-चौकी में चाकू लेकर महिला ने बनाई रील, लेडी डॉन के नाम से है मशहूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ के पारा के हंसखेड़ा पुलिस चौकी पर शुक्रवार को एक महिला का हाथ में चाकू लहराते हुए रील बनाने का वीडियो सामने आया। वीडियो को महिला ने अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी। महिला लाल रंग की साड़ी में कमर में चाकू लगाकर पुलिस चौकी पहुंची थी। चौकी पर कोई नहीं मिला तो चाकू लहराते हुए रील बनाने लगी। इसके बाद अपने कॉलोनी में भी चाकू का खुलेआम प्रदर्शन किया।

महिला इलाके में लेडी डॉन के नाम से मशहूर है। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर चाकू बरामद कर लिया है। वीडियो में महिला लाल साड़ी में पुलिस चौकी में रील बनाते दिख



रही है। पुलिस की मूवर बाइक यूपी 32 ईजी 6503 खड़ी है। चौकी में पुलिसकर्मी नहीं हैं और दरवाजा बाहर से बंद है। महिला कमर से चाकू निकालती है और 'एक तोते से बोली मैना..... क्या कहना' गाने पर रील बनाने लगती है। वहां से स्कूटी (यूपी 32 एचडी 8144) पर बैठकर चाकू लहराते हुए पुरानी कांशीराम कॉलोनी पहुंचती है। फिर उसी लाल साड़ी में वहां भी चाकू लहराते हुए रील बनाई। इसके बाद हिमांशी यादव 505 नाम की इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी।

थाना प्रभारी बृजेश वर्मा ने बताया कि पुरानी कांशीराम कॉलोनी में 71 नंबर ब्लॉक की रहने वाली हिमांशी यादव उर्फमान्सी पत्नी विनोद यादव का गुरुवार रात कांशीराम कॉलोनी में किसी से विवाद हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। महिलाओं का विवाद होने पर पुलिस ने उसे सुबह चौकी पर बुलाया था। शुक्रवार सुबह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी छठ पूजा में लगी थी। चौकी पर पुलिस कर्मी न होने पर महिला ने रील बनाई है। पुलिस ने मान्सी को हिरासत में लेकर उसके पास से चाकू बरामद कर स्कूटी को सीज कर दी है। कॉलोनी में वह लेडी डॉन के नाम से मशहूर है।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से किशोर की मौत,दो घायल

- छठ पूजा देखने जा रहे थे छपिया मंदिर, हुआ हादसा
- हादसे के बाद छठ पूजा की खुशियां मातम में बदली, परिजनों में कोहराम



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले में छपिया पुलिस की फिर से बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां मसकनवा में पुलिस की मिलीभगत से अवैध मिट्टी खनन के बड़े पैमाने पर चल रहे कारोबार के चलते मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली से बाईक सवारों की हुई टक्कर में एक किशोर की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और छपिया पुलिस को जानकारी दी। घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया पहुंचाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज अयोध्या रेफर कर दिया गया। दुर्घटना मसकनवा पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर हुई। जहां चौकी के बगल ही मिट्टी गिराई जा रही थी। हादसे के बाद छठ पूजा की खुशियां मातम में बदल गईं और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा है?मिली जानकारी के मुताबिक घटना छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा कस्बे से जुड़ी है। मसकनवा- बभनान मार्ग पर शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अयोध्या मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है जहां एक की हालत? नाजुक बताई जा रही है। छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा रानीजोत निवासी बिंद्रा प्रसाद कौशल का परिवार शुक्रवार की सुबह छठ पूजा के लिए छपिया स्थित स्वामी नारायण मंदिर गया था। परिवार के साथ गणेश कौशल पुत्र बिंद्रा प्रसाद कौशल (17) अपने साथी शिवाजी गुप्ता पुत्र श्याम बाबू गुप्ता (15) व वशिष्ट गुप्ता पुत्र वासुदेव गुप्ता (17) भी थे। तीनों किशोर एक ही बाइक पर सवार थे। वह मसकनवा बभनान मार्ग पर भवाजीतपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों किशोर बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे। इस हादसे में शिवाजी गुप्ता(15) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि गणेश व वशिष्ट गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और छपिया पुलिस हादसे की जानकारी दी। घायलों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया पहुंचाया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में दोनों का इलाज चल रहा है। डाक्टरों के मुताबिक वशिष्ट की हालत नाजुक बनी हुई है। इस हृदयविदारक घटना ने केवल मृतक के परिजन ही नहीं बल्कि पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। छठ के पवित्र त्योहार पर हुई इस घटना से उल्लास को गहरे शोक में बदल दिया है। बताया जाता है कि जिम्मेदार प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में क्षेत्र में बिना अनुमति के बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन का काम तेजी से चल रहा है। मसकनवा चौकी से चन्द कदमों की दूरी पर पूरी रात मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली से ट्रांसपोर्टिंग कर गिराई जा रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। घायलों का इलाज अयोध्या में जारी है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# घटतौली के आरोप में कोटा निलंबित, जाँच जारी

तरबगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

15 दिन के अन्दर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंगहा चंदा के कोटेदार के खिलाफ हुई शिकायत पर की गई जांच में शिकायत सही पाये जाने पर कोटे की दुकान निलंबित कर दी गई है और अख्या साक्ष्य के साथ 15दिन के अन्दर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

बता दें की सिंगहा चंदा गाँव निवासी शंकरलाल पुत्र बलदेव आदि ने कोटेदार महेश कुमार के खिलाफ डीएम गोन्डा से की शिकायत में कहा की उक्त कोटेदार अन्तोदय कार्ड पर 35किग्रा के स्थान पर 28किग्रा देते है व पात्र गृहस्ती के कार्ड पर प्रति यूनिट 4किग्रा देते है अंगूठा लगवा लेते है और पर्ची नही देते है पूछने पर अभ्रदता करते है व जालसाजी कर घटतौली करते है जिससे पूरे गाँव के लोग परेशान है जिस पर डीएम ने तहसीलदार तरबगंज को जाँच कर आख्या देने का निर्देश दिया था।

तहसीलदार तरबगंज ने मौके पर जाकर जाँच की तो शिकायत सही पाई गई गाँव वालो के ब्यान के साथ रिपोर्ट भेज दी गई जिस पर जिलापूर्ति अधिकारी ने कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से उचित दर विक्रेता की दुकान निलंबित कर दी गई है और कोटेदार महेश कुमार को साक्ष्य के साथ 15दिन में आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो. के अध्यक्ष बने सालिक राम त्रिपाठी

- चुनाव अधिकारी ने संगठन के पदाधिकारी को बधाई दी



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का अधिवेशन गांधी पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें वार्षिक चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। संगठन के सभी पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए , लेकिन जिला मंत्री के पद पर चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में पी पी मिश्रा व एसपी सिंह मौजूद रहे।

पर्यवेक्षक की भूमिका में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा व प्रशासनिक पर्यवेक्षक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय गोविंद शाह ने निभाई। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का अध्यक्ष सालिक राम त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश भारती, उपाध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, संगठन मंत्री अवधेश तिवारी संयुक्त मंत्री दिवाकर, कोषाध्यक्ष अब्दुल खालिद, संप्रेक्षक के पद पर अवधेश तिवारी निर्विरोध चुने गए। जिला मंत्री के पद पर चुनाव हुआ, जिसमें आनंद सिंह तथा सुधीर कुमार शुक्ला ने नामांकन किया। इस पद के चुनाव में कुल 133 मत पड़े जिसमें से 103 मत पाकर सुधीर शुक्ला विजई रहे तथा आनंद कुमार सिंह को 30 मत पाकर संतोष करना पड़ा। चुनाव अधिकारी ने संगठन के पदाधिकारी को बधाई दी। इस दौरान कुलदीप मणि त्रिपाठी, सुधाकर पांडेय, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सुधांशु मिश्रा समेत काफी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

# उगते सूर्य की विधवत पूजा के बाद गीत संगीत पर झूमते रहे श्रद्धालु



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** बिहार का महापर्व छठ पूजा अब धीरे-धीरे पूरे भारत में अपनी अलग पहचान बनाता जा रहा है सिर्फ बिहार की महिलाएं नहीं बल्कि प्रत्येक विवाहित महिला अपने पति व पुत्र की लंबी आयु हेतु भगवान सूर्य के सूर्यास्त को प्रणाम करते हुए दूसरे दिन सूर्योदय की प्रथम किरण को प्रणाम करते हुए उन्हें जल अर्पित करती है! निर्जला उपवास रहकर सूर्य की पूजा अर्चना व आरती करती है इसी क्रम में आवास विकास गरीबी पुरवा निवासी उदय कुमार श्रीवास्तव के घर के समक्ष एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने निर्जला उपवास रहकर सूर्यास्त हो रहे सूर्य की पूजा के उपरांत दूसरे दिन प्रातः सूर्य को जल अक्षत पुष्प अर्पित करते हुए भावपूर्वक उतारी आरती जिस समय उदय कुमार श्रीवास्तव उर्मिला श्रीवास्तव, प्रियंका, पूजा, सुषमा तिवारी, गायत्री मिश्रा, रीना, मनीष श्रीवास्तव, रवि के साथ ही मोहल्ले के दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे भगवान सूर्य के प्रातः किरण की पूजा अर्चना के बाद मानव पूरा मोहल्ला धार्मिक संगीत से गूंजायमान हो गया बडे बुजुर्ग बच्चे महिलाएं भक्ति गीत पर खूब मस्ती के रंग में झूमते नजर आए।

# सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव पर जायसवाल समाज ने किया रक्तदान

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



जायसवाल समाज के कुल देवता राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन के जन्मोत्सव पर आज डॉक्टर एससीपीएम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में जायसवाल समाज गोंडा द्वारा 11 यूनिट निःशुल्क रक्तदान किया गया, रक्तदान करने वालों में देवेंद्र जायसवाल, शशांक जायसवाल, राम आशीष जायसवाल, शक्ति सामंत जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, नवीन जायसवाल नन्हें, विशाल जायसवाल, संजय जायसवाल, दीपमाला जायसवाल, अंजना जायसवाल, राकेश पांडे आदि रहे। मौके पर जायसवाल समाज गोंडा के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, महामंत्री पवन जायसवाल, आशीष जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल, मनोज जायसवाल आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत 3 वर्षों से हमारा समाज अपने कुल देवता के जन्मोत्सव के अवसर पर निःशुल्क रक्तदान करता चला रहा है एवं कल दिनांक 9 नवंबर 2024 दिन शनिवार को सायं 5 बजे से गांधी पार्क के टाउन हॉल में जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया है।

जिसमें जायसवाल समाज के ऐसे बच्चे जिन्होंने वर्ष 2024 में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं उन्हें सम्मानित एवं पुरष्कृत किया जाएगा। साथ ही समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

समाज के अति वरिष्ठजन एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। और अंत में समापन के उपरांत रात्रि भोज की भी व्यवस्था की गई है, संस्था द्वारा जनपद के समस्त जायसवाल परिवार से अनुरोध किया गया है कि जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

## खबरें एक नजर में

### राम कथा सुंदर कर्तारी- रवि शंकर

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा आयोजित श्री बालाजी महोत्सव कार्यक्रम में बुधवार को नूरा मल मंदिर के प्रांगण में कथा में कथा वाचक पं. रवि शंकर गुरु भाई ने कहा कि भगवान की श्री राम कथा दिव्य मानी गई है रामायण का अर्थ होता है राम धन अयन यानी राम जी का घर जब हम रामायण सुनते हैं या उसका पाठ करते हैं कथा के दूसरे दिन की कथा में दक्ष यज्ञ विद्धवंश, पार्वती जी की तपस्या एवं शिव विवाह का प्रसंग सुनाया गया है। कथा में संगीत और सज्जा पर शिवा पंडित की टीम रही कथा में मृदुल भजनों की अमृत वर्षा में भक्तों संग आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने नृत्य कर भक्तिभाव से गोते लगाये कथा की समाप्ति पर आरती हुई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सुनील कुमार रस्तोगी, संतोष सोनी, प्रतीक टंडन, गौरव रस्तोगी, शानू कसौधन , बीनू कुशवाहा,अजय कसौधन, अंकित मिश्रा, अनुराग शर्मा,अभिषेक गुप्ता,चन्दन आर्य, अभिनाश गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गुण्डा एक्ट के तहत चार अपराधी जिला बदर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 04 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना मोतीपुर अन्तर्गत ग्राम मटेहीकलां नि. राकेश उर्फ रामकेस व राम उग्रह उर्फ उग्रे तथा थाना पयागपुर अन्तर्गत ग्राम गुलहरिया दा. त्रिकोलिया नि. राम प्यारे व रमेश कुमार को 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है।

### भाभी ने ननद पर किया ईंट से हमला, जिला अस्पताल रेफर



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के टेड़वा उजार गांव में एक महिला पर पड़ोसी महिला ने ईंट से हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव निवासी हाजरा पत्नी निसार का मायका टेड़वा उजार गांव के मजरा साइन टेपरा गांव में है। महिला इस समय अपने मायके में है। महिला का अपनी भाभी रुकैया बेगम से पुराना विवाद चल रहा है। शुक्रवार को रंजिश में भाभी ने अपनी ननद को अपशब्द कहे। इसका विरोध करने पर रुकैया बेगम ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच बराव कराया। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### राहिया बिजली घर में तैनात एई भ्रष्टाचार लापरवाही के प्रतीक बने

**उरई,जालौन।** जनपद के विद्युत महकमे का खेल भी बड़ा निराला है। जब विभागीय अधिकारी ही स्वेच्छाचारिता करने पर उतारू हो जाते हैं तो फिर अन्य कर्मियों को भी अपनी मनमर्जी दिखाने का अवसर स्वतः ही मिल जाता है। यहां बात कर रहे हैं राहिया बिजली घर में तैनात अवर अभियंता सत्यप्रकाश की जो मूलरूप से कानपुर के निवासी बताये है और उनकी पोस्टिंग जिले के राहिया बिजली घर पर है। लेकिन वह अक्सर ही अपने कानपुर स्थित आवास पर आराम फरमाते के आदी हो चुके हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो विभागीय अधिकारी इस सच्चाई अनजान नहीं हैं।

# कोटेदार व पूर्ति अधिकारियों की मिलीभगत से हो रही जालसाजी

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड कटरा बाजार अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटिया मदारा में कोटेदार द्वारा जालसाजी और कूटरचना कर अंत्योदय कार्ड का गलत लाभ उठाने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के निवासी दीप नरायन शुक्ला उर्फ दीपक शुक्ला ने जिलाधिकारी को शिकायत प्रार्थना पत्र देकर कोटेदार मंजू देवी,उनके परिजनों तथा जिला पूर्ति अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत के मुताबिक ग्राम पंचायत कोटिया मदारा की महिला कोटेदार मंजू देवी ने अपने ननद का नाम अंत्योदय कार्ड संख्या-218320049181 में जोड़कर,जो कि अनुसूचित वर्ग की पूजा पत्नी दूधनाथ के नाम है,लंबे समय से लाभ लिया है। यह कृत्य कानूनी दृष्टि से जालसाजी की श्रेणी में आता है। इसी तरह,अंत्योदय कार्ड संख्या-218320910975, जो श्याम मनोहर तिवारी के नाम से है,उक्त कार्डधारक वर्षों पहले अन्य प्रदेश चला गया था।

कोटेदार द्वारा इस कार्ड में अपने पुत्र सचिन तिवारी और पुत्री शालिनी का नाम जोड़कर लाभ लिया गया। प्रार्थना पत्र में आरोप है कि पूर्व में भी कोटेदार और उनके पति हीरालाल के नाम पर बना कार्ड निरस्त किया गया था, परन्तु किसी प्रकार की रिकवरी या कड़ी कार्यवाही नहीं की गई, जो विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता को दर्शाता है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व सम्पन्न

- महिलाओं ने जल में उतरकर मांगी मुराद

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



लोक आस्था के महापर्व छठ को धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने अलग-अलग घाटों पर डूबते सूर्य को अर्घ देकर छठ मैया के गीत गाए और पूजन अर्चन की। सरयू तट पर बेरिया मंदिर, गोलवा घाट और झिगहा घाट समेत ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। महिलाओं और पुरुषों ने छठ मैया की आराधना करते हुए सुख समृद्धि और दीर्घायु जीवन की कामना की। जिला प्रशासन ने छठ पर्व को सकुशल संपन्न करने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे घाटों पर पुलिस बल तैनात किया गया। और बैरिकेडिंग की गई ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से फ्लड पीएसी और नावो की व्यवस्था भी की गई थी।

शुक्रवार भोर उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ समापन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया। प्रशासन ने घाटों पर प्रकाश व्यवस्था की भी खास तैयारी की थी। और श्रद्धालुओं से गहरे पानी में न जाने की लगातार माइक से अपील की जा रही थी। श्रद्धालुओं का कहना है कि छठ पर्व में सूर्य देव और छठ मैया की आराधना से घर परिवार में सुख शांति और समृद्धि आती है। घाटों पर श्रद्धालु आस्था और भक्ति में डूबे नजर आए और माहौल छठ मैया के गीतों से गूंजता रहा। धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व,पुलिस रही मुस्तैद सरोवरों में महिलाओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य देकर व्रत का शुभारंभ किया। विशेश्वरगंज क्षेत्र के पुरैना बाजार राम जानकी मंदिर सरोवर , झूला घाट, पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने पति व संतान की लंबी आयु स्वास्थ्य उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उपवास रखा। इस अवसर पर विशेश्वरगंज थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। इस दौरान विकास खंड अधिकारी विशेश्वरगंज सर्वेश कुमार तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी सतवंत सिंह , भूपेंद्र तिवारी व मंदिर समिति के सदस्य, सहित तमाम लोग व्यवस्था को देखते रहे।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट ओपन वर्ग में खिलाड़ी दिखा रहे अपनी प्रतिभा

- तीसरे दिन ओपेन वर्ग में खेले गए 86 मुकाबले, बहराइच की विदुषी जायसवाल को डबल क्राउन

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के तत्वाधान में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही स्व.मदनलाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन ओपेन वर्ग में सिंगल व डबल्स के 86 मुकाबले खेले गये। बालिका एकल अंडर 15 वर्ग में बहराइच की विदुषी जायसवाल आज सेलेब्रिटी बनती दिखलाई दी। विदुषी ने बहराइच की ही अपनी साथी प्रतिद्वंदी अरूणिमा यादव को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 21-10, 18-21, 21-10 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया।

बालिका वर्ग अंडर 15 युगल मुकाबले में भी बहराइच की विदुषी जायसवाल और अरूणिमा यादव की जोड़ी ने अयोध्या की काव्या दूबे व तनु पाल को 21-12, 21-10 के आसान सेटों में हराकर जीत का सेहरा अपने नाम किया। खबर लिखे जाने तक मिली जानकारी के अनुसार अंडर 15 एकल बालक वर्ग के सेमीफाइनल में ऐश्वर्य वर्मा बाराबंकी ने लखनऊ के हिमांश राज को 21-11, 21-15 से हराकर तथा रजत तिवारी लखनऊ ने लखनऊ के ही प्रद्युम्न मिश्र को 21-10, 21-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर 17 एकल बालक वर्ग के सेमीफाइनल में हुसेन अंसारी गोरखपुर ने लखनऊ के शिवम यादव को 21-10, 21-14 से तथा ऐश्वर्य वर्मा बाराबंकी ने बहराइच के पृथ्वी सांस्कृत्यान को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 21-10, 18-21 व 21-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। ओपेन वर्ग में आदित्य चंद मिश्रा बहराइच व मुकुल वर्मा लखनऊ के मध्य खेले गये मैच में आदित्य 30-17 से विजयी रहे।

आज की स्पर्धाओं में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करन वीर सिंह ने मैदान पर पहुंच कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट संयोजक श्यामकरन टेकड़ीवाल, ओलम्पिक एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज कुमार गुप्ता, कुसुमेन्द्र सिंह, आदि ने कोर्ट में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



# महिला आरक्षियों से मारपीट कर वर्दी उतरवाने की दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली नगर में तैनात महिला आरक्षियों से एक युवक ने रात में जिला अस्पताल के निकट विवाद किया। वर्दी उतरवाने की धमकी देकर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। कोतवाली नगर के जिला अस्पताल में महिला आरक्षी पायल पांडेय और विनीता सिंह गुरुवार रात को ड्यूटी कर रही थी। इसी दौरान रानीपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर रैकवारी ग्राम पंचायत के मजरा भानपुर निवासी विपिन सिंह पुत्र हरिकेश सिंह आ गया। ड्यूटी के दौरान महिला सिपाहियों ने उसे रस्ते से हटने की बात कही। इसी बात को लेकर विपिन सिंह, महिला आरक्षियों से उलझ गया।वर्दी उतरवाने की धमकी दी। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि महिला आरक्षी पायल की तहरीर पर केस दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बिना पंजीकरण के चलते मिले तीन केंद्रों को भेजा नोटिस

- दो पैथालॉजी और एक अस्पताल संचालक से मांगा गया जवाब

मिहीपुरवा, बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

जिले के रामपुर धोबियाहार में बिना पंजीकरण के एक अस्पताल और दो पैथालॉजी संचालित मिला। जिस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। जवाब न मिलने सीजर की चेतावनी दी गई है।जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जगह जगह बिना पंजीकरण के प्राइवेट अस्पताल और जांच केंद्र संचालित है। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों द्वारा स्वास्थ्य विभाग से की गई। जिस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच शुरू की गई है। सीएमओ डॉक्टर संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुराग वर्मा ने टीम के साथ गुरुवार को रामपुर धोबियाहार बाजार जांच की। यहां पर दो पैथालॉजी और एक अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित होता मिला। जिस पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने नोटिस जारी किया है। डॉक्टर अनुराग ने बताया कि बिना पंजीकरण के जांच केंद्र और अस्पताल का संचालन गलत है।

### आईटीएम गीडा में नवारंभ इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सहजनवा गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर में एआईसीटीई और डॉ एपीजे अब्दुल कमा प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा अनिवार्य नवप्रवेशित छात्रों के लिए नवारंभ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया ) के अध्यक्ष इं वी बी सिंह ने शिरकत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को संस्थान की संस्कृति, शिक्षा पद्धति, और विभिन्न विभागों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत मे संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने सभागार मे मुख्य अतिथि एवं सभागार मे उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशित छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# जांच कमेटी ने डीपीआरओ को दी क्लीनचिट, डीएम को सौंपी रिपोर्ट

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

हरदी थाना क्षेत्र निवासी एक छात्रा ने शौचालय दिलवाने के नाम पर डीपीआरओ और प्रभारी एडीओ पंचायत पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र भेजा था। पांच सदस्यीय टीम ने डीएम को गुरुवार शाम को रिपोर्ट सौंपी। जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप गलत मिले। जिला पंचायत राज अधिकारी व प्रभारी सहायक विकास अधिकारी के विरूद्ध किसान डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाली परास्नातक की एक छात्रा ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। शिकायती पत्र के आधार पर डीएम ने जांच कमेटी बनाई और। प्राप्त शिकायती पत्र के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय टीम का गठन डीएम मोनिका रानी ने किया था। प्रकरण की जांच में पाया गया कि प्रथम दृष्टया शिकायत असत्य एवं निराधार है तथा शिकायत के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी व प्रभारी सहायक विकास अधिकारी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। हालांकि अवकाश के दिन डिग्री कॉलेज बंद होने पर भी गुरुवार को हुई जांच कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

# छापे से पहले तीन खाद के दुकान मिली बंद, लाइसेंस निलंबित

- जिला कृषि अधिकारी ने की कार्यवाही

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



जिले के जरवल क्षेत्र में संचालित खाद की दुकानों का जिला कृषि अधिकारी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर तीन दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खाद की दुकानों पर छापेमारी के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सूबेदार यादव ने तहसील कैसरगंज के जरवल क्षेत्र में उर्वरक विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बिना किसी सूचना के उर्वरक विक्रय केंद्र बंद करके भाग जाने के कारण मनोहर खाद भंडार जरवल रोड, श्री बालाजी किसान सेवा केंद्र एवं एग्री जंक्शन वन स्टाप साप धवरिया चौराहा का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पोस मशीन से आधार कार्ड से खतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमित बरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी तो उसके विरुद्ध केस दर्ज कराया जाएगा।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 'छठ' का हुआ समापन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।





छठ पर्व के पावन अवसर पर रायबरेली के सई नदी और शारदा नगर में श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां व्रत के अंतिम दिन व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत समाप्त किया।

**सूर्य की पहली किरण के साथ शुरू हुआ स्नान:** छठ पर्व के दौरान व्रतियों ने न सिर्फ व्रत रखा बल्कि अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि के लिए पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ सूर्यदेव की पूजा-अर्चना भी की। सुबह जैसे ही सूर्य की पहली किरण घाटों पर पहुंची, व्रतियों ने स्नान कर सूर्यदेव को जल अर्पित किया।

**महिलाओं ने उगते सूर्य की पूजा की:** स्थानीय घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने लायक थी, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भक्तिभाव के साथ सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। वहीं, हर तरफ छठी मैया के गीत सुनाई दे रहे थे। शहरी क्षेत्र में चारों घाटों पर सुबह चार बजे से ही नदियों के किनारे व घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाएं सिर पर मौसमी सब्जी, फल व व्यंजनों से भरी टोकरियां लेकर घाटों पर पहुंचीं और पूरे विधि-विधान से पूजा करने के बाद नदी में खड़े होकर उगते सूर्य की पूजा की तथा अर्घ्य देकर व्रत तोड़ा।

**घाटों पर गोताखोरों की टीम तैनात की गई:** जिला प्रशासन ने घाटों की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर ली थी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए गोताखोरों की टीम तैनात की गई थी और घाटों पर बैरिकेडिंग कर उन्हें समतल किया गया था। सैकड़ों वेदियां भी बनाई गई थीं।

**देशवासियों को छठ व्रत की दी बधाई:** सभी देशवासियों को छठ व्रत की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि छठ पर्व पर शामिल होने का यह उनका पहला अवसर है। जिस श्रद्धा भाव से इस छठ पर्व को माताएं बहने रखती हैं वह अद्भुत है। यह पर्व बिहार या पूर्वांचल के लोगों का न होकर पूरे देश का होना चाहिए। क्योंकि जिस कठिन परिस्थिति में इस व्रत को पूर्ण किया जाता है उस से मां छठी मैया और भगवान सूर्य परिवार की दीर्घायु व सुख समृद्धि बनाये रखते हैं।

# रोटावेटर पर चढ़ते समय फिसला पैर, युवक की मौत

▸ रोटावेटर की स्प्रिंग में फंसने से हुआ हादसा

हरचंदपुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



खेत जोतते समय ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मामला रायबरेली जिले के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के भखवारा गांव मजरा जोहवाशर्की का है। यहां रहने वाले युवक गुड्डू लोध (28 वर्ष) पुत्र जगन्नाथ लोध की रोटावेटर से कटकर मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति गेहूं की फसल की बुवाई के लिए ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर से खेत की जुताई कर रहा था। जब ट्रैक्टर और रोटावेटर चल रहा था, तभी पीछे से रोटावेटर पर चढ़ने के प्रयास में गुड्डू का पैर फिसल गया, जिससे रोटावेटर में लगी स्प्रिंग फंस गई। जिससे कटकर युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**चालक मौके से फरार:** थाना प्रभारी हरचंदपुर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है तथा शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। घटना में शामिल ट्रैक्टर व रोटावेटर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया है।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट करना और जान से मारने की धमकी देने पर पांच के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा




**महराजगंज रायबरेली।** मारपीट करना और जान से मारने की धमकी देने पर सुसंगत धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा वादी तेज बहादुर पुत्र राम केवल निवासी ग्राम जेतुवा टप्पे थाना महराजगंज जनपद रायबरेली ने बताया कि विपक्षी राम सजीवन पुत्र नकछेद दिवाकर पुत्र राम सजीवन बेचू लाल पुत्र सुखई अमित पुत्र बेचू लाल शुभम पुत्र राम केवल निवासीगण जेतुवा टप्पे थाना महराजगंज के द्वारा वादी के गांव के लड़के शैलेंद्र के साथ गाली गलौज देते हुए मारपीट करना तथा जान से मारने की धमकी देना ।वहीं कोतवाली पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन आज

**डलमऊ रायबरेली।** शंभू मुखिया सेवा संस्थान एवं वी आर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन 9 नवंबर को ब्लॉक परिसर डलमऊ में रात्रि 8:00 बजे से आयोजित किया गया है कवि सम्मेलन में चरण सिंह बशर, डॉ राजीव राज, डॉक्टर ओम प्रकाश नदीम, डॉक्टर ओमप्रकाश नूर, राम नारायण रमण, नाज़ प्रतापगढ़ी ,जय चक्रवर्ती ,मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल, रमाकांत, मन्नान सुल्तानपुरी आदि कवि एवं शायर काव्य पाठ करेंगे। यह जानकारी कवि वाई.वेद प्रकाश ने दी है।

### जमीनी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

**बछरावां रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के थुलेंडी गांव की रहने वाली पूनम पत्नी रामबहादुर ने बृहस्पतिवार देर शाम कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि जमीनी बंटवारे की रंजिश को लेकर गांव के रहने वाले कृष्णा कुमारी पत्नी राम सजीवन, सुशीला पत्नी राम हेतु, नान्कू पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मण बृहस्पतिवार शाम लाठी डंडे लेकर उनके घर आए और उनसे अभद्रता करने लगे विरोध करने पर लाठी डंडों से पिटाई कर दी। चीख पुकार पर जब ग्रामीण इकट्ठा हुए तो सभी मौके से फरार हो गए। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दो युवकों का फोन छीन बाइकसवार हुए फरार

**बछरावां (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के लकडियां खेड़ा गांव का रहने वाला महेंद्र कुमार यादव पुत्र राम प्रताप ने कोतवाली में तहरीर देकर बृहस्पतिवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने खेतों से राजामऊ रोड से घर जा रहा था तभी दो युवक जो अपाची गाड़ी से सवार होकर उसे रोक कर मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए। यह फोन उनको उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिव महाविद्यालय पश्चिम गांव में पढ़ाई के दौरान मिला था। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात युवकों की तलाश की जा रही है।

### बाइक की आमने-सामने टक्कर में पांच घायल

**महराजगंज रायबरेली।** बाइक की आमने–सामने की टक्कर में पांच हुए घायलसड़क दुर्घटना में कई हुए घायल सानिया बानो पुत्री निसक अहमद उम्र 17 वर्ष इमामगंज जीवा महराजगंज को सामान्य चोटे है ।रेशमा बानो पुत्री नैमुद्दीन उम्र 19 वर्ष निवासी रीवा शिवगढ़ दाहिना पैर फैक्चर रायबरेली जिला रेफर शिवपाल पुत्र शिवनाथ उम्र 50 वर्ष पूरे महादेव का पुरवा महराजगंज पैर में गंभीर चोट के कारण जिला रेफर ।सचिन पुत्र देशराज उम्र 14 वर्ष पूरे महादेवन का पुरवा महराजगंज सामान्य चोट एक दो पहिया से चंदापुर में आमने–सामने टक्कर होने से पांच लोग घायल हो गए जिसमें दो को जिला रेफर कर दिया गया और तीन का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में चल रहा है।

### डीएम की अध्यक्षता में निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**बलरामपुर।** जनपद में संचालित रु. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए जिससे कि अन्य किश्त समय से प्राप्त हो। उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। बैठक मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

**रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला रायबरेली जिले के सदर कोतवाली थाना अंतर्गत इंदिरा नगर चौकी क्षेत्र का है। जहां इंदिरा नगर के एक मकान पर किराए पर रहकर पढ़ाई कर रही कक्षा 9 की छात्रा ने बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक मृतका के पिता काली शंकर यादव पुत्र गजराज यादव निवासी ग्राम पोस्ट भोजपुर थाना सरेनी के रहने वाले हैं। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि मेरी पुत्री यशी यादव जिसकी उम्र 18 वर्ष है, जोकि रायबरेली शहर के इंदिरा नगर मोहल्ले में मकान नंबर ८- 354 में किराए पर रहकर कक्षा 9 में पढ़ाई कर रही थी। मृतका के पिता के अनुसार बताया जा रहा है कि संदिग्ध परिस्थितियों में मेरी पुत्री ने बीती रात पंखे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली है। जिस मामले की सूचना मकान मालिक द्वारा मुझे और पुलिस को दी गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वही मामले पर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# डीएम से विद्युत उपभोक्ता ने की शिकायत, मानसिक एवं आर्थिक रूप से दिवालिया बनाया जा रहा

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

विद्युत विभाग के कर्मचारियों से परेशान उपभोक्ता ने जिला अधिकारी से लगाई न्याय की गुहार। जाकिर हुसैन निवासी मोन जिला अधिकारी को ऑनलाइन शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विद्युत वितरण विभाग महराजगंज द्वारा मानसिक एवं आर्थिक रूप से दिवालिया बनाने की कार्यशैली पर विधिक एवं वैधानिक कार्रवाई हेतु अनुरोध है। विद्युत वितरण विभाग महराजगंज के निरंकुश कर्मचारियों द्वारा अल्प शिक्षित ग्रामीण उपभोक्ता का विद्युत अत्यंत अधिक धनराशि का जारी कर दिया गया है। संबंधित प्रकरण में जब ग्रामीण उपभोक्ता ने विद्युत कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई तो वहां बैठे कर्मचारियों ने उपभोक्ता से चेक मीटर के नाम पर धनराशि जमा करवाई और बताया कि आपका चेक मीटर लगेगा संबंधित वाक्यांश जो विभाग के कर्मचारियों द्वारा कहे गए वह अप्रत्यक्ष रूप से प्रकरण को 360 अंश चक्रकार स्थिति में रखकर प्रकरण को लंबित रखने की विभाग की एक अपनी सोची समझी उपभोक्ता को उलझाने की प्रक्रिया है ।क्योंकि यहां पर शिकायत इस बात की दी गई है कि उपभोक्ता का बिल अधिक धनराशि का क्यों जारी किया गया और विभाग ने चेक मीटर की प्रक्रिया में उपभोक्ता को चक्राकार घुमा दिया समाधान एवं निस्तारण न देने की अनेक तरीके हैं जिनमें से एक तरीका उपरोक्त चेक मीटर भी है जो ग्राहक सुरक्षा अधिनियम 2019 के दिशा निर्देशों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से उल्लंघन है। अतः जिला अधिकारी से निवेदन करते हुए जाकिर हुसैन ने गुहार लगाई की ग्रामीण के साथ विद्युत वितरण विभाग महराजगंज द्वारा किए गए मानसिक शोषण व धोखा धड़ी के प्रति अभियोजन पंजीकृत करने की कृपा की जाए।

### केएन एजुकेशनल सोसाइटी स्कूल में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक



**सादुल्लानगर(बलरामपुर)।** के एन एजुकेशनल सोसायटी स्कूल में शुक्रवार को बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर प्रधानाचार्य सियाराम यादव द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों को बताया कि बाहर की चीजें जैसे मैगी नूडल्स, चिप्स, चॉकलेट, खुली में रखी वस्तुयें, नहीं खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल से दूरी बना कर रहे। ज्यादा मोबाइल देखने से सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किशोरावस्था के दौरान बच्चों में होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों के बारे में बताया व जागरूक किया। इस अवस्था में बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स भी दिए। उन्होंने डिजिटल उत्पीड़न के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि अवांछित सन्देश, ईमेल भेजना या सहमति के बिना निजी फोटो साझा नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर सियाराम यादव, रूही फातिमा, इकराखान, सुनीता गुप्ता, गंगाराम यादव, अनीता चौरसिया, राजेंद्र गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

# दुःख हरण नाथ पोखरे पर आस्था और भक्ति के साथ छठ महापर्व सम्पन्न

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।



उतरौला बाजार में स्थित श्री दुःखहरण नाथ मंदिर पोखरे पर छठ पूजा के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु भक्तजन एकत्रित हुए। सूर्य उपासना का यह महापर्व चार दिनों तक चलने वाली विधियों और पौराणिक आस्था के साथ सम्पन्न हुआ। शुक्रवार को सूर्योदय अर्घ्य के साथ छठ पूजा का समापन हुआ, जिसमें भक्तों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।

छठ पूजा के महापर्व की पौराणिक कथाओं में महाभारत काल का विशेष उल्लेख है। मान्यता है कि कुंती ने अपने पुत्र कर्ण को सूर्यदेव का वरदान प्राप्त करने के लिए यह व्रत किया था। सूर्यदेव से प्राप्त वरदान के कारण ही कर्ण एक शक्तिशाली योद्धा बने। एक अन्य कथा के अनुसार, भगवान राम और सीता ने रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद सूर्य देव की आराधना और उपासना के रूप में इस व्रत का पालन किया था।

किंवदंतियों के अनुसार, पांडवों की पत्नी द्रौपदी भी कष्टों से मुक्ति और समृद्धि की प्राप्ति के लिए सूर्यदेव की उपासना करती थीं। इन कथाओं से प्रेरित होकर छठ पूजा का पर्व धीरे-धीरे आम जनमानस के बीच आस्था का प्रतीक बन गया। छठ पूजा के अंतिम दिन, सूर्योदय अर्घ्य सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान होता है। इस दिन भक्त अपने पारंपरिक प्रसाद और बांस की टोकरियों में फल लेकर उगते सूर्य को जल अर्पित करते हैं। यह अर्घ्य भक्तों की कृतज्ञता और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें वे अपनी और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। सूर्योदय के समय तालाब के किनारे छठी मैया के गीतों की गूंज और भक्तों का समर्पण माहौल को अत्यंत आध्यात्मिक और भक्तिमय बना देता है। जय बाबा श्री दुःखहरण नाथ सेवा समिति, उतरौला ने इस अवसर पर सभी भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए यह प्रार्थना की कि सूर्य उपासना का यह पर्व सभी के जीवन में नवीन ऊर्जा, स्वास्थ्य, दीर्घायु, समृद्धि, धैर्य, शौर्य, सुख और शांति लेकर आए। छठ पूजा का यह पर्व सनातन परंपराओं, पौराणिक कथाओं, और जन-आस्था का जीवंत प्रतीक है, जो हमें सूर्य देव की कृपा और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देता है। छठ पूजन में व्रती महिलाओं के साथ-साथ नगर के सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहें, जिनमें मन्दिर के महन्थ एवं संरक्षक श्री मयंक गिरि जी महाराज, अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता, नितिन गुप्ता और श्री श्री छठ पूजा समिति,उतरौला के सभी कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया..।

नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी और प्रशासनिक दृष्टि से गांधी नगर चौकी इंचार्ज मनीष मिश्र, आरक्षी आशीष शर्मा सहित एंटी रोमियो की टीम एवं भारी संख्या में महिला व पुरुष आरक्षी तैनात रहें।

### केराडीह बैरम बाबा मंदिर जीर्णोद्धार के उपरांत संपन्न हुआ छठ महापर्व



**रेहरा बाजार (बलरामपुर)।** पूर्वांचल के प्रसिद्ध डाला छठ महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को व्रत रखने वाली महिलाओं व पुरुषों ने अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के सुखी जीवन की कामना की। पूजन करने के बाद सभी श्रद्धालु घर लौट आए। रात भर पूजन करने के बाद शुक्रवार सुबह फिर उसी स्थान पर जाकर पूजन अर्चन कर समापन किये। दो दिनों से व्रत रखे श्रद्धालु शाम चार बजते ही बैरम बाबा पोखरा मन्दिर (केराडीह) रेहराबाजार घाट पर पहुंच गए। छठ, मइया के जयकारों के बीच श्रद्धालु कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यास्त होने का इंतजार करते रहे। छठ मइया की महिमा के गीत गाते हुए श्रद्धालु सूर्यास्त होते ही पूजन शुरू कर दिए। पूजन शुरू होते ही छठ मइया के जयकारों से पोखरा तालाब व घाट गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने कमर तक पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन किया। छठ पूजन को जुटे श्रद्धालु देशी घी में पकाए गए मीठे पकवान, गन्ना, मूली, केला आदि डाला सुपेला में सजाकर छठ मइया का भोग लगाया। व्रतधारी महिलाएं कम तक पानी में पूजन सामग्री से भरा सुपेला लिए खड़ी हमहू अरधिया देबै छठ मइया, जोड़े जोड़े सुपवा तोरा सहित अन्य गीत गाते हुए पूजन अवधि का इंतजार करती दिखीं। पूजन के बाद दीपदान किया। पूजन व दीपदान के बाद घर लौटे श्रद्धालुओं ने आंगन में गन्ने के पेड़ का झुंड बनाकर दीया जलाया। महिलाओं ने घरों में रात भर छठ मइया की महिमा गाई। इस अवसर पर विकास सिंह विवेक सिंह संतोष सिंह ओम प्रकाश यादव सत्या सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीदत्तगंज बाजार में बस स्टेशन की मांग, वर्षों से अनदेखी

▸ जिले का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है यह क्षेत्र

**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद बलरामपुर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र श्रीदत्तगंज बाजार के निवासी एक दशक से अधिक समय से बस स्टेशन की मांग कर रहे हैं, लेकिन कई प्रयासों के बावजूद शासन की ओर से इसे मंजूरी नहीं मिल पाई है। यहाँ के व्यापारियों, स्कूलों, बैंकों और स्वास्थ्य केंद्रों के बावजूद बस स्टेशन का न होना क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुका है।

श्रीदत्तगंज बाजार, जो बलरामपुर जिले का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, में भारतीय स्टेट बैंक, इण्डियन बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, विकास खंड कार्यालय, आदर्श थाना श्रीदत्तगंज, डिग्री कॉलेज, स्कूलों और अन्य व्यावसायिक केंद्रों की भारी संख्या है। इसके अलावा, 70 ग्राम पंचायतों और लगभग बीस लाख की आबादी का क्षेत्र होने के बावजूद, बस स्टेशन का अभाव यातायात को कठिन बना रहा है। पहले यहाँ रोडवेज विभाग द्वारा संचालित एक बस स्टेशन था, जिससे यात्रियों को जिला मुख्यालय बलरामपुर, तहसील मुख्यालय उतरौला और अयोध्या जैसे प्रमुख स्थानों तक पहुंचने में सुविधा होती थी। लेकिन, विगत दो दशकों से रोडवेज विभाग ने श्रीदत्तगंज बाजार का बस स्टेशन बंद कर दिया और अब बसें बाईपास पर स्थित आसाम रोड से आती-जाती हैं, जिससे यात्रियों को बाजार से दूर जाकर बसें पकड़नी पड़ती हैं। जनता और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस मुद्दे को उठाया गया है। क्षेत्रीय विधायक पल्टू राम, व्यापार मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधानों ने भी इस समस्या को शासन तक पहुँचाया है, लेकिन अभी तक किसी ठोस कदम की पहल नहीं हो पाई है। क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम बलरामपुर ने बताया कि श्रीदत्तगंज बाजार में बस स्टेशन की स्थापना के लिए शासन से मंजूरी का इंतजार है, और जैसे ही मंजूरी मिलती है, बस स्टेशन की स्थापना कर दी जाएगी।

# डीएम ने फसल अवशेष प्रबंधन प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




▸ पराली को जलाए नहीं, बनाए आय का जरियाः जिलाधिकारी

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

खेतों में पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ खेत की उर्वरक क्षमता कम होने से पैदावार में प्रतिकूल प्रभाव तथा फसल अवशेष (पराली) प्रबंधन के विषय में कृषक भाइयों जागरूक किए जाने को डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा तहसीलवार फसल अवशेष प्रबंधन प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

पराली प्रबंधन प्रचार वाहन द्वारा तहसीलों , विकासखंड एवं ग्राम पंचायत में जाकर कृषक भाइयों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जाएगा तथा पराली जलाने से होने वाले नुकसान जैसे पर्यावरण प्रदूषण एवं मृदा के पोषक तत्वों की क्षति आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण के साथ-साथ थे मृदा के पोषक तत्वों की भी क्षति होती है , जिससे पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसान फसल अवशेष को आय का जरिया बना सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को निशुल्क डी कंपोजर कैप्सूल प्रदान किया जा रहा है। इसके प्रयोग से कृषक पराली को खाद बनाकर फसल पैदावार बढ़ा सकते हैं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, उपनिदेशक कृषि नरेंद्र कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# उतरौला बस स्टेशन पर सार्वजनिक शौचालय की स्थिति जर्जर, यात्रियों को परेशानी

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।




उतरौला बस स्टेशन, जो कि करोड़ों की लागत से एक आधुनिक बस स्टेशन के रूप में स्थापित किया गया था, अब यात्रियों के लिए असुविधाओं का कारण बन गया है। इस बस स्टेशन को बनाने के लिए शासन ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की थी, और निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया था, लेकिन इस स्टेशन के अंदर स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि वह पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ा है।

शौचालय का जीर्णोद्धार न होने के कारण यात्रियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टेशन पर केवल एक सार्वजनिक शौचालय था, जो अब इस्तेमाल के लायक नहीं बचा है। परिणामस्वरूप, यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों को खुले में शौच और लघुशंका के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आदिल हुसैन ने कहा कि इतने बड़े खर्च के बावजूद एक आधुनिक शौचालय की आवश्यकता पूरी नहीं की गई है और पुराने शौचालय की मरम्मत भी नहीं कराई गई है।

शासन और प्रशासन की अनदेखी के चलते यात्रियों को खुले में शौच व लघुशंका करने की स्थिति में डाल दिया गया है, जिससे सफर करने वालों को असुविधा हो रही है। रोडवेज बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों को शौचालय की तलाश में इधर उधर भटकना पड़ता है, विशेषकर जब महिला यात्रियों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। विभिन्न नागरिकों और समाजसेवियों ने इस मुद्दे पर कई बार अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक कर रही है, अफसरों की अनदेखी से सार्वजनिक शौचालय का उद्देश्य विफल हो रहा है।

कुछ यात्री, जैसे राम कुमार, सतीश, राहुल, पंकज, इरशाद, जावेद, आसिफ, सुहेल, और आरिफ का कहना है कि वे कई बार इस शौचालय के मरम्मत की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इसमें कोई सुधार नहीं हुआ है। अब सवाल यह उठता है कि क्या अफसरों का ध्यान इस गंभीर समस्या पर जाएगा, और कब इस समस्या का समाधान होगा।

# मदरसों को अभयदान

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देश के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी। दरअसल, भाजपा शासित उ.प्र. में सरकार हजारों मदरसों पर लगाम लगाना चाहती थी। इस वर्ष की शुरुआत में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीस साल पुराने उ.प्र. मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि ये स्कूल धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन करते हैं। इस फैसले के बाद राज्य के हजारों मदरसों का भविष्य खतरे में पड़ गया था। साथ ही इन मदरसों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों का भविष्य अनिश्चित हो गया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से इन मदरसों के संचालकों ने राहत की सांस ली है। साथ ही यह भी सुनिश्चित हो गया कि इनमें पढ़ने वाले लाखों छात्रों को पारंपरिक शिक्षा संस्थानों में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। दरअसल, हाल के वर्षों में न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि मध्यप्रदेश और असम जैसे भाजपा शासित राज्यों में भी मदरसे सरकारों के एजेंडे में शामिल रहे हैं। यहां तक कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी एनसीपीसीआर की कारगुजारियां भी सवालों के घेरे में रही हैं, जिसने पिछले महीने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर सिफारिश की थी कि मदरसा बोर्डों को बंद कर दिया जाए। साथ ही इन संस्थानों को राज्य का वित्त पोषण रोकने की भी सिफारिश की गई थी। वहां पढ़ने वाले छात्रों को औपचारिक स्कूलों में नामांकित करने की बात भी कही गई थी। आयोग की दलील थी कि इन बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा आधुनिक जरूरतों के अनुरूप नहीं है। साथ ही इन मदरसों पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का पालन न करने का भी आरोप लगाया गया था। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मदरसा संचालकों व छात्रों ने राहत की सांस ली होगी। दरअसल, इन मदरसों को लेकर कहा जाता रहा था कि ये धार्मिक कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा देने वाली संस्थाएं हैं। इसमें संदेह नहीं कि कट्टरपंथ को प्रश्रय देने वाली किसी भी कोशिश को नकारा ही जाना चाहिए, लेकिन संपूर्ण मदरसा व्यवस्था को ही खारिज करने की सोच में असहिष्णुता झलकती है, जो भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि के विरुद्ध है। इसकी व्याख्या सुप्रीम कोर्ट ने भी विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं और धर्मों के संरक्षक कवच के रूप में की है। निस्संदेह, मदरसा एक्ट पर रोशनी डालने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद महत्वपूर्ण है, जो इस कानून की संवैधानिकता की तो पुष्टि करता है, लेकिन मदरसों को उच्च शिक्षा की डिग्री देने से रोकता है। इसके अलावा राज्य सरकारों को शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का अधिकार भी देता है। साथ ही फैसला शिक्षा और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ देखने की जरूरत भी बताता है। वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मदरसा एक्ट को लागू करने के तौर-तरीकों की खामियों की ओर भी ध्यान खींचता है। कोर्ट ने यूजीसी एक्ट से जुड़ी विसंगतियों का ध्यान रखते हुए स्पष्ट किया कि मदरसे उच्च शिक्षा से जुड़ी डिग्री देने का अधिकार नहीं रखते। साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्षता की सीमाओं के अतिक्रमण को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट को इस बात का अहसास था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले का असर देश के अन्य अल्पसंख्यक संस्थानों पर पड़ेगा। इसी आलोक में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि अल्पसंख्यक वर्ग को अपने संस्थान चलाने का अधिकार तो है लेकिन वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार को भी इन संस्थानों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का अधिकार है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की प्रतिष्ठा तो स्थापित हुई है, लेकिन साथ ही इन मूल्यों को सुनिश्चित करने में सतर्कता की जरूरत भी बतायी गई। बहरहाल, मदरसा संचालकों का दायित्व भी बनता है कि 21वीं सदी के वैज्ञानिक युग में छात्रों को ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए, जो राष्ट्रवादी मूल्यों के साथ प्रगतिशील सोच को भी विकसित करे और रोजगारपरक भी हो।

# डोनाल्ड ट्रम्प का राष्ट्रपति बनना वैश्विक रूप से विघटनकारी

*नित्य चक्रवर्ती*


बहुप्रतीक्षित अमेरिकी चुनाव के नतीजे आ गये हैं। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद की दौड़ में शानदार जीत हासिल की है और साथ ही सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत दिलाया है। यह स्पष्ट है कि अमेरिकी मतदाताओं के बहुमत ने इस राजनीतिक दिग्गज पर भरोसा दिखाया है, जिन्होंने अमेरिका को फिर से महान बनाने का वायदा किया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए, 2024 के चुनाव परिणामों ने कुछ असहज सवाल सामने ला दिये हैं। पार्टी नेतृत्व को इनपर विचार करना होगा। अब डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का वैश्विक प्रभाव क्या होगा?

सबसे पहले यह बताना जरूरी है कि डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति पद संभालेंगे और इसलिए अभी से लेकर अगले साल 20 जनवरी तक 75 दिन बचे हैं। इस बीच की अवधि में बाइडेन सरकार का चरित्र कमजोर रहेगा, राष्ट्रपति कोई बड़ा फैसला नहीं ले पायेंगे।

सामान्य परिस्थितियों में इस तरह के बदलाव में कोई दिक्कत नहीं होती। लेकिन अभी पश्चिम एशिया और यूक्रेन में दो बड़े युद्ध चल रहे हैं। अमेरिका दोनों में ही उलझा हुआ है। उसके फैसले मायने रखते हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषण में कहा कि अगर वे चुने गये तो वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से बात करके 24 घंटे में यूक्रेन युद्ध को रोक देंगे। यह चुनावी भाषण में कही गई बात थी लेकिन अगर ट्रंप इजरायल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध में भी कोई बड़ा कदम उठाते हैं तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। 20 जनवरी को आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति बनने से पहले ही वे अनौपचारिक रूप से विदेश मंत्री को अपने विचार बता सकते हैं और उनसे उसी के अनुसार आगे बढ़ने को कह सकते हैं। अच्छा हो या बुरा, दोनों युद्ध मोर्चों पर कुछ बदलाव तो होगा ही, संभवतरू 20 जनवरी 2025 से भी पहले। यह स्पष्ट है कि अमेरिका के सहयोगी, खास तौर पर नैटो और यूरोपीय संघ घबड़ाये हुए हैं। ट्रंप के बहुमत का आंकड़ा-270 पार करने से पहले ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने ट्रंप को फोन करके बधाई दी और यह भी आश्वासन दिया कि उन्हें उनके साथ काम करने में खुशी होगी। अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से यह कूटनीतिक रूप से अनुचित है। फिर भी, यूरोपीय नेता दूसरे कार्यकाल के राष्ट्रपति के सामने झुकने के लिए कतार में खड़े हैं और आश्वासन दे रहे हैं कि वे अमेरिका के मित्र हैं, अमेरिका के विरोधी नहीं।

इस साल सितंबर में विस्कॉन्सिन में अपने चुनाव अभियान में ट्रंप ने जो कहा, उस पर यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा हमारे साथ हमारे सहयोगियों ने बहुत बुरा व्यवहार किया है, हमारे सहयोगी हमारे साथ हमारे तथाकथित दुश्मनों से भी बुरा व्यवहार करते हैं।श् फिर उन्होंने कहा सैन्य रूप से हम उनकी रक्षा करते हैं और फिर वे व्यापार में हमें धोखा देते हैं। अब हमें ऐसा नहीं होने देना चाहिए। इससे संकेत बहुत स्पष्ट हैं। ट्रम्प के सलाहकारों ने दूसरे कार्यकाल के नीति पत्र में कहा है कि व्यापार के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। चीन और जापान के साथ यूरोपीय देशों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अमेरिका ने इसे बहुत लंबे समय तक झेला है। अपने पिछले कार्यकाल में ट्रम्प ने ईरान परमाणु समझौते और पेरिस जलवायु समझौते सहित कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों से हाथ खींच लिये थे। ट्रम्प चाहते थे कि नैटो सदस्य देश मानदंडों के अनुसार खर्च साझा करें। अंतिम समय में कुछ समझ बनी और ट्रम्प ने अमेरिकी फंडिंग में कोई खास कटौती नहीं की। लेकिन अब, अपने दूसरे कार्यकाल में, वह अधिक आश्वस्त हैं, तथा वह अपनी समझ के आधार पर ही निर्णय लेंगे। उनमें एक बड़ी तानाशाही प्रवृत्ति है और पेंटागन के आकाओं के लिए उनके मन में बहुत कम सम्मान है। शांति आंदोलन के कार्यकर्ताओं के लिए ट्रंप एक पहेली हो सकते हैं। वे संघर्ष विराम के लिए 24 घंटे की समयसीमा दे सकते हैं या फिर किसी एक पक्ष को खत्म करने की स्थिति में आ सकते हैं। यथास्थितिवादी अंतरराष्ट्रीय नौकरशाही में ट्रंप एक विघटनकारी हैं। परिणाम अच्छे या बुरे हो सकते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति अपने दूसरे कार्यकाल में अधिक अप्रत्याशित होंगे। भारत के बारे में क्या? सबसे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास राजनीतिक कारणों से खुश होने के कारण हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मोदी और ट्रंप में कुछ समानताएं हैं। वे दोनों ही तानाशाही और इस्लामोफोबिया के समान मरीज हैं। लेकिन ट्रंप की तुलना में नरेंद्र मोदी शांत हैं। केनेडा और अमेरिकी एजेंसियों के साथ नवीनतम कूटनीतिक उलझन में भारत को कुछ राहत मिलेगी। नरेंद्र मोदी को ट्रंप की व्यक्तिगत मदद इस समय बहुत मूल्यवान होगी। फिर बांग्लादेश का मुद्दा है, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. मोहम्मद यूनुस इस साल सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र विधानसभा सत्र में भारतीय प्रधानमंत्री से मिलने के लिए बेताब थे, लेकिन मोदी ने टाल दिया। मोदी भी अमेरिकी चुनावों का इंतजार कर रहे थे। ट्रम्प ने दिवाली पर अपने संदेश में डॉ. यूनुस के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। अब डॉ. यूनुस के दिन गिने-चुने रह गये हैं। उन्हें हिलेरी क्लिंटन का दोस्त माना जाता है। वे ट्रम्प के लिए अछूत हैं। अमेरिका की नीति में नाटकीय बदलाव आयेगा। बांग्लादेश पर भी इसका असर पड़ेगा और यह भारतीय प्रधानमंत्री के साथ विचार-विमर्श के बाद किया जायेगा। इस तरह से मोदी को इस पूर्वी पड़ोसी से कुछ राहत मिलेगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका क्या असर होगा? ट्रंप मूल रूप से एक व्यवसायी हैं। वे राजनीति को व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के चश्मे से समझते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में वे व्यापार युद्ध शुरू करेंगे- मुख्य रूप से चीन के साथ लेकिन भारत के साथ भी, जिसे उन्होंने 17 सितंबर को द्विपक्षीय व्यापार का श्बहुत बड़ा दुरुपयोगकर्ता बताया था। टैरिफ वृद्धि से भारतीय निर्यात प्रभावित होगा। फार्मा निर्यात पर और अधिक असर पड़ेगा क्योंकि ट्रंप ओबामा केयर के प्रावधानों को खत्म करने या कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है और 2023-24 में भारतीय निर्यात का 18 प्रतिशत हिस्सा उसे मिला, जो एक दशक पहले 12 प्रतिशत था। भारत के लिए अमेरिका को निर्यात वृद्धि बनाये रखना और यहां तक कि स्तर को बढ़ाना घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है। अमेरिका द्वारा आयात पर ट्रंप के उच्च टैरिफका अमेरिकी उपभोक्ताओं पर भी प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी उद्योग जगत का एक बड़ा हिस्सा चीनी आयात पर उच्च टैरिफ के पक्ष में नहीं है, क्योंकि उनके द्वारा निर्मित उत्पाद अधिक महंगे होंगे। अमेरिकी आर्थिक विकास के समग्र परिप्रेक्ष्य से भी ट्रम्प नीति की अपनी कमियां हैं। नीति को बाद में संशोधित किया जा सकता है। कुल मिलाकर ट्रम्प 2.0 चीन, रूस, यूरोपीय संघ के देशों और भारत जैसे अग्रणी देशों सहित दुनिया के लिए एक कठिन दौर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ उपायों के प्रभाव को कम करने के लिए ट्रम्प के साथ अपने व्यक्तिगत तालमेल का उपयोग कर सकते हैं। एक सख्त नीति के दायरे में भी, संशोधन की गुंजाइश है। डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के तहत भारत के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए भारतीय प्रधानमंत्री को ऐसा करना होगा।




शांति आंदोलन के कार्यकर्ताओं के लिए ट्रंप एक पहेली हो सकते हैं। वे संघर्ष विराम के लिए 24 घंटे की समयसीमा दे सकते हैं या फिर किसी एक पक्ष को खत्म करने की स्थिति में आ सकते हैं। यथास्थितिवादी अंतरराष्ट्रीय नौकरशाही में ट्रंप एक विघटनकारी हैं। परिणाम अच्छे या बुरे हो सकते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति अपने दूसरे कार्यकाल में अधिक अप्रत्याशित होंगे। भारत के बारे में क्या? सबसे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास राजनीतिक कारणों से खुश होने के कारण हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मोदी और ट्रंप में कुछ समानताएं हैं। वे दोनों ही तानाशाही और इस्लामोफोबिया के समान मरीज हैं। लेकिन ट्रंप की तुलना में नरेंद्र मोदी शांत हैं। केनेडा और अमेरिकी एजेंसियों के साथ नवीनतम कूटनीतिक उलझन में भारत को कुछ राहत मिलेगी। नरेंद्र मोदी को ट्रंप की व्यक्तिगत मदद इस समय बहुत मूल्यवान होगी। फिर बांग्लादेश का मुद्दा है, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. मोहम्मद यूनुस इस साल सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र विधानसभा सत्र में भारतीय प्रधानमंत्री से मिलने के लिए बेताब थे, लेकिन मोदी ने टाल दिया। मोदी भी अमेरिकी चुनावों का इंतजार कर रहे थे। ट्रम्प ने दिवाली पर अपने संदेश में डॉ. यूनुस के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। अब डॉ. यूनुस के दिन गिने-चुने रह गये हैं। उन्हें हिलेरी क्लिंटन का दोस्त माना जाता है। वे ट्रम्प के लिए अछूत हैं। अमेरिका की नीति में नाटकीय बदलाव आयेगा। बांग्लादेश पर भी इसका असर पड़ेगा और यह भारतीय प्रधानमंत्री के साथ विचार-विमर्श के बाद किया जायेगा। इस तरह से मोदी को इस पूर्वी पड़ोसी से कुछ राहत मिलेगी।

## विचार

# अपराधियों को बचाने में अधिकारियों की संलिप्तता!

*प्रियंका सौरभ*

जब अधिकारी अनैतिक आचरण में लिप्त होते हैं, तो कानून प्रवर्तन में जनता का भरोसा कम होता है, जिससे संस्थाओं में विश्वास टूटता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (2023) की रिपोर्ट में पुलिस भ्रष्टाचार को भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अविश्वास का एक प्रमुख कारण माना गया है। जब कानून प्रवर्तन अपराधियों को बचाता है, तो यह दो-स्तरीय न्याय प्रणाली बनाता है, जहां शक्तिशाली लोग परिणामों से बच निकलते हैं। वोहरा समिति की रिपोर्ट (1993) ने अपराधियों, राजनेताओं और पुलिस के बीच सांठगांठ का खुलासा किया, जिससे कानून प्रवर्तन की अखंडता से समझौता हुआ।

अपराधियों को बचाने में शामिल अधिकारी पीड़ितों को न्याय से वंचित करने में योगदान करते हैं, जिससे दंड से मुक्ति का चक्र चलता रहता है। बिहार और उत्तर प्रदेश (2022-23) में हाल ही में हुए हाई-प्रोफाइल मामलों में पुलिस की संलिप्तता प्रभावशाली अपराधियों को बचाने और न्याय में देरी करने में देखी गई है। इस तरह का अनैतिक व्यवहार पुलिस बल के भीतर भ्रष्टाचार की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे संभावित रूप से संस्थागत अपराध को बढ़ावा मिलता है। मुंबई पुलिस (2021) के भीतर भ्रष्टाचार के घोटालों ने उजागर किया कि कैसे वित्तीय लाभ के लिए अपराधियों को बचाया जाता है। पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिए जाने की सार्वजनिक जानकारी से अराजकता बढ़ती है और सामाजिक अशांति पैदा होती है, जिससे शासन व्यवस्था कमजोर होती है। उत्तर प्रदेश में (2023) हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए, जब पुलिस द्वारा स्थानीय माफाया समूह को संरक्षण दिए जाने की रिपोर्टें सामने आईं।

पुलिस अधिकारियों के लिए मूल्य-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने से उनमें नैतिक व्यवहार और ईमानदारी पैदा हो सकती है, जिससे भ्रष्टाचार कम हो सकता है। दूसरा एआरसी (2008) पेशेवर जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए पुलिस प्रशिक्षण में नैतिक मॉड्यूल की सिफारिश करता है। आंतरिक निगरानी और पुलिस शिकायत प्राधिकरण जैसे बाहरी निकायों को मजबूत करना अनैतिक व्यवहार के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रकाश सिंह मामले (2006) ने पुलिस सुधारों को जन्म दिया, जिसमें स्वतंत्र जवाबदेही तंत्र स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा सुनिश्चित करने से अधिकारी बिना किसी प्रतिशोध के डर के अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा अधिनियम (2014) भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले लोक सेवकों के लिए सुरक्षा उपाय प्रदान करता है।

अपराधियों को बचाने वाले अधिकारियों के लिए कठोर कानूनी दंड लगाना एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जो नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित करता है। 2023 में, यूपी पुलिस ने आपराधिक साजिश में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जो शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण का संकेत देता है। बॉडी कैम और स्वचालित निगरानी जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को लागू करने से वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करके पुलिस के कदाचार को रोका जा सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिए बॉडी कैमरा अपना रहे हैं। समुदाय-पुलिस भागीदारी को मजबूत करने से विश्वास को बढ़ावा मिलता है और समुदायों को अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की अनुमति मिलती है। केरल में जनमैत्री सुरक्षा परियोजना बेहतर पुलिस-समुदाय संबंधों को बढ़ावा देती है, जिससे भ्रष्टाचार के मामले कम होते हैं। कानून प्रवर्तन में नैतिक अखंडता का निर्माण करने के लिए संस्थागत सुधार, जवाबदेही तंत्र और कदाचार को रोकने के लिए मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षण और सामुदायिक जुड़ाव द्वारा समर्थित नैतिकता की संस्कृति जनता के विश्वास को बहाल करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। ज्ञान, तर्कसंगतता और नैतिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के अपने स्तर पर निर्भर करता है। आदर्श नैतिक आचरण से कम कुछ भी विभाग, समुदाय और पूरे राष्ट्र के लिए विनाशकारी हो सकता है। जबकि अधिकारी केवल इंसान हैं और गलतियां करते रहेंगे, नैतिक कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपने अधिकारियों के नैतिक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए, एजेंसियों के पास तीन बुनियादी सिद्धांत होने चाहिए। सबसे पहले, उनके पास एक नीति होनी चाहिए जो उनके नैतिक मिशन को स्पष्ट करती हो और ऐसे मानक तय करती हो जिनका अधिकारियों को पालन करना चाहिए। दूसरा, मजबूत और नैतिक नेतृत्व मौजूद होना चाहिए और उसे लागू किया जाना चाहिए। ये अधिकारी विभाग के लिए माहौल बनाते हैं और उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करते हैं, नैतिक मार्ग के बदले कभी भी आसान रास्ता नहीं चुनते। तीसरा, एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नैतिक लोगों को नियुक्त करें और उन लोगों के साथ उचित तरीके से पेश आएं जो नैतिक नहीं हैं। एक नैतिक संगठन को मौजूदा नीतियों और मानकों का ईमानदारी से पालन करने, प्रदर्शन के किसी व्यक्तिगत या सामूहिक पैटर्न का पता लगाने की क्षमता की आवश्यकता होगी जो उस अपेक्षा से कम हो और उन लोगों से निपटने का साहस जो उन विफलताओं के लिए जिम्मेदार हैं।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*


अपराधियों को बचाने वाले अधिकारियों के लिए कठोर कानूनी दंड लगाना एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जो नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित करता है। 2023 में, यूपी पुलिस ने आपराधिक साजिश में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जो शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण का संकेत देता है। बॉडी कैम और स्वचालित निगरानी जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को लागू करने से वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करके पुलिस के कदाचार को रोका जा सकता है।
तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिए बॉडी कैमरा अपना रहे हैं। समुदाय-पुलिस भागीदारी को मजबूत करने से विश्वास को बढ़ावा मिलता है और समुदायों को अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की अनुमति मिलती है। केरल में जनमैत्री सुरक्षा परियोजना बेहतर पुलिस-समुदाय संबंधों को बढ़ावा देती है, जिससे भ्रष्टाचार के मामले कम होते हैं। कानून प्रवर्तन में नैतिक अखंडता का निर्माण करने के लिए संस्थागत सुधार, जवाबदेही तंत्र और कदाचार को रोकने के लिए मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षण और सामुदायिक जुड़ाव द्वारा समर्थित नैतिकता की संस्कृति जनता के विश्वास को बहाल करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## साहित्य



# गीत- प्यार में गीत मैं लिखता हूं

**उमेश दाधीच**




प्यार में गीत मैं लिखता हूं,
गीतों में प्यार मैं लिखता हूं ।
गाता हूं गीतों में तुमको,
तुमसा ही अब मैं दिखता हूं ।।

मुरझा है तुम बिन जो अब,
वो पुष्प नहीं फिर खिल सकता
लिख सकता, गा सकता
तुमको,
पर तुमसे मैं नहीं मिल सकता ।
तू ही समागम, तू ही समर्पण,
तू ही पूजा धामों में
तू है मेरी सांसो में, मन,
मेरे हर अरमानो में ।
जुगनु सा जलकर रातो में
ख्वाबो में तुमसे मैं मिलता हूं ।
गाता हूं गीतो में तुमको,
तुमसा ही अब मैं दिखता हूं ।।

मीरा सा विषपान किया और
राधा सी पीड़ा झेली है
प्रियतम तुम बिन जीवन मेरा
उलझी सी एक पहेली है ।
गीतों की तुरपाई से अब
विरह के घाव मैं सिलता हूं
गाता हूं गीतों में तुमको,
तुमसा ही अब मैं दिखता हूं ।।

आसमान का धरा से रिश्ता
वैसी अपनी मजबूरी है ।
एक दूजे मन में बसे है
फिर भी सदियों की दूरी है ।।
अगले जनम में होगा मिलन ये
इस आस में रोज मैं मिटता हूं ।
गाता हूं गीतों में तुमको,
तुमसा ही अब मैं दिखता हूं ।।



# राशिफल

**मेषः**- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**बृषभ** :- भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुन** :- भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क** :- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह** :- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कन्याः**- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः**- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः**- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः**- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकरः**- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः**- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीनः**- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# आखिर आतंकवाद चाहता कौन है?

*योगेश कुमार सोनी*

जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनने के बाद लगातार हो रहे आतंकी हमलों से हर कोई परेशान है। केंद्र सरकार के साथ लगभग सभी राजनीतिक दल इस बात से हैरान भी हैं कि आमजन में दहशत क्यों फैलाई जा रही है। आश्चर्य इस बात का भी है कि इस बार एक माह के भीतर हमले वहां हुए जहां पहले कभी नहीं हुए। मजदूरों तक को निशाना बनाया गया। इस विषय में सभी दलों के बड़े नेताओं से चर्चा भी हुई तो उन्होंने आतंकवाद का एक सुर में विरोध किया। यह सुनकर अच्छा भी लगा कि हर कोई आतंकवाद के विरुद्ध है। यहां समझना जरूरी है कि विशेषज्ञों का बड़ा तबका यह मानता है कि किसी भी प्रकार का हमला बिना किसी नेता या बड़े रसूख वाले व्यक्ति की मिलीभगत के बिना संभव नहीं। हालांकि पूर्व में जो भी हमले हुए, उनके बारे में पुलिस जांच का निष्कर्ष है कि इनमें स्थानीय लोगों का भी हाथ रहा है। मगर यह लोग कभी नहीं पकड़े गए। जो पकड़ा गया वह अलगाववादी नेता या किसी अन्य पार्टी का कार्यकर्ता व नेता ही मिला, लेकिन कभी भी इस बात को उजागर नहीं होने दिया जाता था।

आश्चर्य की बात यह है कि आतंकी घटनाक्रम को नेता अपने एक पैटर्न से समझाते आ रहे हैं कि आतंकवादी संगठन जम्मू-कश्मीर के युवाओं के दिमाग में जहर भरते हैं जिसको लेकर उनके दिल-दिमाग में कट्टरता आ जाती है और देश विरोधी गतिविधि के में शामिल हो जाते हैं और इसका आरोप पाकिस्तान पर मढ़ देते हैं। बात में काफी हद तक सच्चाई भी है लेकिन सवाल यह ही है कि आमजन जो जीवन में अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है उसे पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से मिलवाता कौन है या सबसे पहले माइंड कौन डायवर्ट करता है। इन सभी बातों के आधार पर तो यह तय हो जाता है कि देश की असली दुश्मन देश में ही हैं। हम हर छोटे से छोटे हमले पर भी पाकिस्तान पर बात टाल देते हैं। यह सत्य है कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्रियां खोले बैठा है लेकिन हमें अपने देश में पल रहे पाकिस्तान परस्त लोगों व आतंकियों पर भी चर्चा करनी होगी। चर्चा हुई भी। पकड़े भी गए लेकिन पूर्ण रूप खत्म न होने पर जनता अभी भी परेशान है।

हाल ही की स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग अपने घर से बाहर निकलते हैं लेकिन वापस घर आएंगे यह पता नहीं। चूंकि आतंकवादी किसी पर भी बिना वजह हमला कर रहे हैं। उद्देश्य



स्पष्ट न होने की वजह से अभी तक तो यह माना जा रहा है कि दहशत फैलाने की वजह से यह सब हुआ। पड़ोसी देश से आतंकवाद पर कई बार चर्चा हुई लेकिन आजादी लेकर आज तक कोई हल नहीं निकला। हमें सबसे पहले उन लोगों पर एक्शन लेना होगा जो अपने ही देश में रहकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। यह स्पष्ट है हर सरकार के कालखंड में वह खुलकर अंजाम देते आ रहे हैं। हर सरकार इसके इसके लिए चिंतित तो जरूर दिखती है लेकिन देश की जनता के मन में प्रश्न जरूर आता है कि बिना किसी की मिलीभगत से आतंकवाद कैसे संभव है। वैसे तो पूरे देश की जनता के लिए मुद्दा सुरक्षा का होता है लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता के लिए यह सर्वप्रथम रहता है। नई सरकार गठित होते ही जिस तरह आतंकवादियों हमले करते जा रहे हैं उससे वह क्या संदेश देना चाहते हैं यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत सभी दल के नेता परेशान हैं। कोई किसी की बुराई-भलाई नहीं कर रहा जिसे देखकर यह तो महसूस हो रहा है कि आतंकवाद को नियंत्रित करना आसान काम नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान से वार्ता करनी चाहिए लेकिन जब से दोनों देश आजाद हुए हैं भारत सरकार ने इस मामले पर शुरुआत से चर्चा ही की है और हल आज तक नहीं निकला। कई बार सुना है कि पाकिस्तान को कड़े स्वर में समझा दिया गया है लेकिन उसका असर कभी नहीं दिखा। बहरहाल,नई सरकार बनते ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों ने वहां की जनता को दहला दिया है। हर रोज परिस्थितियां विषम होती जा रही हैं जिसको लेकर मौजूदा स्थिति में यह देश का बडा मुद्दा बन गया। अब आतंकवादी किसी विशेष को टारगेट न करके आमजन को निशाना बना कर एक अलग तरह की दहशत फैला रहे हैं।आतंकवादी अब जम्मू-कश्मीर की जनता के अलावा वहां के प्रवासियों को भी निशाना बना रहे हैं। इसलिए अब आतंकवाद पर केन्द्र सरकार को राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सी. एच.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा अर्बन में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने सभी सी. एच. ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये।उन्होंने कहा कि सभी क्षय रोगियों की नियमित जांच कर दवा उपलब्ध कराई जाये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत - प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जाए।

जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क भोजन व दवाइयां उपलब्ध कराई जाए तथा 0-1साल के बच्चों को नियमित टीकाकरण कराया जाए एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर चाइल्ड रजिस्ट्रेशन कराये जाए कुष्ठ रोगियों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराये जाए। उन्होंने सभी सी.एच.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड की साफ सफाई, बेडशीट, शौचालय नियमित रूप से सफाई करवाई जाए तथा जननी सुरक्षा में 100 फीसद भुगतान कराया जाये।गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले भोजन को चेक किया जाए।एच.आई.वी. और हीमो ग्लोबिन की नियमित रूप से जांच की जाए।जिलाधिकारी ने बच्चों के टीकाकरण में खराब स्थिति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप लगाकर बच्चों के टीकाकरण को बढ़ाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय, डीएमसी यूनिसेफ सरफराज खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पबजी गेम खेलते-खेलते आठवीं के छात्र ने लगायी फांसी



**राठ।** पबजी गेम खेलते खेलत आठवीं के विद्यार्थी ने फांसी लगाकर जान दे दी. स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। कस्बे के तहसील परिसर के पीछे पठानपुरा मोहल्ला निवासी राम प्रताप वर्मा ने बताया कि वह तहसील परिसर में संग्रह लेखक के पद पर कार्यरत हैं। उसका सबसे छोटा पुत्र मनीष कस्बे के एक इंग्लिश मीडियम में कक्षा आठवीं का छात्र था। वह दिन रात पबजी गेम खेलता रहता था। रात में भी वह पबजी गेम खेलता रहता था। बताया चार दिनों से उसे बुखार आ रहा था। जिसके कारण वह स्कूल नहीं जा रहा था। शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे उसने पुत्र को दवा खिलाई। इसके बाद मनीष दूसरी मंजिल पर जाकर कमरे में चला गया। जब वह कमरे में गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने आवाज लगाई। लेकिन दरवाजे नहीं खुले। बताया कि जब उसमें मां ने खिड़की से देखा तो पुत्र चादर के सहारे फंसे से लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक डॉ चंद्रशेखर सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्र की मौत पर मां उमा देवी का रो रोकर बुरा हाल है। डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि स्वजन बिना नाम पता लिखाएं शव को साथ ले गए। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि उनके पास कोई सूचना नहीं आई हैं।

## खबरें एक नजर में

### पत्रकारों के साथ मारपीट के मामले में चेयरमैन का भतीजा व पूर्व लिपिक गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पत्रकारों के साथ मारपीट के मामले में चेयरमैन समेत छह लोगों को जेल भेजने के बाद आज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमे नगर पंचायत सरीला का पूर्व लिपिक गंगाबाबू यादव भी शामिल है। चर्चित पत्रकारों के साथ मारपीट के मामले में चेयरमैन पवन अनुरागी व उसके गुर्गो को जेल भिजवाने के बाद पुलिस ने आज फरार चेयरमैन के भतीजे आकाश अनुरागी व गंगा बाबू यादव को भी जेल भेज दिया है। एक साथ पहले चेयरमैन पवन अनुरागी के गुर्गों ने पत्रकार अमित दिवेदी व शैलेंद्र मिश्रा को साजिश के तहत घर में बुलाकर मारपीट की थी बाद में भाजपा ने चेयरमैन को दल से निष्कासित किया था। पुलिस ने चेयरमैन समेत छह लोगों को जेल भेज दिया था वो दो अभियुक्त वांछित चल रहे थे पुलिस ने आज दोनो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जिन लोगों के नाम रिपोर्ट दर्ज हुई थी वह सभी जेल भिजवा दिये गये है।

### रामलीला देखने गए युवक को चार लोगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के एक मोहल्ले में हो रहे रामलीला को देखने गए एक युवक पर बेवजह वहीं के चार लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया इस घटना को देखकर पीड़ित के भाई ने जब बीच बचाव शुरू किया तो उक्त आरोपियों ने भी उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आई हुई हैं। इस घटना से आहत पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस ने तहरीर में नामित सभी आरोपियों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला फतेपुर निवासी मोहित पुत्र शिव विशाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 नवंबर को फतेपुर में हो रहे रामलीला को देखने वह गया हुआ था तथा तकरीबन रात 12 बजे के लगभग जब उसे पेशाब लगी तो वह लघु शंका करने के लिए पंडाल के बाहर गया तो वहां सोनू तथा सूरज पुत्र गण नंदकिशोर शिवा पुत्र मुकेश तथा शनि पुत्र कुंवर बहादुर मौजूद थे। पीड़ित ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उक्त नामित सभी लोगों ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। उसने बताया कि जब सभी लोग उसे मार रहे थे तो अपने बचाव में आवाज सुनकर रामलीला में मौजूद मेरा बड़ा भाई मोनू मुझे बचाने के लिए दौड़ा तो सभी लोगों ने डंडों से उसे भी मार कर घायल कर दिया।

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**राठ।** कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी संजीव कुमार पुत्र देशराज ने बताया कि उसका बड़ा भाई संतोष कुमार अपने दोस्त शीतू राजपूत के साथ बाइक सेरवा बुआ के यहां जा रहे थे। तभी हमीरपुर रोड स्थित सरसेड़ा मार्ग के पास सामने से आ रहे दूसरे बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। हालात गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### सक्षम व्यक्ति अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों में अवश्य लगवाएं सीसीटीवी कैमराः आरएस वर्मा

**महोबा।** नवागंतुक कबरई थाना प्रभारी आरएस वर्मा ने कस्बे के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि अपराध पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। थाना प्रभारी ने सभी लोगों से अनुरोध किया कि जो भी सक्षम व्यक्ति हो वह अपने अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवायें। सीसीटीवी कैमरे से कई प्रकार के फायदे हैं। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस कस्बे में बेहतर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में हमेशा आगे रहेगी। जो भी फरियादी शिकायत लेकर आएगा उसका तत्काल निस्तारण किया जाएगा। अगर कस्बे में कहीं भी अवैध काम हो रहे है, तो उसकी सूचना आप लोग तत्काल हम तक पहुंचा सकते है। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक कुशवाहा, सभासद प्रेमशंकर कुशवाहा, हिम्मन शिवहरे, रवि कुमार, भवानीदीन, पहरा प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुशवाहा, महेवा प्रधान जगदीश सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### मूंगफली का सही मूल्य न मिलने से सदमे में किसान, मौत

**महोबा।** गल्ला मंडी में अपनी उपज बेचने आए 35 वर्षीय किसान की उपज का सही मूल्य न मिलने के कारण सदमे से उसकी मौत हो गई। बीच बाजार किसान जमीन पर अचेत होकर गिर पड़ा और उसने दम तोड़ दिया। युवा किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। किसान की अचानक हुई मौत की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बता दें कि मृतक किसान हमीरपुर जिले के जरिया थाना के जमोड़ी ग्राम निवासी नारायण निषाद था। नारायण के पास करीब डेढ़ बीघा अपनी जमीन है और छह बीघा जमीन उसने बलकट पर लेकर खेती की थी। इस बार खेती में सिर्फ़ तीन क्विंटल मूंगफली की पैदावार हुई थी, जिससे वह पहले ही परेशान था। वहीं उसे उपज का सही रेट नहीं मिल पाया नतीजन सदमे से उसकी कृषि मंडी में ही मौत हो गई। बताया जाता है कि वह महोबा मंडी में मूंगफली बेचने आया था, जहां सरकारी रेट 6783 रुपए प्रति क्विंटल होने के बावजूद भी मंडी में व्यापारी सिर्फ 42 सौ रुपए प्रति क्विंटल ही रेट दे रहे थे। उसे अपनी उपज का सही दाम ही नहीं मिल पाया। किसान बिक्री के दाम को सुनकर सदमे में आ गया। बेचैनी की हालत में वह पानी पीने गया लेकिन तभी अचानक वहीं अचेत होकर गिर गया। साथी किसान और परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

### जिले के व्यापारियों ने की प्रदर्शनी पर रोक लगाने की मांग



**महोबा।** मुख्यालय के जिला पंचायत डाक बंगला मैदान में मनोरंजन के नाम पर प्रदर्शनी लगाकर व्यापारियों का आर्थिक नुकसान होने से परेशान व्यापारियों ने एसडीएम से शिकायत कर प्रदर्शनी पर पाबंदी लगाई जाने की मांग की है व्यापारियों ने मनोरंजन के नाम पर घटिया किस्म की के खाद्य पदार्थ एवं गर्म कपड़ों रेडीमेड एवं अन्य प्रकार की दुकान लगने से सरकार के जीएसटी राजस्व के क्षति होने बात कहते हुए अनुमति निरस्त करने की मांग की है। महोबा में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने उपजिलाअधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि महोबा मुख्यालय के जिला परिषद डाक बंगला मैदान में मनोरंजन के नाम पर वर्ष में तीन से चार बार प्रदर्शनी लगाई जा रही है। जिससे स्थानीय व्यापारियों का बाजार पूरी तरह से बर्बाद हो रहा है व्यापारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदर्शनी में बहुत ही घटिया किस्म के खाद पदार्थ की बिक्री से लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तो वही गर्म कपड़ों और रेडीमेड फर्नीचर सहित कई प्रकार की दुकान लगाई जाने से आर्थिक नुकसान हो रहा है तो वहीं सरकार के राजस्व की भी क्षति हो रही है व्यापारियों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है की प्रदर्शनी की अनुमति निरस्त नहीं की जाती तो व्यापार मंडल इसका विरोध कर कपड़ा आदि की दुकानें पूरी तरह बंद करने को मजबूर हो जाएगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। व्यापारियों के इस प्रदर्शन को देख प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। तो वहीं प्रदर्शनी संचालक सकते में आ गए हैं।

# हिस्ट्रीशीटर ने साथियों के साथ आकर युवक को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

गेस्ट हाउस मालिक द्वारा रंगदारी न देने पर हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर युवक को तमंचे की बटों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित गेस्ट हाउस मालिक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे के चौबटटा मोहल्ला निवासी फहीम बेग पुत्र सलीम बेग ने बताया कि वह एक गेस्ट हाउस का मालिक व कारोबारी हैं। दो नवंबर की रात करीब नौ बजे शादी कार्यक्रम से लौट रहा था। तभी पठनऊ में खड़े बसीम कुंजड़ा पुत्र शमीमए इमरान पुत्र शब्बीर व तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया। बताया कि उक्त लोग पचास हजार रुपए की रंगदारी मांगने लगे। जब उसने कहा कि पचास हजार रुपए क्यों दूं। इतना कहने पर उक्त युवक मारपीट करने लगे। जैसे तैसे वह अपनी जान बचाकर भाग गया। बताया कि मंगलवार की रात साढ़े नौ बजे वह घर पर खड़ा था। तभी बसीम कुंजड़ा, इमरान पठान अपने साथियों के साथ पास आया तो गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर मारने के लिए दौड़े तो वह अंदर घुस गया। उक्त युवक पीछे से घुस आए। बताया कि बसीम व इमरान ने तमंचों की बट से मारा.पीटा। मारपीट से उसके सिर व कान से चोटें आई हैं। मोहल्लेवासियों के चिल्लाने पर वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। बसीम कुंजड़ा व इमरान को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षिका तबादला किया नहीं, शिकायतकर्ताओं पर दर्ज कर दी रिपोर्ट

> ग्रामीणों ने बच्चों के साथ जाम लगाकर किया विरोध, दो दिन में शिक्षिका का तबादला नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**




मौदहा विकास खंड के गांव सिजनौडा के प्राथमिक विद्यालय से हेडमास्टर नेहा गुप्ता का तबादला नही किया गया बल्कि हेडमास्टर ने एक ग्रामीण व शित्रा मित्र पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

जाानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में मासूम बच्चो सहित महिलायें मौदहा तहसील गेट पहुंचकर नारे बाजी कर सड़क जाम कर दी जिस पर उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन लेकर कार्यवाही की बात कहते हुए जाम खुलवाया। ग्रामीणों ने 48 घंटे में कार्यवाही न होने पर जिले में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। हेडमास्टर नेहा गुप्ता कार्यशैली से परेसान अभिभावकों ने बीती 28 अक्टूबर को उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर प्रधानाध्यापिका पर शिक्षण कार्य को सही ढंग से न करने व मिडडे मिल के भोजन में अनिमितताओं की शिकायत व अभिभावकों से अभद्र व्यवहार करने की शिकायत कर तत्काल उसे विद्यालय से हटाए जाने की मांग की थी साथ ही ग्रामीणों ने कहा था कि जब तक उसे स्कूल ट्रांसफर अन्यंत्र नही किया जाता तब तक वह अपने बच्चों को स्कूल नही भेजेंगे ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद उक्त अध्यापिका ने ग्रामीणों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी थी और उसी के बाद शिक्षिका ने तीन नवंबर 24 को प्रधानाध्यापिका द्वारा गांव के हरिओम साहनी व शिक्षामित्र शांति देवी सहित आठ अज्ञात लोगों पर शिक्षण कार्य मे बाधा व विद्यालय अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ करने जैसे संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया जिसकी भनक लगने के बाद ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा और सैकड़ों की तादाद में मौदहा तहसील पहुंच मुख्य मार्ग में छोटे.छोटे मासूम बच्चों के साथ महिला पुरुषों के साथ सड़क में बैठकर जाम लगाते हुए नेहा गुप्ता हाय हाय, शिक्षा विभाग मुर्दाबाद, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के जमकर के नारेबाजी की।

ग्रामीण अभिभावकों ने कहा की राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने ग्रामीणों पर ही मुकदमा दर्ज कर नेहा गुप्ता की कमियों को छिपाने का काम किया गया है। जिससे नाराज सैकड़ो ग्रामीणों ने तहसील के सामने जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन हालातों के बीच मासूम बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ जारी है।

### मासूम की मौत पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** ट्रैक्टर चालक ने दो वर्षीय मासूम को रौंदते हुए मौत के घाट उतार दिया जिसपर पुलिस ने पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के कपसा गांव निवासी सोहनलाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय मुरलिया ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को दोपहर उसकी दो वर्षीय पुत्री लक्ष्मी घर के बाहर खेल रही थी तभी सुरौली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर जिसमें सवार चालक बबलू यादव ने उसकी पुत्री को रौंद दियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसपर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर चालक बबलू यादव निवासी टिकरी बुजुर्ग के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# बिजली स्टोर से सामान न मिलने के कारण किसान निराश होकर चले जाते हैं वापस

> दिनभर भूखे-प्यासे इंतजार करते हैं किसान

**हमीरपुर।** बिद्युत विभाग के स्टोर में नलकूप स्थापित करने की सामग्री नही है जिससे दूर दराज के किसान यहा आकर भटकते हैं और निराश होकर वापस चले जाते हैं। यही नहीं स्टोर के एसडीओ का कही पता नहीं रहता है। जानकारी के मुताबिक जिले में धड़ाधड नलकूप स्थापित हो रहे है। सभी किसानों ने छह माह पहले ही स्टोर से सामान लेने के लिये पैसे जमा कर दिये थे मगर किसानों को सामान नहीं दिया जा रहा है जिससे किसान बेहद परेशान है। यही नहीं टांसफार्मर के लिये किसान एक माह से परेशान है मगर उसे ट्रांसफार्मर नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह पहला मौका है जब किसानों को विजली के सामान के लिये इतने चक्कर लगाने पड़ रहे है। किसानों ने बताया कि एसडीओ के न रहने से वे अपनी शिकायत किसी से नही कर सकते है न ही उनकी कोई सुनने वाला है। अधीक्षण अभियंता जीसी यादव का कहना है कि शासन से सामान आता है समाप्त हो जाता है तो उसे फिर से मंगाया जाता है। इस मामले में वह जांच-पड़ताल करेंगे। इधर बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों की सिचाई प्रभावित हो रही है। किसनों का कहना है कि किसानों की समस्या हल नही हुई तो धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। मजे की बात तो यह है कि एक्शियन का कहना है कि स्टोर एसडीओ इस मामले को जाने उनसे कोई लेना देना नहीं है।

# अवैध वसूली न देने पर ट्रक चालकों को मारपीट कर दिया जाता है जख्मी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

> जिला पंचायत बैरियर गैर जिले व गैर प्रांत में बना चर्चा का विषय, कोई सुनने वाला नहीं

मौरम खदानों से निकलने वाले ट्रकों से टैक्स लेने वाले जिला पंचायत बैरियर में ट्रक चालकों से मारपीट कर मनमानी पैसा वसूला जाता है,जिससे गैर जिले व गैर प्रांत के चालको ने जिले में आना ही छोड दिया है। यही नही मनमानी का आलम यह है कि यदि ट्रक चालको ने बैरियर में लगे गुर्गो के मुहंमागी पैसा नही दिया तो मारपीट कर जख्मी कर देते है। इस मामले की शिकायत गैर जिले की पुलिस से की गया है मगर जिला पंचायत प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है।

जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत बैरियर हमीरपुर का हमेशा चर्चा में रहता है। कई सालों से पंचायत अपनी मनमर्जी से ठेका उठाता है इसके बाद ठेकेदार अपने अनुसार गुंडई के बल पर ट्रक चालको से वसूली करता है। खदान से दूरी बैरियर लगाने व हर गाड़ी की धनराशि निश्चित है मगर ठेकेदार अपनी मर्जी के अनुसार बैरियर लगाता है और वसूली करता है। बैरियर में भारी अनियमितताएं की जा रही है। मगर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे हुये बैठे हुये है। जोट्रक अन्य जिले से खनन शुल्क देकर आते है उनसे कतई शुल्क लेने का प्राविधान नही है मगर सभी ट्रको से वसूली की जाती है बैरियर को लेकर अन्य जिलो में व गैर प्रांत में शासन व प्रशासन की छवि खराब हो रही है मगर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। चालको का कहना है कि जब वह बैरियर गुजरते है तो उनकी रुह कांप जाती है। कई चालकों को जख्मी किया जा चुका है। मगर उनकी कोई सुनने वाला नही है। अपर मुख्य अधिकारी अंबेश उज्जवल का कहना है कि जाांच में सभी बैरियर सही संचालित है।

# पत्रकारों के समर्थन में उतरे ब्राह्मण

> समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में ब्राह्मण समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए बीते दिनों हमीरपुर जिले के सरीला कस्बे में दो ब्राह्मण पत्रकारों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमा और उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने गुर्गो के साथ मिलकर किये गए अमानवीय कृत्य के मामले का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप पीड़ित पत्रकारों की सुरक्षा एवं पत्रकारों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लेने और पीड़ित पत्रकारों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग उठाई गई है।

दरअसल आपको बता दें कि बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले के सरीला कस्बा में बीते दिनों दो पत्रकारों अमित द्विवेदी एवं शैलेन्द्र मिश्रा को नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने गुर्गो के साथ मिलकर बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने और अमानवीय कृत्य करने एवं पीड़ित पत्रकारों के ही खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराए जाने से आक्रोशित होकर पत्रकारों के बाद अब ब्राह्मण समाज ने भी एक स्वर में दबंग नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उसके गुर्गो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने एवं पीड़ित पत्रकारों को आर्थिक सहायता दिलाने और पत्रकारों की सुरक्षा की मांग उठाई है। ब्राह्मण समाज द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को सौंप दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई गई है।

प्रदर्शन के दौरान मनोज शुक्ला, कमलनयन चतुर्वेदी, भागीरथ नगायच, आदर्श तिवारी, अजय दीक्षित, देवेंद्र सुल्लेरे, जुगल किशोर द्विवेदी, आलोक शर्मा, अनुज तिवारी, कृष्ण गोपाल द्विवेदी, योगेश पाठक, संजय दीक्षित, रविभान, चरण, अनुज अवस्थी, प्रदीप पांडे, गौरव मिश्रा, भूपेंद्र द्विवेदी, महेन्द्र समधिया, के के पाठक सहित सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

### चोरों ने बाइक की पार

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के बड़ा चौराहा निवासी हाशिम पुत्र कासिम ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह सिंचाई विभाग कार्यालय में बनी दुकानों में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान किए हुए हैं और प्रतिदिन की तरह जब वह अपने दुकान आता है तो क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पीछे पुरानी तहसील कैंपस में अपनी बाइक अन्य गाड़ियों के साथ खड़ी करता रहा है लेकिन जब वह दिनांक 7 नवंबर को वह अपनी दुकान आया और वहीं निर्धारित जगह अपनी बाइक को खड़ी कर लॉक करके अपनी दुकान आ गया और शाम 6 बजे वह गाड़ी लेने के लिए पुरानी तहसील कैंपस में गया तो उसकी गाड़ी वहां मौजूद नहीं थी। उसने तहरीर के माध्यम से बताया कि गाड़ी की खोज करने में उसने हर संभव प्रयास किया लेकिन जब गाड़ी का कहीं सुराग नहीं लगा तो वह कोतवाली पुलिस से गाड़ी खोजने तथा अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर अपनी बाइक बरामद करने की मांग लेकर आया है।

### समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से हुई चर्चा

**महोबा।** समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक न्यू इण्डिया मार्केट मिल्कीपुरा में जिलाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा संतोष साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य बिंदु ऑनलाइन व्यापार से चौपट होता खुदरा फुटकर व्यापार पर चिंतन, पटरी एवं फुटपाथ दुकानदारों के होते उत्पीड़न पर चर्चा शामिल है। जीएसटी ,श्रम विभाग व खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापारियों को अनावश्यक परेशान किये जाने पर सरकार की मंशा पर विचार कार्यक्रम में जिला कार्यालय से प्रतिनिधि बनकर आये ताहिर उददीन सिद्दीकी जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी व्यापार सभा हमेशा रेहड़ी ,पटरी व खुदरा दुकानदारों के समर्थन में कार्य किया है। जब भी भाजपा सरकार द्वारा इन दुकानदारों का उत्पीड़न किया तो समाजवादी पार्टी ने हमेशा सरकार का विरोध करने का काम किया ऑनलाइन व्यापार ने पूरा खुदरा व्यापार चौपट कर दिया। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि व्यापारी भाजपा सरकार के उत्पीड़न से कराह चुका है जीएसटी, श्रम विभाग व खाद्य सुरक्षा के नाम पर अनेको व्यापारियों को प्रताड़ित किया जाता है। व्यापारी सही होते हुए भी इनके प्रताड़ना का शिकार हो जाता है आज बाजारों में सन्नाटा छाया हुआ है। महंगाई चरम सीमा पर पहुँच चुकी है खाद्य पदार्थों के भाव आसमान छू रहे है। बैंकों के लोन महंगे हो रहे है और बिजली बिलों में बढ़ोतरी जारी है। व्यापारियों के साथ लूटपाठ व जघन्य अपराधों पर कोई लगाम नही लग रही है पूरे प्रदेश में व्यापारी बेहाल हो गया है। इस कार्यक्रम में जिला कार्यालय प्रतिनिधि ताहिर उददीन सिद्दीकी,संतोष साहू जिलाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा ,जलील पठान जिला सचिव, लवकेश राजपूत जिलाध्यक्ष यूथ बिग्रेड, धर्मेंद्र अतरौलिया जिला उपाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा, जागेश्वर पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# कार्यशाला आयोजित कर अपर पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**महोबा।** जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित साई कालेज, महोबा में यातायात जागरूकता को लेकर गोष्ठी का आयोजन प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह व कालेज प्रिंसिपल डॉ. ज्योति की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यात्रा करने के नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि लापरवाही के चलते सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, इसलिए यातायात नियमों की अनदेखी न करें और नियमों का पालन करते हुए हेलमेट अवश्य लगाएं, गाड़ी के कागजातों को लेकर चलें ताकि अनावश्यक चालान के रूप में जुर्माना न भरना पड़े। चार-पहिया वाहनों से चलाने पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नाबालिग कतई वाहन न चलाएं।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान को सार्थक करेंगे बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय के विद्यार्थी

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संपूर्ण प्रदेश में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत महोबा जनपद क्षेत्र की पनवारी विकासखंड अंतर्गत बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय शिक्षण संस्था में संस्था के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन श्री पुष्पेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की विभिन्न वर्ग की छात्राओं का पुष्प माला पहनकर शिक्षक कुमारी रेनू राजपूत एवं श्रीमती प्रीति सक्सेना द्वारा बेटियों का सम्मान किया गया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रश्नोत्तरी के परीक्षा परिणाम में सफल बेटियों को समाज सेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा पद पूजन कर उन्हें साहित्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में पदस्थ शिक्षक मोहम्मद आफताब, डॉक्टर सुनील कुमार राजपूत सकीना हाशमी मनोज कुमार राजेंद्र कुमार दीपक सभी शिक्षकों ने इस कार्यक्रम की सराहना की गई। मुख्य वक्ता संतोष गंगेले कर्मयोगी ने बताया है कि वह प्रतिदिन दो से चार शिक्षण संस्थानों में बच्चों से मिलते हैं।

# कृषि निवेश मेला से किसानों को किया जागरूक

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

किसान कल्याण केन्द्र, पूरेडलई, बाराबंकी में कृषि सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत विकास खण्डस्तरीय कृषि निवेश मेला एवं सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नालाजी योजनान्तर्गत विकास खण्डस्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन ब्लाक प्रमुख, पूरेडलई रत्नेश सिंह, मण्डल अध्यक्ष, भाजपा वीरेन्द्र पाण्डेय, किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, पूरेडलई, बाराबंकी शिवजीत, सहायक विकास अधिकारी, कृषि, पूरेडलई, जिला सलाहकार, कैलाश नाथ पाण्डेय सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक एवं महिला कृषक उपस्थित रहे। साथ ही किसान कल्याण केन्द्र, हरख पर भी उक्त मेला/कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें विधायक, जैदपुर गौरव रावत, जिला कृषि अधिकारी, राजित राम, भूमि संरक्षण अधिकारी, कुर्सी डॉ. विनोद कुमार यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष चट्टान सिंह, सहायक विकास अधिकारी, कृषि, हरख सुरेन्द्र कुमार के साथ ही भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे। इसके साथ ही विकास खण्ड देवा में पर भी उक्त मेला/कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।



जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख इक्ष्वाकु मौर्य, जिला मंत्री, भाजपा अरूणेश वर्मा, उपाध्यक्ष, भाजपा दीपक मिश्रा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, देवा, डॉ. नेहा षर्मा के साथ ही भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे। किसान कल्याण केन्द्र, पूरेडलई में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार द्वारा की में कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं सामयिक कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में किसान भाइयों को अवगत कराते हुये बताया गया कि वर्तमान समय में फसल उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हेतु सर्वाधिक उपयोगिता आईपीएम एवं विषमुक्त खेती की है। उप कृषि निदेशक द्वारा आईपीएम की विभिन्न विधियों के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही पराली प्रबन्धन के बारे में कृषकों को जागरूक करते हुये अपील की गई कि किसान भाई अपने फसल अवशेष कदापि न जलायें। इससे पर्यावरण में प्रदूषण होने के साथ ही खेत की उर्वरा शक्ति भी क्षीण होती है।

## निर्वाचन आयोग ने आवेदकों की सुविधा के लिए चलाया अभियान

**बाराबंकी।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 को जनपद के समस्त मतदान केन्द्रो पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवेदकों से दावे/आपत्तियों प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दिनांक 28 नवम्बर, 2024 निर्धारित है। आयोग द्वारा आवेदकों की सुविधा हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी तिथियॉ 09, 10, 23 और 24 नवम्बर(रविवार) निर्धारित की गयी है।

# शोहदों ने की मासूम से अश्लील हरकत, गिरफ्तार

**मौके पर पहुंची पुलिस, पकड़े गए शोहदे को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी**

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



पिछले कई दिनों से स्कूल जा रहीं छात्रा के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने वाले शोहदों में से एक शोहदे को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव की निवासी छात्रा हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग से स्कूल के लिए आवागमन करती है।पिछले 4-5 दिनों से मोटरसाइकिल सवार तीन शोहदे रास्ते में पीछा करके अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ कर रहे थे। जिसकी सूचना छात्रा ने अपने परिजनों को दी। शुक्रवार की सुबह विद्यालय जा रहीं छात्रा से कल्हनुआ चौराहा के निकट एक बार फिर मोटरसाइकिल सवार तीनो शोहदे अश्लील हरकतें करने लगे की तभी ग्रामीणों ने दौड़ा कर कस्बा हैदरगढ़ के शुभाष वार्ड निवासी अशफाक पुत्र अनवर अली को पकड़ लिया जबकि दो शोहदे भाग निकले। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस पकड़े गए शोहदे को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी। जहां पूछताछ की जा रही है। फरार शोहदे कस्बा निवासी एनुल पुत्र तजमुल व मंसूर पुत्र महमूद बताये जा रहे है।

## हाइवे किनारे मोतीनगर में खड़ी ईको कार हुई गायब

**कालपी (जालौन)।** हाईवे किनारे मोतीनगर में खड़ी ईको कार गायब हो गई। कार मालिक ने उसके चोरी होने की आशंका व्यक्त कर सूचना पुलिस को दी है। लगता है कि क्षेत्र में वाहन चोर गिरोह सक्रिय है वह विगत दिनों में क्षेत्र से कई वाहन गायब कर चुके हैं लेकिन इलाकाई पुलिस अब तक किसी वाहन को खोजने में नाकाम रही है जिससे उनके हौसले बुलंद हो गए हैं और अब उन्होंने हाईवे किनारे घर के सामने खड़ी कार को पार कर दिया है। शुक्रवार को जोल्हूपुर के मजरा मोतीनगर निवासी रघुवीर पुत्र सीताराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जानकारी दी है कि उसकी मारूती ईको कार संख्या यूपी 92 एएच 3156 हाईवे किनारे स्थित घर के सामने खड़ी थी लेकिन शुक्रवार सुबह वह गायब मिली थी जिसकी उसने काफी तलाश भी की लेकिन कही भी नहीं मिली। पुलिस चौकी ज्ञान भारती के प्रभारी जितेन्द्र सिंह के अनुसार सूचना मिली है जांच की जा रही है।



## जीआईसी पोखरा में आयोजित हुआ कैरियर मेला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा में शुक्रवार को कैरियर मेले का आयोजन किया गया। मेले में अतिथियों द्वारा कैरियर हब का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया एवं छात्र छात्राओं को उनके कैरियर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अश्वनी कुमार सिंह, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक गौरव नागर, ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय से डॉक्टर बृजेश कुमार यादव,असिस्टेंट प्रोफेसर बियर विभाग डॉक्टर प्रदीप कुमार सहित तमाम अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को करियर बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश पांडे द्वारा अतिथियों का आभार ज्ञापित किया गया।

# श्रीराम के मर्यादा चरित्र का आत्मचिंतन जरूरी: तरंग

**ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास जी की कुटी पर श्री रामचरितमानस सम्मेलन व महायज्ञ का पांचवा दिन**

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

श्री राम जी पारब्रह्म परमेश्वर है। उनके मर्यादा चरित्र को आत्मसात करना ,उसका चिंतन करना मनुष्य के लिए आवश्यक है। उक्त बात रामनगर से पधारे मानस मर्मज्ञ पं अवधेश शुक्ला तरंग जी ने आज ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास जी की कुटी पर महंत 108 लालता दास जी महाराज जी के द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस सम्मेलन व महायज्ञ कार्यक्रम में बोलते हुए कही।

श्री तरंग जी ने बताया की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी संसार व प्रकृति के नियंता है। उनका प्रत्येक चरित्र शिक्षाप्रद है। हमें चिंतन करना होगा कि भगवान श्री राम के मर्यादित चरित्र को अपने जीवन में हम कैसे आत्मसात करें। उन्होंने बताया कि



माता सती की कथा हमें संस्कारों की ओर ले जाती है। यह अलग बात है कि आज भौतिक युग में कई बार विभिन्न तरीकों से इसका स्वरूप प्रस्तुत किया जाता है। मानस मर्मज्ञ अजय शास्त्री ने कहा कि श्री हनुमान जी महाराज का चरित्र इतना निष्कपट व समर्पित है कि उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामजी की कृपा प्राप्त हो गई।उन्होंने कहा कि कलयुग में राम नाम का सुमिरन मनुष्य को उत्कृष्ट जीवन की ओर ले जाता है। नाम सुमिरन के बिना सब कुछ अधूरा है। राम नाम के बिना हर साधन शून्य है।अमेठी से आए हुए आचार्य देवी प्रसाद पांडे ने कहा कि समर्पित भक्ति से व्यक्ति भगवान की कृपा का पात्र हो जाता है। अयोध्या धाम से पधारे बाबा दीनबंधु जी महाराज ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, लक्ष्मण जी तथा भरत जी एवं शत्रुघ्न जी का जीवन चरित्र इतना उत्कृष्ट है।

# खाटू श्याम का तृतीय महोत्सव का आयोजन 11 नवंबर को

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

श्री खाटू श्याम परिवार हैदरगढ़ द्वारा आगामी सोमवार को तृतीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष डॉ विष्णु कुमार सोनी एवं प्रबंधक/ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जयकुमार सोनी ने बताया कि 11 नवंबर को हैदरगढ़ औसानेश्वर मार्ग पर मन्नत हॉस्पिटल पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ सुबह 10 बजे विजयी हनुमान मंदिर से निकलकर उत्सव स्थल तक जाने वाली भव्य निशान यात्रा से होगा। श्याम परिवार के सह अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वर्णकार मंच के जिला अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने बताया कि इस महोत्सव में शाम 6 बजे से अयोध्या से पधारे गायक संदीप आचार्य, बंकू सिस्टर, लखनऊ से पधारी श्रेया शुक्ला, विनय मिश्रा एवं कानपुर से पधारे अभिषेक शुक्ला द्वारा भजन उत्सव के तहत बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर राधा कृष्ण हनुमान जी की भव्य झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। संचालक सूरज साहू ने बताया कि महोत्सव के तहत बाबा का भव्य शीशमहल दरबार एवं कोलकाता के फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार भी किया जाएगा। एवं श्याम बाबा की रसोई में बना प्रसाद भक्तों के बीच वितरित किया जाएगा। महोत्सव के सफल आयोजन में हैदरगढ़ युवा मंडल परिवार के अध्यक्ष राम अनुज चौरसिया प्रबंधक बृजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में खाटू श्याम भक्तों द्वारा विशेष सहयोग किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जैदपुर, बाराबंकी।** बीती रात एक मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जिसकी सूचना मिलते ही परिवार व क्षेत्र में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के भिटौरा लखन निवासी 25 वर्षीय अंकित वर्मा पुत्र अवध राम वर्मा रात करीब 10 बजे कोठी चौराहे से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे। तभी अजौवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अंकित के सिर मे गंभीर चोटे आईं।घटना की सूचना मिलने पर परिजनो और पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अंकित को जिला अस्पताल भेजा,लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में भारी दुख और शोक का माहौल है। मौके पर पहुचे एसआई जेसी सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।जैदपुर थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### महिलाओं को बताया गया हाथ धोने का वैज्ञानिक तरीका

**जालौन,उरई।** स्टॉप डायरिया कार्यक्रम के तहत टीकाकरण केंद्र हीरापुर में डिटॉल नेट जीरो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक कोऑर्डिनेटर रुद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों से डायरिया से बचने के लिए स्वच्छता को अपनाने की अपील की। टीकाकरण केंद्र हीरापुर में आयोजित स्टाप डायरिया कार्यक्रम में ब्लाक कोऑर्डिनेटर रूद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वच्छता से हमारा स्वास्थ्य बेहतर होता है। जब स्वास्थ्य अच्छा होता है तो हमारी आयु भी बढ़ती है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वह शौच के बाद, खाना बनाने व खाने से पहले साबुन से हाथों को अवश्य धोएं। उन्होंने महिलाओं को हाथ धोने का वैज्ञानिक व सही तरीका बताया। उन्होंने हाथ धोने के छह बिंदु बताए। जिसमें 20 सेकंड तक हाथ धोने के तरीके को बताया गया। कहा कि हाथ धोने से कई तरह की बीमारियां से दूर रहते हैं। गंदे हाथों में बैक्टीरिया पाए जाते हैं।

### किसानों को खाद वितरण के नाम पर परेशान किया तो होगी कार्यवाही

**जालौन,उरई।** किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और उन्हें खाद मिलने में कोई परेशानी न हो इसके लिए एसडीएम विनय मौर्य ने हदरुख बी पैक्स सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। इस समय किसानों पर खेत में खाद की आवश्यकता है। खाद के लिए कई जगहों पर किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चत कराने के लिए एसडीएम विनय मौर्य ने हदरूख बी पैक्स सहकारी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति में डीएपी, यूरिया, नैनो यूरिया के स्टॉक को चेक किया। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिली। इसके अलावा नैनो यूरिया की 250 बोतल स्टॉक में मिली। उपलब्ध खाद का स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया गया। समिति के रखरखाव और दस्तावेज भी चेक किए गए। जिसमें सब ठीक ठाक मिला। समिति के सचिव को एसडीएम ने निर्देशित कर कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा खाद मिलने में न हो पाए।

# अब उत्सव स्थलों पर मदिरा पान के लिए अकेजनल बार लाइसेंस लेना जरूरी

बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनपद के मैरिज लॉनों/ बैंक्वेट हालों/ रिसार्टस/होटल एवं अन्य उत्सव स्थलों पर अकेजनल बार (एफएल-11) (समारोह में मदिरा पिलाने हेतु एक दिन का लाइसेंस) की स्वीकृति बिना यदि आपके यहाँ मदिरा पान का प्रकरण प्रकाश में आता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुये, मौके से शराब को जब्त कर लिया जायेगा तथा आबकारी राजस्व क्षति के दृष्टिगत नियमानुसार सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराते हुये जेल भेजे जाने की कार्यवाही की जायेगी। अकेजनल बार (एफएल-11) का लाइसेंस प्राप्त किये जाने हेतु कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी से नियमानुसार ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त किया जा सकता है।

**जिलाधिकारी बोले...**

निर्देशों के उल्लंघन के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त होती है. तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी-9454465638, आबकारी निरीक्षक नवाबगंज-9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट-8299427050, आबकारी निरीक्षक, हैद्ररगढ़-9454466234, आबकारी निरीक्षक,रामनगर-7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

# ट्रैक्टर में लगाया रिफ्लेक्टर, दी यातायात नियमों की जानकारी

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।

शुक्रवार को मण्डी परिसर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें एआरटीओ ने 75 ट्रैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर लगाकर किसानों को यातायात नियमों की जानकारी दी और उनका पालन करने के लिए प्रेरित किया।

स्थानीय गल्ला मण्डी परिसर में आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ सुरेश वर्मा ने किसानो को यातायात नियमो की जानकारी देते हुये कहा कि वाहनों में रिफलेक्टर बेहद जरूरी है इससे रात के दौरान रोशनी पड़ने पर वाहन दूर से दिखाई दे जाता है और दुर्घटना से पहले सामने वाला सावधान हो जाता है।

वही इस दौरान रिफ्लेक्टर लगाते हुए एआरटीओ प्रवर्तन विनय पाण्डेय ने ट्रेक्टर चालकों को आगाह करते हुए कहा कि इंसान की जान इस दुनियां में सबसे कीमती है इसलिए वह यातायात नियमों के पालन में कोताही न बरते और इसके लिए अपने वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलाए जिससे दुर्घटना से बचा जा सके साथ ही उन्होंने वाहन चालकों को अपने वाहनों के कागजात भी दुरुस्त रखने के लिए कहा जिससे किसी आपात स्थिति में परेशान न होना पडे। इस दौरान मण्डी के प्रभारी सचिव मनोज कुमार के अलावा समाज सेवी सोनू सिंह प्रधान पिपरौधा के अलावा बड़ी संख्या में गल्ला व्यापारी भी मौजूद रहे।



ट्रैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर लगाते एआरटीओ।

## श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र का घमंड किया था चकनाचूर

**जालौन (उरई)।** गूढ़ स्थित शनिधाम पर भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। भागवत कथा में कथा व्यास हर्षिता किशोरी ने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान और सुखी रहने की इच्छा क्रिया कहलाती है। जबकि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र कौशलेन्द्र व धीरेन्द्र तथा पुत्री प्रतीक्षा के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। इन तीनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**राजवीर सिंह पुत्र शिवराज सिंह निवासी समैचीपुर वि0ख0 व थाना नवाबगंज, तहसील कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम OMBATI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1958 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम OMBATI व जन्मतिथि 01.01.1951 है। OMBATI M/o of Army No-3001740K, रैंक, हवलदार जितेन्द्र सिंह तोमर, यूनिट-15 राजपूत, C/O 99 ए.पी.ओ. आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम चाँद का पुरा, तहसील-अम्बा, जिला-मुरैना, मध्य प्रदेश-पिन कोड-476111

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MOHANI DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MOHANI है। MOHANI M/o of Army No-3009849Y, रैंक, हवलदार/क्लर्क नारायण राम आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम दौलतपुरा, जिला-डीडवाना कुचामन, राजस्थान-341309.

## सामूहिक विवाह योजना के लिए पंजीयन कराये : ईओ

**कालपी, जालौन।** नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि आगामी 22 नवंबर को उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसलिए इच्छुक एवं पात्र लोग ऑनलाइन पंजीयन कर ले। उन्होंने बताया कि वर वधू पक्ष के लोगों को पंजीयन कराने के लिये सरल व्यवस्था लागू है। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को विशिष्ट गल्ला मंडी कालपी रोड उरई में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह योजना के कार्यक्रम में वर-वधू पक्ष को निर्धारित जरूरी सामान एवं खाने की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने पात्र लोगों से योजना का लाभ हासिल करने की अपील की है।

# पू.मा. भदेख कंपोजिट विद्यालय में 6 शिक्षक मिले नदारद

कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।

भदेख गांव के कंपोजिट विद्यालय का शुक्रवार को खंड शिक्षाधिकारी जब निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां विद्यालय में पदस्थ शिक्षक ही नहीं बल्कि अनुदेशक ड्यूटी से गायब मिले। इसी के साथ ग्रामीणांचल में नौनिहालों का भविष्य संवारने वाले शिक्षक गांव के बच्चों का भविष्य अंधकार में पहुंचाने के प्रयासों में जुटे हुये हैं।

विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम भदेख में खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह प्रेरणा निरीक्षक हेतु गए हुए थे इस समय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट में 6 शिक्षक नदारत पाए गए। नदारत शिक्षकों में सहायक अध्यापक श्रीकांत अवस्थी, शिखा दीक्षित अनुदेशक, अवधेश कुमार अशोक कुमार, शिक्षामित्र मीरा देवी विद्यालय में नदारत पाए गए। मौके पर प्रधानाचार्य गौरव विद्यालय में उपस्थित मिले। प्रधानाचार्य से पूंछा तो उन्होंने बताया कि बगैर सूचना के यह शिक्षक विद्यालय में नहीं आए। इस उपरांत में खंड विकास अधिकारी द्वारा शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही कर जिला पर बैठे उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की गई। शासन द्वारा शिक्षा नीति पर बड़ी ही जोरदारी से शिक्षा अभियान के तहत सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहा है। जिसमें शिक्षक लापरवाही करते हुए बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उनका भविष्य अंधकार की ओर ले जा रहे हैं।



कंपोजिट विद्यालय भदेख का निरीक्षण करते बीईओ।

## भारत को जानो प्रतियोगिता में बालिकाओं ने लहराया जीत का परचम

**जालौन,उरई।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के तत्वावधान में भारत को जानो प्रतियोगिता के नगर स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जालौन बालिका इंटर कालेज जालौन की बालिकाओं ने पहला स्थान प्राप्त किया। भारत को जानो प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में जालौन बालिका इंटर कॉलेज की स्नेहा कुशवाहा व सान्या सिंह की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मनमोहन सिंह व शिवम गौतम की एनएसटी पब्लिक स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित यह प्रतियोगिता समारोहक अरविंद श्रीवास्तव, संरक्षक सुनील गुप्ता, अनिल माहेश्वरी, जेपी मिश्रा, प्रेम कुमार गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुई।

**वाहन करदाताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू**

# एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत पेनल्टी में मिलेगी छूट

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

परिवहन विभाग की ओर से अब ऐसे वाहन स्वामियों को सुनहरा मौका दिया गया है जिनके लंबे समय से कर बकाया है। विभाग द्वारा ऐसे वाहन स्वामियों का बकाया कर जमा कराने के लिए एक मुफ्त समाधान योजना की शुरुआत की गई है।इस योजना के तहत अब ऐसे वाहन स्वामियों को बकाया कर जमा करने पर पेनल्टी में छूट मिलेगी। शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए आरटीओ आरटीओ प्रशासन अयोध्या संभाग सुश्री ऋतु सिंह ने की। सुश्री सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम,1997 (उत्तर प्रदेश



अधिनियम संख्या 21 सन् 1997) की धारा तीन के अधीन,उत्तर प्रदेश शासन परिवहन अनुभाग-चार की अधिसूचना संख्या 19/2024/ 1225/तीस-4-2024-30-4099 (099)/151/2021 दिनांक 06 नवम्बर 2024 के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पूर्व तक रजिस्ट्रीकृत परिवहन यानों पर संदेय कर में विलम्ब होने पर देय शास्ति के संदाय से इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से तीन माह की अवधि के लिए निम्नलिखित निबंधन और शर्तों पर छूट प्रदान की जाएगी। इसमें परिवहन यानों के ऐसे सभी स्वामी अथवा उनके विधिक वारिस,जिनके मामले विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लम्बित हों।

परन्तु इस सुविधा के लाभ हेतु ऐसे यान पात्र नहीं होंगे जो अधिसूचना निर्गत होने के दिनांक या उसके पश्चात रजिस्ट्रीकृत समस्त प्रकार के परिवहन यान है।उन्होंने बताया कि ऐसे सभी प्रकार के अरजिस्ट्रीकृत परिवहन यान जिन पर अधिसूचना के दिनांक के पूर्व तक बकाया कर संदेय हो एवं लम्बित बकाया जमा न हो।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के देवापार डुगडुइया गांव में सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट हुई जिसमें एक पक्ष के चार व्यक्ति घायल हो गए । घायलों में दो की हालत गंभीर है । एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने पी जी आई लखनऊ रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार पिछले दो दिन पूर्व गांव के ही विनोद मल्ल और अमर सिंह के बीच खेत में रास्ते को लेकर विवाद हुआ था।

जिसमें विनोद के द्वारा अमर सिंह को मारा पीटा गया जब इस बात की जानकारी अमर सिंह के बच्चो को हुई तो वह अपने पिता को लेकर विनोद मल्ल के घर सुलह समझौते के लिए पहुंचे जहां पहले से तैयार विनोद मल्ल और उसके लड़के द्वारा अमर सिंह और उनके लड़के सुधीर सिंह और दीपक सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया , बीच बचाव करने पहुंचे राहुल सिंह पुत्र स्व छेदयी सिंह के लड़के को भी जाम कर पीटा। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग वह पहुंचे और घायलों को लेकर सहजनवा सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां से डाक्टरों ने सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।



घटना की सूचना मिलते ही मौके पर 112 पुलिस पहुंची और आवश्यक कारवाही में जुट गई । गंभीर रूप से घायल सुधीर सिंह को मेडिकल कॉलेज से पी जी आई लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हकीकतपुर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 06/11/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हकीकतपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08/11/2024 से 15/11/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/11/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पंचायत घर परिसर में इंटरलाकिंग कार्य व मिट्टी भराव कार्य | 4.07 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | मैन सड़क से पंचायत घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.78 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | रविन्द्र के घर से जयवीर की बैठक तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.52 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (मालती देवी) ग्रा0पं0 हकीकतपुर, कायमगंज ग्राम विकास अधिकारी (शशीदेव सिंह)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुबेरपुर डूंगरपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 08/11/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुबेरपुर डूंगरपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 09/11/2024 से 15/11/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/11/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शिवनंदन के घर से राजू की जगह तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 6.5 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रमेश के घर से ओमपाल की जगह तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रीना देवी) ग्रा0पं0 कुबेरपुर डूंगरपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शिवपाल सिंह)**

# गणेश पूजन संग रामलीला का हुआ शुभारंभ

**रामलीला में प्रथम दिन नारद मोह, राम जन्म की लीलाओ का हुआ मंचन**



भगवान श्रीगणेश की आरती करते अतिथिगण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास श्री रामचरितमानस अखिल चेतना मंच के द्वारा 42वां वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भूमि विकास बैंक अध्यक्ष रामेंद्र त्रिवेदी, एडवोकेट कृष्णकांत यादव और ग्राम प्रधान मीना बाथम ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान रामेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि भगवान राम का चरित्र अनुकरणीय है। कहा कि श्री राम ने अपने पिता की आज्ञा मानकर 14 वर्ष का वनवास लिया और रावण जैसे पापी का बध कर सर्वत्र राम राज्य स्थापित किया। उन्होंने सभी से अपील कि रामलीला में तन मन से सहयोग करें। जिससे वर्षो से चली आ रही परंपरा का निर्वहन किया जा सके। इसके पूर्व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सागर वर्मा ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। रामलीला में प्रथम दिन नारद मोह, राम जन्म की लीलाओ का मंचन हुआ। इस दौरान अनिल दुबे, सतेंद्र दुबे, प्रधान प्रतिनिधि लालू बाथम, सुनील श्री वास्तव, रिषभ शुक्ला, पीयूष दुबे, कमलकांत कटियार, सचिन मिश्रा, अमर सिंह, सोनम तिवारी, अमन तिवारी, आँशु शर्मा, शुभम दुबे आदि रहे।

**आज निकाली जाएंगी प्रभु श्री राम की बरात**

कमेटी के कोषाध्यक्ष हिमांशु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज शनिवार को सुंदर- सुंदर झांकियों के साथ मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# पोस्टर-क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**क्विज प्रतियोगिता का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कराया**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**





नेहरू महाविद्यालय में पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया छात्र छात्रों ने भाग लिया नेहरू महाविद्यालय छिबरामऊ कन्नौज में प्राचार्य डॉ जयवीर सिंह के दिशा निर्देशन में रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सर्वेश कुमार द्वारा पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया पोस्टर प्रतियोगिता में गोल्डी बी. ए.फर्स्ट सेमेस्टर ने प्रथम, काव्या गुप्ता बीएससी. फर्स्ट सेमेस्टर ने द्वितीय व निधि दुबे बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया क्विज प्रतियोगिता में पलक शर्मा बी. ए. फर्स्ट सेमेस्टर ने प्रथम, खुशी चौहान बी. ए. फर्स्ट सेमेस्टर ने द्वितीय व साक्षी यादव बी. ए. फर्स्ट सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया, क्विज प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ प्रियंका एवं असिस्टेंट प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कराया। दोनों प्रतियोगिताओं के समय डॉ बबीता यादव, डॉ उदय पाल सिंह, डॉ धर्मवीर सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष कुमार, डॉ आशीष गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र मिश्रा, डॉ कृष्ण कुमार यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर लोकेंद्र कुमार सत्यार्थी, डॉ रवि प्रताप सिंह चौहान असिस्टेंट प्रोफेसर बबीता फलोरिया व सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## चार लोगों के विरूद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने दीवार की मिट्टी खोदने के विवाद में गाली गलौज की और महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम नेकपुर कायस्थ निवासी सुनीता देवी पत्नी गिरीश चंद्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 07 अक्टूबर की सुबह लगभग 09 बजे उसके पड़ोसी हर्षित, मिथिलेशा देवी, प्रतीक्षा, दीक्षा दीवार की मिट्टी खोदने के विवाद को लेकर दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# रामलीला में हुआ राम-भरत मिलाप की लीला का मंचन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बहादुरपुर मझिगवां में रामलीला के मंच पर चल रही रामलीला के चौथे दिन राम-भरत मिलाप की लीला का मंचन किया। इस दृश्य को देखकर दर्शक भावुक हो उठे। गुरुवार की रात हुई रामलीला का शुभारंभ बार एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव ललित प्रताप सिंह एडवोकेट ने राम दरबार की झांकी की आरती उतार कर की। पदाधिकारियों ने महासचिव का माल्यार्पण कर श्रीराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।राम वनवास के बाद राम केवट संवाद उसके बाद भरत विलाप करते हैं व निषादराज की मदद से पूरी प्रजा के साथ राम के पास वन में पहुंचते हैं। भरत अपने बड़े भाई राम से अयोध्या वापस चलने की विनती करते हैं, लेकिन राम अपने पिता की आज्ञा का पालन कहकर वापिस जाने से मना कर देते हैं। इसके बाद भरत राम को राजा मान उनकी खड़ाऊ अपने साथ ले जाते हैं। इस अवसर पर रामलीला नाटक के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह फौजी, कार्यवाहक अध्यक्ष सुधीर सिंह, कोषाध्यक्ष समरजीत सिंह, अशोक कुमार सिंह, इंद्रपाल सिंह, यादव, सुरजीत सिंह , प्रदीप सिंह, नारायण सिंह, अरविन्द सिंह, प्रमोद, करन दिवाकर, अजय दिवाकर, कुलदीप दिवाकर, समेत भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# बाल श्रम व नशा मुक्ति अभियान रोकने के लिए किया जागरुक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**सघन चेकिंग अभियान के दौरान दो बच्चों को कराया गया श्रम मुक्त**

शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत, एंव मिशन शक्ति-5.0 व नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द एवं अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी ए.एच.टी. जनपद के कुशल निर्देशन में ए.एच.टी. प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय ए.एच.टी. टीम तथा अरविन्द सिंह नेगी श्रम प्रवर्तन अधिकारी छिबरामऊ , द्वारा कस्बा छिबरामऊ में बस स्टैण्ड, मैन बाजार, हाईवे पर होटल, ढाबो व मैडिकल स्टोर, मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, बाल भिक्षावृत एवं नशा मुक्त व मिशन शक्ति-5.0, ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान 02 बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया। और लोगो को बाल श्रम,बाल भिक्षावृत एंव नशा मुक्ति अभियान रोकने हेतु जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे : एडीओ





चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एडीओ मुनीश कुमार गौर

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के निर्देश पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें अफसरों ने सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शुक्रवार को क्षेत्र के मौरा गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें तालग्राम एडीओ सहकारिता मुनीश कुमार गौर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण करने का भरोसा दिया गया साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधान चन्दा देवी सचिव विमल दुबे की ओर से पंचायत में करायें जा विकास कार्यो की समीक्षा की गई साथ ही पंचायत में वृद्धावस्था विकलांग विधवा पेंशन का मिल रहे लाभ की जानकारी दी गई। तालग्राम विकास खण्ड महिला व बाल विकास पुष्टाहार विभाग की सुपरवाइजर संगीता देवी की ओर नवविवाहिता की गोदभराई कार्यक्रम कराया गया इस अवसर पर रोजगार सेवक शोभाराम कुमार, संतोष कुमार कठेरिया, राकेश पाल, अहिवरन पाल, जयपाल सिंह, दीपू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 21 साल बाद हत्या के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र छिबरामऊ की चौकी सिकंदरपुर क्षेत्र में 21 साल पूर्व हुई घटना के दोषियों को न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा कोतवाली क्षेत्र छिबरामऊ के सिकंदरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत 21 साल पूर्व बलवा का लोक दर्ज किया गया था न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को आजीवन कारावास के साथ 63-63 हज़ार का लगाया जुर्माना 26.10.2003 को अभियुक्तों ने बलवा कर घटना को दिया था अंजाम,एक अभियुक्त की हो गई मौत एक की फाइल है अलग 6 को आज सुनाई गई सजा,मामले में कुल आठ लोग दोषी पाए गए।

### थानाध्यक्ष से लगाई न्याय की गुहार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के तालग्राम थाना अंतर्गत ग्राम सभा बलिया भोजपुरी निवासिनी महिला ने थाना अध्यक्ष से लगाई न्याय गुहारग्राम सभा पलिया बूजपुर निवासिनी शशि पत्नी दीपक दुबे ने थाना अध्यक्ष से लिखित प्रार्थना पत्र में न्याय की गुहार लगाते हुए अपने देवर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया जिसमें देवर के ऊपर बुरी नीयत रखने का आरोप लगाया गया है घटना का अभियोग दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सके।

### जिला सचिव के पद पर किया गया मनोनीत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के जिला अध्यक्ष ने शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सचिव के पद पर किया मनोनीत भारतीय किसान यूनियन प्रधान के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार एडवोकेट ने राष्ट्रीय नेतृत्व की स्वीकृति पर शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सचिव के पद पर शैलेंद्र सिंह को मनोनीत किया।

### युवती व किशोरी को भगाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से युवक युवती व किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गए। काफी खोजबीन के बाद भी जब पता नहीं लगा तो पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार की सुबह लगभग 04 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव का अनूप सिंह बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका।

### करंट लगने से युवती झुलसी

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के पट्टी पवोरा गांव में शुक्रवार की सुबह पूजा कर रही युवती करंट की चपेट में आई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। पट्टी पवोरा गांव निवासी वन्दना( 23 ) पुत्री गुलाब सिंह घर के कमरे में पूजा-अर्चना कर रही थी। उसी दौरान मंदिर में लगी झालरों की चपेट में आने से वह गंभीर रूप झुलस गई। परिजनों ने उसको गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है।

### महिला ने लगाई फांसी, उपचार के दौरान मौत

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कुण्डापुर्वा गांव एक विवाहिता ने बुधवार को घर के कमरे में फांसी लगा ली। हालत गंभीर होने पर परिजन उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को कानपुर में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुण्डापुर्वा गांव निवासी सहेली (30) पत्नी नन्हे ने बुधवार की दोपहर घर में साड़ी की मदद से फांसी लगा ली। विवाहिता को फंदे पर लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने उसको फंदे से नीचे उतारकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

# जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्था में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

डाइट के सभागार में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छिबरामऊ के उप जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर विद्यार्थियो को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया साथ ही विद्यार्थियो के करियर के विषय में भी मोटिवेशन प्रदान किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डाइट हरि सिंह शाक्य ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने साथ साथ अपने परिजनों के वोट भी चेक कर ले,बनवा ले। स्वीप के छिबरामऊ विधानसभा प्रभारी डॉक्टर सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 9,10,23,24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस है जिसमे सभी बीएलओ मतदाताओं की सहायता के लिए बूथ पर उपलब्ध रहेंगे।

आप इन सेवाओं का लाभ वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा भी ले सकते है। कार्यक्रम डाइट प्रवक्ता अनुज दुबे के संचालन में आयोजित हुआ। उन्होंने सभी विद्यार्थियो के मोबाइल फोन में वोटर हेल्पलाइन एप इंस्टाल करके उसके उपयोग के विषय में अवगत कराया।

इस अवसर पर डाइट के समस्त प्रवक्ता, प्रशिक्षु,राजकीय महाविद्यालय ,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज छिबरामऊ के शिक्षको एवम विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया।

# यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है: राकेश दुबे

**तीसरे दिन की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



कथा का रसपान कराते कथावाचक राकेश दुबे।

जब भगवान श्री राम को लंका जाना था। तब भगवान की सहायता वानर और भालुओं ने की थी। इसके बाद श्री राम ने इन्ही वानरों की सेना के सहयोग से महाबली रावण को हरा कर लंका पर विजय प्राप्त की। चारो दिशाओं में प्रभु श्री राम की जय-जयकार होने लगी। आसमान से देवताओं ने पुष्पवर्षा की।

यह बात नगर के मोहल्ला अशोक नगर जीटी रोड स्थित आवास पर चल रही श्री मद भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य प्रवर राकेश चंद्र दुबे ने कही। उन्होने भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मों द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है। तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर स्वजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार करते हैं। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है।

मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता। इस मौके पर कथा परीक्षित वीरेंद्र कुमार, उनकी पत्नी उमा देवी, राजन, शानू, गौरव वर्मा, सूरजभान, सचिन चौहान, रूबी, अनीता, सुनीता आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने 55 खोए मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सौंपे

**11 लाख रुपए बताई जा रही है 55 मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



मोबाइल स्वामी को फोन सौंपते एसपी

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा दिए गए निर्देशन में साइबर क्राइम द्वारा जनपद में खोए हुए 55 मोबाइल फोनों को ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपए बताई जा रही। बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपें गए। मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था। कि उन्हे अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा। किन्तु पुलिस द्वारा किए सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है। मोबाइल धारकों को सचेत करते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया सीईआईआर पोर्टल के विषय में बताया गया कि भारत सरकार केदूरसंचार विभाग द्वारा संचालितइस पोर्टल के माध्यम से आप अपना मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम यूपी कौप एप के माध्यम से /सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है।

इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ सीईआईआर पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर गुम व चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है। इस वर्ष में जनवरी से अब तक सर्विलांस सेल / साइबर क्राइम द्वारा खोए हुए 366 मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 65 लाख रुपये बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किये जा चुके हैं।

# घर लौट रही युवती की ट्रेन के चपेट में आने से मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बाजार से घर लौट रही युवती रेलवे ट्रेक पार करते समय गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को देख स्थानीय लोगों व राहगीरों की भीड़ मौके पर लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलवे ट्रेक से हटवाया और पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। ग्राम मिरगांवा निवासी डॉ. इरशाद की पुत्री शायवीन (18) शुक्रवार की दोपहर बाद लगभग 3.30 बजे गुरसहायगंज से बाजार कर लौट रही थी। टैंपो से उतरने के बाद घर जाने के लिए वह रेलपे ट्रेक पार करने लगी। तभी मिरगांवा गुमटी के निकट गुरसहायगंज से कानपुर की ओर जा रही छपरा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों व राहगीरों की मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। जबकि सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रेक पार करते समय युवती फोन से बात कर रही थी। उसकी शादी तय हो चुकी थी। मझपुर्वा चौकी प्रभारी श्याम पाल पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को रेलवे ट्रेक से हटवाया। इसके बाद शव का पंचनामा भर कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# हाईवे पर ढाबों के किनारे वाहनों को खड़ा करना पूर्ण रूप से वर्जित हो : एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



ट्रक चालकों को हिदायत देते यातायात प्रभारी

दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चलाएं जा रहे चेकिंग अभियान के तहत यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने टीम के साथ देर रात्रि के समय ढाबों के आसपास खतरनाक ढंग से खड़े वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

जिसमें 18 वाहनों के चालान किए गए। वहीं ढाबा संचालकों को यातायात प्रभारी द्वारा सख्त चेतावनी दी। कि यदि नेशनल हाईवे के आसपास ढाबा संचालित करने हैं। तो वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था करनी पड़ेगी। अन्यथा आने वाले कोहरे के समय में यदि किसी ढाबा के आसपास खड़े ट्रैकों से किसी गाड़ी का एक्सीडेंट होगा तो ढाबा संचालक के विरुद्ध भी भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि कोहरे के मौसम से आने के पहले नेशनल हाईवे के किनारे ढाबों के आसपास या तो पार्किंग की व्यवस्था की जाएं। या वाहनों का वहां पर खड़ा होना पूर्ण रूप से वर्जित कर दिया जाए। ताकि रात्रि के समय खड़े वाहनों से दूसरे वाहन टकराकर दुर्घटनाग्रस्त ना हों।

# एसपी ने सप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दंगा नियंत्रण में उपयुक्त होने वाले टियर गैस गन व रबर गन का अभ्यास किया तथा सभी अधिकारी/ कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया तथा प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें, पीआरवीकर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान जीडी कार्यालय, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा,कन्ट्रोल रूम,आर ओ आई पी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम यूपी 112 आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु कुलवीर सिंह व प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण रहे।

# गोली मारकर हत्या करने के मामले में 6 को आजीवन कारावास की सजा

**कारावास व 61,000- 61,000 रुपये का लगाया गया अर्थदण्ड**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

थाना छिबरामऊ में मुकदमा संख्या 586/ 2003 भादवि के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को दोषी पाते हुए प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास व 61,000- 61,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने के संबन्ध में अभियुक्तगण द्वारा वादी व वादी के भाई को रास्ते में घेरकर उनके ऊपर फायरिंग करना व तमंचे के बट व होकियों से मारपीट करना। जिससे वादी के भाई विजय कुमार की मौके पर मृत्यु हो जाना तथा वादी को चोटें आने के सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ पर भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय एफटीसी प्रथम द्वारा अभियुक्तगण राजीव कुमार पाण्डेय उर्फ पप्पू पुत्र श्रीकांत पाण्डेय, मनीष कुमार दीक्षित पुत्र विपिन विहारी दीक्षित, सुनील कुमार पुत्र रामपाल सिंह, विपिन विहारी दीक्षित पुत्र राधेश्याम दीक्षित, विनय शर्मा पुत्र रामचंद्र शर्मा, लला तिवारी पुत्र मुन्ना लाल तिवारी निवासीगण सिकन्दरपुर को आजीवन कारावास व 61,000- 61,000 रुपये के अर्थदण्ड दिया गया।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, शनिवार 09 नवम्बर, 2024


# पुलिस टीम ने छिनैती की घटना का किया खुलासा

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में थाना पुलिस के द्वारा बीते दिन पूर्व सर्राफा व्यापारी से हुई छिनैती की घटना का खुलासा किया है।

बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के करनपुर दत्त निवासी सर्राफा व्यापारी रामनाथ उर्फ कमलेश पुत्र रामस्वरूप जिनकी दुकान थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ढाई में स्थित है। जो अपनी सर्राफा की दुकान बंद कर घर वापस लौट रहे थे, तभी जगदीशानंद आश्रम खुशाली नगला के बीच पीछे से आए युवकों के द्वारा सर्राफा व्यापारी से बाइक में लात मारकर एक जोड़ी पायल, नथुनी, कीपैड मोबाइल तथा 5000 छीन लिए गए थे। जिसका मुकदमा थाना अमृतपुर में पंजीकृत किया गया। थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी के नेतृत्व में चली टीम के द्वारा 12 दिनों के अंदर अभियान चलाकर आरोपियों को गूजरपुर पमारान नखासे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया तथा आरोपी युवक राहुल मिश्रा उर्फ लल्लू मिश्र पुत्र अरविंद मिश्रा निवासी कोड़र शंकरपुर थाना मिर्जापुर के पास से पुलिस ने एक पीली धातु की नथुनी व 200 रुपए व घटना में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

**एक नथुनी, एक जोड़ी पायल, 5000 रूपये बरामद**


पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

दूसरे आरोपी सानू पांडे पुत्र सत्य प्रकाश पांडे निवासी दोषपुर थोक थाना मिर्जापुर के पास से एक जोड़ी पायल व 300 रुपए बरामद किये गए तथा पुलिस दोनों आरोपियों को पड़कर थाने ले आई। पूछताछ करते हुए धारा 304(2) बीएनएस के अंतर्गत धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए चालान कर दिया गया तथा दोनों आरोपियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया। वहीं अभियुक्त राहुल मिश्रा के खिलाफ अलग-अलग थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं तथा सानू पांडे के खिलाफ अलग-अलग स्थान में दो मुकदमे पहले से ही पंजीकृत हैं।

# ट्रेन से कटकर तीन गायों की निर्मम मौत

- एक वर्ष में करीब 600 गायें कट चुकी हैं

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

लगातार गायों के ट्रेन से कटने पर कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि गाय अचानक कट रही हैं या फिर इसके पीछे किसी की साजिश है। बीते दिन भी कई गायें व बछियों की कटकर मौत हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर गुमटी नंबर-138, 139 के पास शुक्रवार सुबह फिर दो गाय कट गईं। वहीं सुबह एक गाय की कमालगंज रेलवे स्टेशन के पास कटकर निर्मम मौत हो गई। सुबह लगभग 7.00 फर्रुखाबाद टू कानपुर पैसेंजर से तीनों गांयों की कटकर मौत हो गई। जिसमें एक गए तो गर्भवती थी। जिसके छिछड़े काफी दूर तक बिखरे नजर आए। मौके पर पहुंचे गौ रक्षा प्रकोष्ठ के लोगों ने प्रधान तथा अन्य सहयोगियों से मिलकर जेसीबी के द्वारा तीनों गायों के शव को दफनाया गया। लगातार हो रही गायों की कटने से मौत पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं कि रोज आसपास क्षेत्र में कहीं ना कहीं गयें कट जाती हैं। जिसके पीछे संदेह है। लगभग 1 साल के अंदर अब तक लगभग 600 गाय कट चुकी हैं। सवाल यह उठता है कि अभी तक इसकी कोई भी जांच क्यों नहीं करवाई जा रही है। इस बात के लिए कोई भी अधिकारी तथा कर्मचारी आगे क्यों नहीं बढ़ता है। इस मौके पर आखिर भारतीय गौ रक्षा महासंघ जिला अध्यक्ष हरि गिरि महाराज तथा प्रदेश महामंत्री अब्दुल जब्बार, पुलिस विभाग से चालक शिवराज सिंह, ग्राम प्रधान रामसेवक उर्फ बबलू आदि लोग मौजूद रहे।


जेसीबी से गड्ढा खोदकर गायों को दफनाते ग्रामीण व पुलिस


# छह स्थानों से हजारों की नकदी व जेवरात चोरी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी राहुल पुत्र नरेन्द्र सिंह अपनी पत्नी खुशबू और बच्चों के साथ भैयादूज मनाने ससुराल गढ़िया फर्रुखाबाद गया था। उसकी अनुपस्थिति में चोरों ने मेनगेट का ताला तोड़कर अन्दर घर में रखी 10 हजार की नगदी सहित चाँदी के खड़ुआ, करधनी, पीतल के बर्तन चोर चुरा ले गये। वहीं नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी देवेन्द्र पुत्र मुन्नालाल भैयादूज पर अपनी की ससुराल हुल्लापुर गया गया था।

घर पर वृद्ध माँ भगवती थी। चोरों ने मेनगेट का ताला तोड़कर हजारों रुपये की चोरी कर फरार हो गये। मोहल्ले के पिपिन पुत्र ब्रजेश चन्द्र शर्मा की परचून की दुकान मोहल्ले में है। चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी अनीता पत्नी स्व0 ब्रजेश शर्मा अपने बीमार दामाद को देखने गई थी। मेनगेट का ताला तोड़कर चोरों ने घर मे रखी 10 हजार की नगदी सहित सोने की एक चैन, सोने की झुमकी, पीतल के वर्तन सहित लेपटॉप चोर चुरा ले गये। अनीता ने बताया की लगभग 3 लाख रुपये की चोरी चोर कर ले गये। वहीं मोहल्ले के आफताब के घर से बर्तन सहित आदि सामान चोर चुरा ले गये।

वहीं नगर के मोहल्ला कूंचा निवासी राम लखन भैयादूज पर अपने परिजनों के साथ ससुराल उदयपुर इटावा गये थे। चोरों ने घर का ताला तोड़कर उसमें रखी 5 हजार की नगदी सहित 100 ग्राम चाँदी, एक जोड़ी पायल चोर चुरा ले गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जॉच पड़ताल की।


बिखरा पड़ा सामान


जांच पड़ताल करती पुलिस


# शासनादेश के अनुसार बच्चों को बांटे गये भुने चने व गुड़

- क्षेत्र तथा जिले के समस्त विद्यालयों में शुक्रवार को चने का किया गया वितरण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

शासनादेश के अनुसार जिला अधिकारी के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को चने का वितरण किया गया।

जानकारी के अनुसार विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज में प्रधानाध्यापक संजीव रंजन के द्वारा शासनादेश के अनुसार अपने समस्त शिक्षकों के साथ प्रत्येक छात्र को 50 ग्राम चने का वितरण किया गया। जिससे छात्रों में खुशी दिखायी दी। बताते चलें कि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर उपलब्धता के आधार पर प्रत्येक छात्र को 50 ग्राम चने चिले, गुड़ 20 ग्राम, गजक, रामदाना या बाजरे के लड्डू छात्रों को उपलब्ध कराने के आदेश दिये गये हैं। जिस पर जिला अधिकारी ने प्रत्येक विद्यालय को आदेशित कर अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिसके चलते क्षेत्र तथा जिले के समस्त विद्यालयों में शुक्रवार को चने का वितरण किया गया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


बच्चों को वितरण करने के लिए स्कूल में रखे भुने हुए चने

# हिंदू एकजुटता के लिए शिव शक्ति अखाड़ा ने निकाली पदयात्रा


पदयात्रा में मौजूद सन्यासी व सनातनी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को नगर पहुंची सशस्त्र सन्यासी पदयात्रा का नगर के लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। शिव शक्ति अखाड़ा के प्रमुख मधुराम शरण शिवाजी ने बताया 25 अक्टूबर से पदयात्रा को बिठूर से प्रारंभ किया गया। पदयात्रा ढाई वर्ष में 21 जिले, 210 ब्लॉक, 70000 गांव में घूम चुकी है।

जिसमें 31 जातियों के सन्यासी मौजूद हैं। इसमें हिंदू धर्म में विघटित जातियों को संगठित करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा हिंदू धर्म के देवी देवताओं के अपमान को अब हिंदू नहीं सहेगा। हिंदुओं को सशस्त्र रहने को भी कहा एवं समाज में बार-बार हो रहे हिंदुओं के अपमान एवं हिंदुओं की धार्मिक आस्था पर प्रहार का प्रतिरोध एक जुट रहकर करने को कहा गया।

इस मौके पर श्याम दुबे, सहयोगी बाबा, योगीराज, अवनीश पंडित, दीपक सुंनार, अमन गुप्ता, पवन गुप्ता, पंकज गुप्ता आदि हजारों सनातनी मौजूद रहे। इस दौरान सन्यासी हिंदुओं का अपमान अब नहीं सहेगा हिंदुस्तान के साथ जय श्री राम के नारों का उद्घोष करके नगर की शांति गेस्ट हाउस से यात्रा प्रारंभ हुई। जो कि नगर के मुख्य मार्गों पर घूमती हुई शांति गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। जहां पर सन्यासी रात्रि विश्राम करेंगे। उनके भोजन का प्रबंध किया गया। इसके बाद हिंदू एवं सनातनियों की एक मीटिंग भी रखी गई है। इस दौरान रवि पाठक, शोभित चतुर्वेदी, श्याम सहयोगी, गौरव दुबे, प्रियंक पालीवाल, अभिषेक गुप्ता, अतुल चौहान, राजन यादव, मनीष, पीयूष, राघव दुबे आदि मौजूद रहे।

# नशे की हालत में सड़क पर गिरा होमगार्ड

- सड़क से उठाकर साथी ने किया सड़क के किनारे

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

जहानगंज थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर निवासी अवनीश कुमार कमालगंज थाना क्षेत्र में होमगार्ड की ड्यूटी करते हैं, लेकिन अपने नशे के कारण वह चर्चा में रहते हैं

जानकारी के अनुसार शहर कस्बों में मुख्य प्वाइंटों पर चेकिंग और पहरा की नजर से नाइट ड्यूटी होमगार्ड की लगाई जाती है। अवनीश कुमार की ड्यूटी रोज की तरह लगाई गई। सूत्रों की जानकारी के अनुसार रोज की तरह वह भी अपनी ड्यूटी करने के लिए अपने ड्यूटी पॉइंट पर पहुंचे, लेकिन नशे की आदत के चलते वह नशे में फंस गए। नतीजा यह हुआ कि नशा ज्यादा हो गया और वह रोड पर गिर पड़े। घटना कमालगंज मुख्य स्टेशन से जहानगंज थाना क्षेत्र के लिए जाने वाली रोड का है। जहां पर अवनीश होमगार्ड गिर पड़े थे। साथ में तैनात साथी ने उनको सड़क से उठाया और सड़क के किनारे किया। साथ ही ई-रिक्शा में बिठाकर उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, लेकिन मौके से गुजर रहे कई वाहनों के द्वारा हॉर्न बजाने के कारण उठ नहीं पाए। तब उनके साथी ने उनको उठाकर सड़क के किनारे किया तथा उपचार के लिए लेकर गए। जहां पर मौके पर उपस्थित डॉक्टर विकास कुमार पटेल ने बताया कि उनके अंदर के अल्कोहल की बदबू आ रही है। खबर लिखे जाने तक डॉक्टर ने नशे की हालत में अवनीश होमगार्ड का मेडिकल परीक्षण कर दवाई देकर साथी के साथ में उन्हें वापस भेज दिया।

# थाने के सामने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों से लगा जाम, एंबूलेंस फंसी

- क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में खनन माफियाओं की बल्ले-बल्ले
- पुलिस प्रशासन तथा खनन विभाग कुंभकर्णीय नींद में

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

शमशाबाद क्षेत्र में अवैध खनन के कारोबार से जुड़े माफियाओं की आजकल बल्ले-बल्ले हो रही है, क्योंकि शमशाबाद क्षेत्र ग्रामीण इलाकों में कुछ ऐसी जगह हैं जहां खानन माफिया बेखौफ होकर मिट्टी का अवैध खनन कर जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराकर जहां एक ओर खनन विभाग को हर माह लाखों रुपए का चूना लगाकर खुद मालामाल हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो शमशाबाद क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार एक लंबे समय से जारी है। चाहे वह बालू खनन हो या फिर मिट्टी का अवैध खनन।

सूत्रों के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अलेपुर के निकट स्थित एक ईट भट्ठे से खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी का अवैध खनन कराया जा रहा। सबसे बड़ी बात यह है जो कार्य माफिया रात्रि के अंधेरे में करते थे वो कार्य आजकल निर्भय होकर दिन के उजाले में कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जरूरतमंद लोगों को मिट्टी उपलब्ध कराने के लिए दिनदहाड़े थाने के सामने से बेखौफ होकर गुजर रहे हैं। इसका नजारा उस वक्त देखने को मिला जिस वक्त शमशाबाद थाना चौराहे के पास से वाहनों का आवागवन हो रहा था।

उस दौरान वाहनों के बीच में जाम में दो एंबुलेंस भी फंस गई, जो किसी मरीज को लेकर जा रही थीं। बराबर में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली जिसका चालक आगे निकलने के लिए हाथ पैर मार रहा था। लोगों का कहना था एक समय था जब खनन माफिया अवैध खनन के कारोबार को अंजाम देने के लिए रात्रि का सहारा लिया करते थे, आजकल वही माफिया पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को चुनौती देकर थाने के गेट से दिन के उजाले में गुजर रहे हैं। कुछ माफिया चंद ट्राली मिट्टी खनन का परमिशन लेते और बदले में दोगनी तिगनी से भी ज्यादा खनन कार्य करते हैं। अफसोस पुलिस प्रशासन खबर के बावजूद भी कुंभकरणीय नींद में सोता हुआ नजर आ रहा है।


जाम में फंसी एंबूलेंस व मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली

## माहौर वैश्य सभा का वार्षिकोत्सव आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। माहौर वैश्य सभा द्वारा वार्षिकोत्सव 9 नवम्बर को नाला मछरट्टा स्थित कांच वाले मंदिर में सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक सम्पन्न होगा। 10 नवम्बर को भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें। यह जानकारी अध्यक्ष उमेश चन्द्र गुप्ता ने दी है।

# खेल मैदान पर ग्रामीणों ने किया अतिक्रमण, लगा कूड़े का अंबार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

सरकारी धन से ग्राम पंचायत में बनाये जा रहे पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय तथा खेल मैदान का ग्रामीण व प्रधान दुरुपयोग कर रहे हैं। जिसके चलते खेल मैदान पर कूड़े के अंबार लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योनी मे शासनादेश के अनुसार बनाए जा रहे पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, खेल मैदान जिन पर सरकार द्वारा लाखों रुपया खर्च कर ग्राम पंचायत के सचिव तथा ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन वहीं इसके रक्षक ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक उसकी रक्षा तथा देखना तो दूर की बात है, खेल मैदान में कूड़े तथा मालवे के अंबार लगे हैं। जिसमें इस और कोई भी अधिकारी व कर्मचारी ध्यान नहीं देता है। जब इस बाबत ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार से बात करनी चाही, तो उनका फोन नॉट रीचेबल जा रहा था। जिससे उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यो की मीटिंग विकास खंड कार्यालय तथा जिला कार्यालय पर ही समाप्त हो जाती है, लेकिन कोई भी अधिकारी ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्य की धरातल स्तर पर कोई भी जानकारी नहीं करते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण है ग्राम पंचायत ज्योनी में खेल मैदान में लगे कूड़े के अंबार।


खेल मैदान के बाहर ग्रामीणों द्वारा किया गया अतिक्रमण

# विधिक सेवा दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन



संबोधित करते विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर फतेहगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज संजय कुमार सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा, लॉ फैकल्टी के डॉ0 राजपाल सुमन, लीगल एट डिफेंस काउंसिल के चीफ़ शिव नरेश सिंह, सीता सिंह, प्रशांत गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि अपर जिला जज संजय सिंह द्वारा विधि सेवा प्राधिकरण के संबंध में विस्तृत विधिक जानकारी दी गई। जवाहर सिंह गंगवार द्वारा विधि से संबंधित विभिन्न घटनाओं का वर्णन किया गया।

सुरेंद्र कुमार राणा द्वारा साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिवक्ता रघुवर दास, शिव नरेश सिंह द्वारा नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रोग्राम की अंत में गोगा जादूगर द्वारा जादू दिखाया गया।

# जानलेवा हमले में तीन अभियुक्तों को सात-सात वर्ष का कारावास

- दस-दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



जानलेवा हमले में अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-7 अंकित कुमार मित्तल ने तीन अभियुक्तगणों को सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं दस-दस हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।


दिनांक 10.04.2016 को प्रातः 6 बजे नवाबगंज-बबना मार्ग पर अपने बने मकान के पास जानवरों को चारा डाल रहे थे। उसे जान से मारने की नियत से गांव के ही अवधेश दुबे पुत्र कन्हैया लाल, कुलदीप पुत्र अवधेश व रमाकांत दुबे पुत्र ओमप्रकाश दुबे मोटर साइकिल से आये और अवधेश ने ललकार कर आवाज दी मार दो सालों को। रमाकांत व कुलदीप दोनों ने एक साथ फायर किये। जिससे उसके दाहिनी हाथ में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। फायर की आवाज सुनकर रामलखन पुत्र होरीलाल, भवनेश कुमार पुत्र महाराय ने दौड़कर ललकारा, जिस पर अभियुक्तगण फायर करते हुए मोटर साइकिल से भागे और कहा कि अबकी बार जिन्दा नहीं छोड़ेंगे, इन लोगों ने थोड़ी दूर तक पीछा किया, लेकिन अभियुक्तगण मोटर साइकिल पर सवार होने से भाग गये। गांव के लोग मुझे थाने लेकर गये। दरोगा ने अस्पताल के लिए भेजा, लेकिन हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पर हड्डी का सर्जन न होने के कारण मथुरा इलाज कराने चला गया। वापस आने पर प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर नवाबगंज पुलिस ने मु0अ0सं0 159/2006 धारा-307, 504, 506 भारतीय दण्ड संहिता में दर्ज किया। अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-7 अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्तगण रमाकांत पुत्र ओमप्रकाश दुबे, अवधेश दुबे पुत्र कन्हैया लाल, कुलदीप पुत्र अवधेश दुबे निवासीगण ग्राम नगला विनायक थाना नवाबगंज को आरोप अंतर्गत धारा-307, 504, 506 भारतीय दण्ड संहिता के आरोप में दोषी पाते हुए सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं दस-दस हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्तगणों को एक-एक माह का कारावास भुगतना होगा। वहीं आरोप धारा-504 भा0द0सं0 में एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की अदायगी न करने पर सात-सात दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 506 भा0द0सं0 में दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की अदायगी न करने पर सात-सात दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा।

# ग्रामीण चौपाल में एडीओ पंचायत व सचिव ने सुनीं समस्यायें


चौपाल में मौजूद ग्रामीण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम पंचायत में ग्रामीण चौपाल में एडियो पंचायत तथा ग्राम सचिव ने जनता की समस्याएं सुनीं। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिलखना में सहायक विकास खंड अधिकारी, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह तथा ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार तथा ग्राम प्रधान कुरार ने ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में शासनादेश के अनुसार चलाए जा रहे चौपाल अभियान के तहत चौपाल लगाकर अपने ग्राम पंचायत के ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुना तथा सभी समस्याओं का निस्तारण करने का लोगों को आश्वासन दिया। जिसमें लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। नाली सफाई, गली में अतिक्रमण आदि लोगों ने समस्याएं बताई। जिस पर सभी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी, एडियो पंचायत ने जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने की बात कही। इस मौके पर एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम सचिव कुमार गौतम, ग्राम प्रधान सुनील कुमार सिसौदिया, रोजगार सेवक नितिन कुमार सिसौदिया तथा पंचायत सहायक व ग्रामीण क्षेत्र की जनता बैठक में उपस्थित रही।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर भाई-बहन को पीटा


घटना की जानकारी देते पीड़ित भाई बहन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊरसीदाबाद निवासी अर्पित उम्र 24 वर्षीय पुत्र रामकिशोर ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरे मोहल्ले के नेकराम पुत्र भगवानदास ने हमारे पिता पर हमारा मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए गाली -गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गालियों का विरोध करने पर नेकराम अपने परिवार के टिंकू, भगवानदास, डोली पत्नी टिंकू ने एक राय होकर लाठी-डन्डों से मारापीट करने लगे। हमें पिटता देख बीच बचाव के लिए आई मेरी 16 वर्षीय बहन कशिश को भी उक्त लोगो नें मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर भाई अर्पित, बहन कशिश का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वांचल विकास समिति द्वारा शुक्रवार की सुबह उपाध्यक्ष प्रमोद झा की अध्यक्षता में सुबह लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का आयोजन हुआ। डॉ. समीम अहमद की देखरेख में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में पांचाल घाट गंगा तट पर बड़ी धूमधाम से उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया की पूजा की गई।

विभिन्न प्रांतों में आस्था के साथ यह पर्व मनाया जाता है। बड़ी संख्या में व्रतियों ने सुबह उठकर पांचाल घाट पर पहुंचकर पूजन किया। 36 घंटों का निर्जल व्रत रखकर सिर पर सूप में फल, ठेकुआ, हरी सब्जी, फल, नारियल, गन्ना आदि को सजाकर, दीप जलाकर पैदल चलकर गंगा मइया को खुश करने के लिए पूजन किया। घाट पर श्रद्धालुओं ने चटाई आदि ले जाकर पूजन किया। पटाखे व फुलजड़िया छुड़ाकर आनंद लिया गया। छठ मइया के गीत गाये गये।



सूर्य पूजन करती डॉ. अनीता रंजन व अन्य व्रती महिलायें

सूप को सिर पर रखकर गंगा जी के अंदर प्रवेश किया गया। सूर्य की ओर मुख करके पूजन किया और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। प्रशासन ने सहयोग किया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के अलावा बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रहा। गंगा जमुनी तहजीब के तहत केदार शाह की अध्यक्षता में पांचाल घाट पर भव्य रुप से छठ मइया की पूजा अर्चना की गई।

छठ पूजा त्योहार मनाने के लिए सालों से गंगा तट पर व्रती आकर पूजन करते है और पूरी साल बेसब्री से इंतजार करते है। सभी व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की प्रार्थना की और 36 घंटे का निर्जला व्रत को समाप्त किया। व्रतियों के साथ उनके परिवार के लोग पहुंचे और प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर पंडित हरेन्द्र दुबे, अजय भट्ट्, मुकेश दास, रविन्द्रनाथ राय, शोभादेवी, मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक पीजी कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक पीजी कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन, सीता शाह, रंजना झा, डॉ. रजनी सरीन, बीबी सिंह, अरुण पाण्डेय, नथुनी गुप्ता, रामबाबू, नौशाद आलम, श्याम कटियार, अब्दुला खान, अजय त्रिवेदी, आशू अवस्थी, कैलाश मिश्रा, सुनीता, रिचा अवस्थी, अतुल, रामगोपाल, रामदास, मनोरमा, मनीषा, सुष्मिता राय आदि लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता सभा की बैठक में प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की उठायी गयी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक कचहरी परिसर फतेहगढ़ में संपन्न हुई। अध्यक्षता अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र शाक्य ने की।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि आज प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ बहुत ही निंदनीय घटनाएं घटित हो रही हैं, जिस पर जिस पर अंकुश लगाया जाए और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किया जाए। कुछ दिन पहले गाजियाबाद में जो घटना घटित हुई है उसमें सभी पीड़ित अधिवक्ता को सरकार कम से कम दो लाख मुआवजा दे। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्र में अत्यधिक वोट बढ़ाएं। जिससे 2027 में हम सभी लोग सरकार बना सके। विधानसभा उपचुनाव करहल में सभी पदाधिकारी एक-एक दिन समय अवश्य निकाल कर चुनाव प्रचार में पहुंच कर पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव को जिताने का काम करें। इस दौरान



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

अधिवक्ता कुंवर सिंह यादव, अचल प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह यादव, नरेंद्र सिंह, कुलदीप यादव, अमन वर्मा, दिवाकर शाक्य, शिवम शाह, विकास राठौर, मोहम्मद शमीम खान आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएन कॉलेज में तकनीकी विशेषज्ञों की कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में जनपद के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं तकनीकी विशेषज्ञों, कम्प्यूटर आपरेटर को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के समर्थ पोर्टल से सम्बन्धित समस्या निराकरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



कार्यशाला में मौजूद प्राचार्य व अन्य शिक्षक

विश्वविद्यालय से आए राकेश कुमार (परीक्षा नियंत्रक), सरोज द्विवेदी (सिस्टम मैनेजर), अजय कुमार गौतम (डिप्टी रजिस्ट्रार), तकनीकी कर्मी रवि सिंह की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक द्वारा आयोजित कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। सिस्टम मैनेजर ने सभी तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया। डिप्टी रजिस्ट्रार ने प्रोजेक्टर की मदद से छात्रों द्वारा भरी जाने वाली सूचनाएं तथा महाविद्यालय द्वारा भरी जाने वाली सूचनाएं आईडी पासवर्ड की मदद से डेमो देकर समझाया। कार्यशाला में राजकीय, अशासकीय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों व तकनीकी कर्मी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने सभी का आभार व्यक्ति किया एवं आये अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीयगान के साथ हुआ। संचालन डॉ. एचएसएन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के तकनीकी शिक्षक विनय कुमार बाथम, आलोक राजपूत, आदित्य कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जब-जब धर्म की हुई हानि, तब-तब भगवान ने मानव रुप में लिया अवतार : राजकुमारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

21वें मानव सम्मेलन श्री राम कथा की अमृत वर्षा में महोबा से पधारी मानस माधुरी राजकुमारी ने कहा पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार, बड़े धर्म की हानि होती है तब तब भगवान मानव के रूप में अपने भक्तों की रक्षा, धर्म की स्थापना, मानव कल्याण के लिए अवतार लेते हैं।

चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी शुभ मुहूर्त मधुमास में भगवान श्री राम का जन्म होता है। अयोध्या में खुशियां मनाई जाती है, मंगल गीत बधाई दी गई। आयोजन समिति के बृज किशोर सिंह किशोर, भारत सिंह, शकुंतला कनौजिया, शारदा सिंह, मधु गुप्ता, राहुल कनौजिया ने खुशियां मनायी और बधाई गीत गाये। आचार्य सर्वेश शुक्ला, पंडित अरविंद चतुर्वेदी, मंगलाचरण स्वास्तिक वाचन करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। आदित्य कुमार त्रिपाठी ने कहा श्रीमद् भागवत कल्पवृक्ष है, तुलसी रामचरित मानस, समग्र वेद पुराण, शास्त्रों के रसों का अमृत है, जिसमें मानव जीवन का सार है, जो भारतीय संस्कृति की धरोहर है। शारदा शर्मा ने कहा कि हनुमान जी महाराज के अष्ठ सिद्ध के दाता हैं, उनकी उपासना करने से मन वांछित फल मिलता है।



श्रीराम कथा का रसपान कराती मानस माधुरी राजकुमारी

अरिमर्दन शास्त्री ने सुमित्रा माता के चरित्र और पुत्र लखन लाल के कर्तव्य, धर्म परायण, राष्ट्रभक्त, समाजसेवा के रूप में वर्णन किया, धन्य है वह माता जो अपने पुत्र को ऐसे संस्कार देती है।

प्रीति रामायणी गोस्वामी तुलसीदास के सुंदरकांड में हनुमान चरित्र वह धैर्यवान है, विवेकवान है। श्री राम कार्य में निपुणता के साथ लंका में कार्य किया, बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुति दी। गीत संगीत के साथ भजन मधुर सीताराम-सीताराम के साथ भक्तजन भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर गगन सिंह, अभिनव, रामजी, बलराम सिंह, युवराज सिंह, मुकेश सिंह, गुड्डू स्वरूप राजपूत, अजय राजपूत, चिंटू कनौजिया, चंदन सिंह, प्रशांत कुमार सिंह आदि लोगों ने व्यवस्था देखी।

## कर्जदारों से त्रस्त आकर वर्कशॉप संचालक लगायी फांसी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** आर्थिक तंगी व कर्जदारों से तंग कार वर्कशॉप संचालक ने रस्सी का फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली। इससे पूर्व उसने सुसाइड नोट भी लिखकर रखा। जिसमें उसने कर्जदाताओं के नाम भी लिखे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस सुसाइड नोट की भी जांच कर रही है। जनपद कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी निसार अली (45) हाल निवास मोहल्ला तोपखाना लगभग दो वर्ष पूर्व परिवार के साथ जालौन आ गए थे। वह अनस गेस्ट हाउस के पास किराए के मकान में रह रहे थे। साथ ही औरैया रोड पर चुंगी नंबर नंबर चार के आगे एमए मोटर्स मल्टी ब्रांड वर्कशॉप खोला था। जहां वह कारीगरों से डेंटिंग पेंटिंग और अन्य कार्य कराते थे। लेकिन जैसी उम्मीद उन्हें वर्कशॉप के चलने की थी वैसा वह चला नहीं। जिसके चलते उन पर काफी कर्ज हो गया था। यह कर्ज बढ़ता ही जा रहा था।

# हस्तशिल्प हैंडलूम महोत्सव में युवा कवियों ने किया काव्यपाठ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हस्त शिल्प हैंडलूम महोत्सव में युवा कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। नेकपुर कला स्थित कथा मैदान में चल रहे हस्त शिल्प हैंडलूम महोत्सव में युवा कवि का शुभारंभग मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन अखण्ड भारत के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार दीक्षित उर्फ बबलू व विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। राजेश कुमार दीक्षित उर्फबबलू ने कहा कि जनपद कला और साहित्य की धरती है। यहां का इतिहास और संस्कृति बहुत ही पुरानी है। यही पर छायावाद की प्रमुख लेखिका महादेवी वर्मा का जन्म हुआ और आज हमारे जनपद के साहित्यकार पूरे देश में नाम काव्यपाठ कर नाम रोशन कर कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र सोमवंशी ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। जब युवा आगे निकलकर आयेगा, तभी देश और आगे बढ़ेगा। मेला समिति के सदस्य राजू सिंह ने आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता कर रहे गजलकार उपकार मणि उपकार ने कहा आज युवाओं के एक साथ मंच पर देखकर मन बहुत प्रसन्न है। उन्होंने दिन महीने हों या कि साल चले जाते हैं, लोग होते हुए बदहाल चले जाते हैं, उनको अपने या पराये से भला क्या लेना, सियासी लोग हैं बस चाल चले जाते हैं। दिलीप कश्यप कलमकार ने अमर वीर बलिदानी हंसकर सूली चढ़ जाते हैं। रंच नहीं मरने जीने से किंचित घबराते हैं। जिसमें आजादी का शुभ सैलाब दिखाई देता है, भारत माता का सचमुच ही वीर वही बेटा है। सरदार भगत सिंह देश भक्ति की कविता पढ़ी। कवि राम मोहन शुक्ल ने पंछियों का पेड़ पर बसेरा हो गया है, आंख खोल नेक बंदे सवेरा हो गया है।



कार्यक्रम में मौजूद युवा कवि व अन्य

बचके रहना तू इस मतलबी दुनियां से, यहां का हर आदमी लुटेरा हो गया है रचना पढ़ी। कार्यक्रम में नील कमला त्रिवेदी, अमित त्रिवेदी, विभोर सोमवंशी, प्रियांशु पाण्डेय, शुभाशीष पाल, विशाल श्रीवास्तव आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। आयोजक क्रेजी डांस अकादमी के डायरेक्टर मोहम्मद रफी, राजू सिंह, विपिन अवस्थी, अभिषेक कटियार आदि मौजूद रहे।

# प्रा.वि. में बच्चों को वितरित की गई गजक



प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में गजक दिखाते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कक्षा 5 की मानीटर कुमारी चांदनी ने सभी बच्चों को गजक वितरित की। पहली बार गजक खाकर बच्चे बेहद खुश नजर आए। प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में शासन के निर्देश पर गजक वितरण किया गया। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि महानिदेशक कंचन वर्मा द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार परिषदीय स्कूलों में प्रत्येक गुरुवार को, चना, मूंगफली, तिल, बाजरा आदि से बनी सामग्री वितरित की जाएगी। यह व्यवस्था मार्च 2025 तक लागू रहेगी। उपस्थित अभिभावक अशोक कुमार पाल, जयवीर, प्रदीप, देशराज, राजेन्द्र, खेतल सिंह, सत्यवती, मोहिनी, मेमवती, कमलेश राजपूत, आशा, उमा, योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल आदि ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया। एसएमसी अध्यक्ष खेतल सिंह ने कहा कि सरकार की योजना तो अच्छी है, किंतु योजना शुरू कराने से पहले धनराशि देनी चाहिए।

जिला प्रशासन पहले ही कन्वर्जन कास्ट, फलों की धनराशि और रसोईया मानदेय समय से नहीं दे रहा है। भीषण मंहगाई में सभी प्रधानाचार्य पहले से ही कर्ज में डूबे हुए हैं और अब गुरुवार का खर्चा उन्हें और परेशान करेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूर्व की भांति तीन-तीन माह की अग्रिम धनराशि एमडीएम खातों में भेजी जाये, जिससे एमडीएम व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

# भारतीय कृषक एसो. ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर तहसील परिसर मे पहुंचकर ज्ञापन उपजिलाधिकारी सम्बोधित नायब तहसीलदार मनीष वर्मा को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि तहसील कायमगंज के ग्राम भगौतीपुर में नॉन जेड, जमीन सरकारी गाटा संख्या 114 व गाटा संख्या 96 पर श्रीकृष्ण गौतम पुत्र बनवारी लाल, सुदामा देवी पत्नी इतवारी लाल और सतीश चंद्र पुत्र गेंदन लाल निवासी ग्राम भगौतीपुर आदि उक्त जमीन पर गुंडागर्दी व नेतागिरी और दबंगई के बल से अवैध कब्जा किए हैं, जिसे कब्जा मुक्त किया जाये।

वन विभाग के लोग किसानों की जमीनों पर वृक्षारोपण गंगा नदी की कटरी में कर रहे हैं। लेखपालों से जब भूमि माप कराई जाती है। गांव भैंसार में किसानों की जमीन पर वन विभाग अवैध कब्जा ना करें। लोहिया व पुरुष चिकित्सालय कायमगंज में स्वास्थ्य केंद्र की अल्ट्रासाउंड की मशीनें वर्षो से खराब है अल्ट्रासाउंड की सुविधा जनहित में ठीक करवाई जाए। जनपद में खाद की उपलब्धता बढ़ाई जाए और कालाबाजारी रोकी जाए। थाना कायमगंज में तैनात प्रभारी निरीक्षक रामऔतार का थाना कायमगंज से तबादला किया जाये सहित आदि मागें शामिल है। साथ ही किसानों ने कहा कि 18 नवंबर को जनपद में धरना प्रदर्शन होगा व 3 दिसंबर को लखनऊ और अयोध्या में किसान रैली आयोजित कर धरना प्रदर्शन होगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, मुन्नालाल सक्सेना, अमरीश शुक्ला, रामवीर सिंह, बिंदु सिंह, प्रताप सिंह गंगवार, विनीत सक्सेना, रामवीर जाटव, गोपाल तिवारी, विजय शाक्य, श्योराज सिंह, अनुज, श्रीकृष्ण शाक्य आदि उपस्थित रहे।



प्रदर्शन करते किसान नेता

# गंगा तट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में छठ पूजा महापर्व के समापन के उपरांत प्रातः काल में गंगा योद्धाओं के द्वारा पतित पावनी मां गंगा के तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी युवाओं ने गंगा के तट पर फैली गंदगी, पॉलिथीन, खंडित मूर्तियां इत्यादि को एकत्रित कर गंगा तट को साफ किया। गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को भी गंगा के तट को साफ सुथरा रखने के लिए जागरूक किया गया।

कई लोगों को गंगा में पूजा की सामग्री व अन्य सामग्री डालने से भी रोका गया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि हम सभी गंगा के जल में स्नान करके अपने आप को शुद्ध करते हैं, परंतु कहीं ना कहीं गंगा के तट को अशुद्ध करके चले जाते हैं यह बहुत ही दयनीय स्थिति होती है।

हम सभी को चाहिए की जितना हो सके हम गंगा के तट को साफ सुथरा रखें। पूजा की सामग्री एवं अन्य सामग्री को गंगा तट पर ना छोड़े। हमें अपनी गंगा नदी एवं अन्य नदियों को संरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। प्लास्टिक पॉलिथीन का प्रयोग गंगा के तट पर ना करें। हमें गंगा की जैव विविधता को सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। गंगा के तट पर उपस्थित पंडित पुजारी, दुकानदार, नाविकों आदि को भी जानकारी दी गई। जिससे वह गंगा के तट पर आने जाने वाले लोगों को भी गंगा स्वच्छता के लिए जागरुक करते रहे। उपस्थित सभी लोगों गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में प्रशिक्षक रोहित दीक्षित, गंगा योद्धा सुमित कुमार, निशु कटियार, पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




स्वच्छता की शपथ लेते गंगा सेवक

# नए भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी करना कला साधक संगम का मुख्य उद्देश्य

## तीन दिवसीय प्रांतीय कला साधक संगम का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती कानपुर प्रांत एवं बुंदेलखंड प्रांत द्वारा प्रांतीय कला साधक संगम उत्सव भवन में कला साधकों का संगम का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत ने दीप प्रज्वलन कर किया। ध्येय गीत के साथ विविध कलाओं की प्रदर्शनी व विचार संगोष्ठी, कला दर्शन के साथ इंद्रधनुषी छटा बिखेरी गयी।

राष्ट्रीय देशभक्ति माता अहिल्याबाई की जन्म शताब्दी को समर्पित कला साधक संगम का उद्देश्य भारतीय कलाओं को संरक्षण देना, भावी पीढ़ी में विलुप्त कलाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से संरक्षण देना, राष्ट्रभक्ति की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाना, नए भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी करना, कला साधक संगम का मुख्य उद्देश्य है।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सांसद मुकेश राजपूत

संस्कार भारती कला साहित्य के साथ वैचारिक संस्था है। संस्कार भारती के संरक्षण में संगोष्ठी के माध्यम से आपसी संवाद प्रशिक्षण कला प्रदर्शनी का आयोजन करना, इसी के अंतर्गत प्रथम सत्र में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन उद्घाटन सांसद मुकेश राजपूत ने किया।

उन्होंने कहा संस्कार भारती कलाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति का संरक्षण का कार्य करती है। मैंने उनकी सांस्कृतिक यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा राष्ट्रभक्ति का कार्य पर्यावरण रंगोली के माध्यम से समाज के निर्माण नए भारत के निर्माण का कार्य कर रही है।

प्रांत प्रमुख देवेंद्र त्रिपाठी, प्रांतीय अध्यक्ष पंडित विनोद द्विवेदी, प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय, दीपा पाठक, अजय पाठक, समरेंद्र शुक्ला, अखिलेश पांडे ने भाग लिया।

प्रांतीय कला साधक संगम का आयोजन उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग संगीत नट्य अकादमी उत्तर प्रदेश ललित कला लखनऊ एवं संस्कार भारती कानपुर प्रांत, बुंदेलखंड प्रांत के सहयोग से महाकुंभ से पहले सरकार द्वारा जगह-जगह संगोष्ठी का आयोजन भारतीय संस्कृति में ज्ञान की परंपरा के उन्नयन में ललित कलाओं भाषा, संगीत, संस्कृति, सामाजिकता में ज्ञान की परंपरा, विचार गोष्ठी, मंथन एवं जन जागरण करना प्रमुख उद्देश्य है। प्रोफेसर जयंत खोत, प्रोफेसर अवनीश चंद्र मिश्रा, डॉ0 देवेंद्र त्रिपाठी, डॉ0 गोपाल कुमार मिश्रा, चित्रकूट लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्वानों एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। जिसमें शोध पत्रों का वाचन कला प्रदर्शनी, रंगोली, भारतीय ज्ञान की परंपरा, वैदिक युग से वर्तमान समय की चुनौतियों का सामना, समाधान एवं आगे बढ़ाना पर संवाद के साथ चिंतन मनन पत्र वाचन के साथ राष्ट्रीय संगोष्ठी का मंथन किया।

मोहित तिवारी, गरिमा देवी, शीला, अर्चना, जयवीर सिंह, हुकुम सिंह, राजीव शुक्ला, नीतू सिंह आदि लोगों ने भाग लिया।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ गोष्ठी आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में मालवीय सभागार में मातृ गोष्ठी का आयोजन हुआ। विद्यालय के अभिभावक के रूप में मातृशक्ति को आमंत्रित किया गया। जिसमें भारी संख्या में माताए एवं बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष मीरा वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति प्रवक्ता राधा वाजपेई, अध्यक्ष शिवराज त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुषार्चन कर किया। छात्र शौर्य शुक्ला ने यह तो माता है माता है भजन प्रस्तुत का सभी का मन मोह लिया। आचार्य पल्लवी एवं आर्तिका ने गीत गाकर माताये व अतिथियों को मंत्र मुक्त कर दिया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने हुए कहा कि माता ही समाज और राष्ट्र की निर्माता हैं। संतान की संस्कारों के रोपण का कार्य माता द्वारा ही किया जाता है, जो कि विद्यालय और परिवार के बीच एक सेतु का कार्य करती है। जिसमें अच्छे एवं बुरे सभी कर्मों को परीक्षण कर माता बुरे कर्मों को दूर कर सही रास्ते पर ले जाने का अथक प्रयास कर अपने बच्चों को श्रेष्ठ बना सकती है। इस अवसर पर अंजलि, अमृता, अपर्णा, रितु, पल्लवी, रामानंद पांडे, वीरेश परमार, प्रदीप अवस्थी, प्रदीप शर्मा, प्रदीप सेंगर, प्रखर सक्सेना, आलोक सिंह, शिव मोहन मिश्र, रजनीश, संजीव कुमार, बृजपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार एक बीमारी, जड़ से खत्म किया जाना जरूरी : राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार को आर्थिक प्रगति में बाधक बताया और कहा कि इसका व्यापक प्रभाव देश की एकता और अखंडता पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इस बीमारी की जड़ तक जाना होगा। केवल लक्षणों के जरिये इसे ठीक करना प्रभावी नहीं होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत सरकार की «भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस» की नीति भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर देगी।



▸ अगर कोई भी काम सही भावना और दृढ़ संकल्प के साथ किया जाए तो सफलता निश्चित

राष्ट्रपति आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सतर्कता जागरुकता सप्ताह समारोह को संबोधित कर रही थीं। सीवीसी हर वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाता है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरुकता सप्ताह के इस वर्ष का सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय अत्यंत उपयोगी है। इस मौके पर राष्ट्रपति के साथ मंच पर सेंट्रल विजिलेंस कमिश्नर (सीवीसी) पीके श्रीवास्तव, विजिलेंस कमिश्नर ए.एस. राजीव और सीवीसी सचिव पी. डेनियल उपस्थित थे।

## भ्रष्ट व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई अत्यंत आवश्यक

राष्ट्रपति ने कहा कि भ्रष्ट व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। कार्रवाई में देरी या कमजोर कार्रवाई से अनैतिक व्यक्तियों को बढ़ावा मिलता है लेकिन यह भी आवश्यक है कि हर कार्य और व्यक्ति को संदेह की दृष्टि से न देखा जाए। हमें इससे बचना चाहिए। व्यक्ति की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कोई भी कार्रवाई दुर्भावना से प्रेरित नहीं होनी चाहिए। किसी भी कार्रवाई का उद्देश्य समाज में न्याय और समानता स्थापित करना होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि हर साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर हम देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेते हैं। यह केवल एक रस्म नहीं है। यह गंभीरता से लिया जाने वाला संकल्प है। इसे पूरा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नैतिकता भारतीय समाज का आदर्श है। जब कुछ लोग वस्तुओं, धन या संपत्ति के संचय को अच्छे जीवन का मानक मानने लगते हैं तो वे इस आदर्श से भटक जाते हैं और भ्रष्ट गतिविधियों का सहारा लेते हैं। बुनियादी जरूरतों को पूरा करके आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने में ही खुशी है।

## भ्रष्टाचार करने वालों का परिणाम भी बुरा होता है, वे कभी खुश नहीं रह पाते

राष्ट्रपति ने विश्वास को सामाजिक जीवन का आधार बताया और कहा कि यह एकजुटता की शर्त है और संबंधों को प्रगाढ़ बनाता है। सरकार के कार्य और कल्याणकारी योजना में जनविश्वास से भी शासन को शक्ति मिलती है। उन्होंने भ्रष्टाचार को आर्थिक प्रगति में बाधक बताया और कहा कि ये समाज में विश्वास को भी कम करता है। इससे लोगों के बीच बंधुता कम होती है। इसका व्यापक प्रभाव देश की एकता और अखंडता पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इस बीमारी की जड़ तक जाना होगा। केवल लक्षणों के जरिये इसे ठीक करना प्रभावी नहीं होगा। ट्रेन में यात्री का सामान छूटने और गरीब व्यक्ति द्वारा उसे पुलिस को सौंपे जाने की समाचारों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वह चाहता तो उस सामान को अपने घर ले जा सकता था लेकिन गरीब होने के बावजूद उसे सही गलत की पहचान है। ये नैतिकता ही भारतीय समाज का आदर्श है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज सीमित संसाधनों में भी प्रसन्न और संतुष्ट रहते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों का परिणाम भी बुरा होता है। वे कभी खुश नहीं रह पाते। उन्हें हमेशा इस बात का डर रहता है कि न जाने कब उनकी अनैतिक और गैरकानूनी गतिविधियां सभी के सामने आ जाएंगी। उनका शेष जीवन भी कारागार में बीतता है और समाज में उनके परिवार को अपमान सहना पड़ता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि अगर कोई भी काम सही भावना और दृढ़ संकल्प के साथ किया जाए तो सफलता निश्चित होती है। कुछ लोग गंदगी को ही हमारे देश की नियति मानते थे लेकिन मजबूत नेतृत्व, राजनीतिक इच्छाशक्ति और नागरिकों के योगदान से स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि इसी तरह कुछ लोगों द्वारा भ्रष्टाचार के उन्मूलन को असाध्य मान लेना एक निराशावादी दृष्टिकोण है।

पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार उन्मूलन की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का हवाला देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से कल्याणकारी सहायता के वितरण में पारदर्शिता आई है। उन्होंने सार्वजनिक खरीद में ई-टेंडरिंग के प्रावधान और ई-मार्केट प्लेस का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत सरकार ने 12 अरब डॉलर से अधिक की संपत्तियां जब्त की हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति से भ्रष्टाचार जड़ से समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से मुक्ति का कार्य भी देश की स्वच्छता के अभियान का ही एक रूप है।

# दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 के करीब पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को 15 इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के स्तर को पार कर गया। वायु प्रदूषण से राजधानी वासियों को अभी कोई राहत नजर नहीं आ रही है। राजधानी के कई इलाकों में हवा में प्रदूषण स्तर गंभीर स्तर पर पहुंच जाने से स्वास्थ्य के लिये खतरनाक साबित हो रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आज सुबह सात बजे के आंकड़ों के अनुसार राजधानी के बवाना इलाके में सबसे अधिक सूचकांक 440 तक पहुंच गया। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाये जाने के कारण दिल्ली में सुबह धुंध की मोटी परत छायी रही। राजधानी में शुक्रवार को उच्चतम वायु गुणवत्ता सूचकांक 440 तक पहुंच गया, जबकि औसत आंकड़ा 383 दर्ज किया गया। गुरुवार को दिल्ली में यह सूचकांक 366 था, जो शाम चार बजे बढ़कर 377 तक पहुंच गया था। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक इस प्रकार रहा -- अलीपुर में 397, आनंद विहार में 415, अशोक विहार में 418, बवाना में 440, चांदनी चौक में 290, डीटीयू में 411, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 400, द्वारका-सेक्टर-8 में 391, आईटीओ में 349, जहांगीरपुरी में 437, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 367, लोधी रोड में 192, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 399 मुंडका में 428, नजफगढ़ में 374, नरेला में 404, नेहरू नगर में 413, न्यू मोती बाग में 427, ओखला फेज-2 में 398, पटपड़गंज में 402, पंजाबी बाग में 406, आरके पुरम में 406, रोहिणी में 439, सिरीफोर्ट में 398, विवेक विहार में 414 और वजीरपुर 434 रही।

# हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 नहीं हटाएंगे : अमित शाह

**मुंबई, एजेंसी।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान कहा कि अब जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में अनुच्छेद 370 हटाने के लिए जोरदार प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसे किसी भी कीमत पर सफल होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भले ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार की चार पीढ़ियां आ जाएं, लेकिन हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 नहीं हटाएंगे। अमित शाह ने कहा कि शरद पवार केंद्र में दस साल तक मंत्री थे, लेकिन उन्होंने महाराष्ट्र के लिए कुछ नहीं किया।




महाराष्ट्र की शिराला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि उनके पिता स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने औरंगाबाद जिले का नाम संभाजी नगर करने की पहली मांग की थी। सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया लेकिन अब उनके बेटे उद्धव ठाकरे औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर करने का विरोध कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर कर दिया गया है और अब यही नाम रहेगा, अब इसे कोई नहीं बदल सकता।

# रोजगार के लिए युवाओं को देंगे 15 लाख रुपये : राहुल

**लोहरदगा, एजेंसी।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड प्रदेश का गठन जल, जंगल और जमीन की लड़ाई से हुआ है। यदि राज्य के विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार बनेगी तो 2500 रुपये महिलाओं को दिया जाएगा।

जाति गणना कराया जाएगा। हम 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण देंगे। इलाज के लिए 15 लाख रुपये देंगे। युवाओं को रोजगार के लिए 15 लाख रुपये देंगे और किसानों का एमएसपी बढ़ाकर 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदारी करेंगे। सरना कोड भी लागू किया जाएगा। राहुल शुक्रवार को झारखंड के लोहरदगा स्थित बीएस कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान में आदिवासी शब्द लिखा हुआ है। मतलब है कि जल जंगल जमीन आदिवासियों की है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



▸ राहुल ने जाति गणना और सरना कोड का मुद्दा उठाला, किए लुभावने वादे

आदिवासियों को वनवासी कहते हैं। इसका मतलब है कि आप जंगल में रहने वाले हो। जल जंगल जमीन में आपका अधिकार नहीं है। राहुल ने कहा कि भाजपा की सरकार आपके सारे हक अधिकार और संपत्ति छीनकर अंबानी, अडानी को देना चाहती है जबकि हम आपको अपना अधिकार देना चाहते हैं। भाजपा वाले नहीं चाहते कि आपके बच्चे पढ़े लिखे और देश के विकास में भागीदार बनें। राहुल ने कहा कि आपको अपने उपज की बिक्री में जीएसटी देनी पड़ती है। यह राशि देश में जमा होता है और इसी राशि का बजट बनता है। इसके बाद यह पैसा बजट से बटता है और इनको बांटने में 90 ऑफिसर हैं। ये 90 ऑफिसर निर्णय लेते हैं कि किस समाज को किस काम के लिए कितना राशि देना है। इन 90 में से एक अफसर आदिवासी का है। जब बजट बनता है तो निर्णय लेने में आदिवासी को 10 पैसे, दलितों दलितों को एक रुपये, पिछड़ों के विकास में पांच रुपये देने का निर्णय होता है। कहां की 100 में 6.50 रुपये देने का निर्णय अधिकारियों की कमी के कारण होता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित और ओबीसी की ज्यूडिशरी के साथ अन्य विभागों में बहुत कम संख्या है। मीडिया में भी यही स्थिति है। राहुल ने कहा कि हमने लोकसभा में देश की सच्चाई सबके सामने रखने की बात मोदी जी से कही थी लेकिन वे चुप बैठे रहे। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना होगा तो सब साफ हो जाएगा।

# ईपीएस योजना की नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली का प्रारंभिक प्रयोग सफल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) प्रारंभिक प्रयोग सफल रहा है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि इस प्रयोग में जम्मू, श्रीनगर और करनाल क्षेत्रों के 49 हजार ईपीएस पेंशनभोगियों को अक्टूबर 2024 के लिए 11 करोड़ रुपये से अधिक पेंशन सफलता पूर्वक वितरित की गई।

पेंशन का वितरण 29 और 30 अक्टूबर को पूरा हुआ। नयी प्रणाली जनवरी 2025 तक पूरी तरह से लागू हो जाएगी और इससे 78 लाख से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। नयी प्रणाली में पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय किसी भी सत्यापन के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होगी और पेंशन




जारी होने पर तुरंत जमा हो जाएगी। यह प्रणाली पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगी तथा पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह उन पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ी राहत होगी जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने गृहनगर चले जाते हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली की स्वीकृति कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# चिकित्सा उपकरण उद्योग को सुदृढ़ करने की पहल, तीन साल में खर्च किए जाएंगे 500 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने की योजना की शुरुआत की। इसके तहत तीन सालों में यानि 2024-25 से 2026-27 में प्रारंभिक परिव्यय 500 करोड़ रुपये होगा। जेपी नड्डा ने इस योजना की शुरुआत करते हुए इसे गेम चेंजर बताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी परिणाम देने वाले केंद्रित हस्तक्षेपों के माध्यम से चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। नड्डा ने कहा कि भारत इस क्षेत्र में विश्व स्तर पर नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इस नई योजना का उद्देश्य आयात निर्भरता को कम करना, विकसित भारत 2047 को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाना है। उल्लेखनीय है कि यह एक व्यापक योजना है, जो चिकित्सा उपकरण उद्योग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों, बुनियादी ढांचे और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। इसमें प्रमुख घटकों और सहायक उपकरण का निर्माण, कौशल विकास, नैदानिक अध्ययन के लिए समर्थन, सामान्य विकास शामिल है।

# पर्यटन स्थलों पर खाद्य सुरक्षा के उपाय करें राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों से नवंबर से मार्च तक के पर्यटन सीजन की तैयारी में उच्च सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर निगरानी बढ़ाने का आग्रह किया है।

प्राधिकरण की शुक्रवार को यहां 45 वीं केंद्रीय परामर्श समिति की बैठक में सीजन के दौरान लोकप्रिय स्थलों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों प्रदेशों को पर्यटन स्थलों पर फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल लैब का प्रयोग करने की सलाह दी गई।

समिति ने सभी नागरिकों के लिए खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन के अंतर्गत सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में खाद्य व्यवसाय संचालकों को प्रशिक्षित




▸ पर्यटन स्थलों पर फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल लैब का प्रयोग करने की सलाह

करने पर जोर दिया। राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों से मार्च 2026 तक 25 लाख खाद्य संचालकों को प्रशिक्षित करने का आग्रह किया गया, जिनमें विश्वविद्यालय, कॉलेज और छात्रावास कैंटीन के संचालक भी शामिल हैं।

बैठक में ईट राइट इंडियाअभियान के तहत स्वस्थ भोजन की संस्कृति को बढ़ावा देने में उपभोक्ताओं को सक्रिय रूप से शामिल करने के महत्व जोर दिया गया। राज्यों को मेलों, वॉकथॉन और नुक्कड़ नाटकों से खाद्य सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई। बैठक में 60 से अधिक अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया जिनमें खाद्य सुरक्षा आयुक्त, राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ एफएसएसएआई अधिकारी और खाद्य उद्योग, उपभोक्ता समूहों, कृषि क्षेत्र, प्रयोगशालाओं और अनुसंधान निकायों के सदस्य शामिल थे। एफएसएसएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने विभिन्न राज्यों के खाद्य आयुक्तों से ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के गोदामों और अन्य स्थानों पर निगरानी बढ़ाने को कहा। उन्होंने ऐसे गोदामों के साथ-साथ इन प्लेटफॉर्म के कर्मियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने को भी कहा। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों से निगरानी नमूने बढ़ाने को कहा गया और इस उद्देश्य के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल वैन तैनात करने को कहा गया।

# किसान आत्महत्या की फेक न्यूज फैलाने के आरोप में तेजस्वी सूर्या के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी।**

कर्नाटक में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और कुछ न्यूज पोर्टल्स के एडिटर्स के खिलाफ एक किसान की आत्महत्या से जुड़ी परिस्थितियों को लेकर फेक न्यूज फैलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। यह एफआईआर कर्नाटक के हावेरी जिले में साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, नारकोटिक्स (सीईएन) पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 353(2) के तहत दर्ज की गई है।

पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी कि तेजस्वी सूर्या एवं अन्य के खिलाफ एक किसान की आत्महत्या के मामले को वक्फ बोर्ड के साथ भूमि विवाद से जोड़कर फर्जी खबर फैलाने का आरोप है। सूर्या ने 7 नवंबर को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि हावेरी जिले में एक किसान ने वक्फ बोर्ड द्वारा उसकी जमीन



अधिगृहित किए जाने के बारे में पता चलने पर खुदकुशी कर ली। इससे सम्बंधित झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए कन्नड़ दुनिया ई-पेपर और कन्नड़ समाचार ई-पेपर के संपादकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, बाद में हावेरी जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा समाचार लेख को फर्जी करार दिए जाने के बाद सांसद ने पोस्ट हटा दी थी लेकिन इस ताजा घटनाक्रम ने राज्य में विवाद खड़ा कर दिया है।

# किश्तवाड़ में दो विलेज डिफेंस गार्ड की हत्या, आतंकवादी समूह कश्मीर टाइगर्स ने ली जिम्मेदारी

**किश्तवाड़, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों ने विलेज डिफेंस गार्ड के दो सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि ओहिल कुंतवाड़ा निवासी विलेज डिफेंस गार्ड कुलदीप कुमार पुत्र अमर चंद और नजीर अहमद पुत्र मोहम्मद खालिद का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया। इसके बाद दोनों की गोलियों से भून दिया। आतंकवादी समूह कश्मीर टाइगर्स ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर दोनों की कथित तस्वीरें साझा की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सेना और सुरक्षाबल दोनों के शव को बरामद करने के लिए इलाके में पहुंच गए हैं। साथ ही आतंकवादियों को दबोचने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। सनातन धर्म सभा किश्तवाड़ ने इस घटना के खिलाफ आज किश्तवाड़ बंद का आह्वान किया है।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत : केजरीवाल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

श्री केजरीवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले दो साल में हम सबसे कठिन दौर से गुजरे हैं, लेकिन कहते हैं ना कि भगवान परेशानियां भी अपने सबसे प्रिय भक्तों को ही देता है, उनकी परीक्षा लेता है। भगवान कठिनाइयां भेजकर आपको भविष्य की चुनौतियों के लिए मजबूत करता है। भगवान जब बहुत बड़ी कठिनाइयां भेजता है तो यह उनका संकेत होता है कि भगवान आपसे आने वाले समय में कुछ बड़ा काम करवाना चाह रहा है। हमें कठिनाइयों से घबराना नहीं है बल्कि उनका बहादुरी से मुकाबला करना है। आप नेता ने कहा कि आज़ादी के 75 साल के बाद इस देश



ने पहली बार राजनीति में जनता से जुड़े मुद्दों की बात सुनी है। लोगों ने पहली बार राजनीति में स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़कें इन जैसे मुद्दों की बात सुनी है। पिछले 75 साल में पहली बार लोगों ने देखा है कि अगर सरकार ईमानदार हो जाए तो क्या कुछ नहीं हो सकता। देश की राजनीति में आम आदमी पार्टी एक ताज़ा हवा का झोंका है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी देश की अकेली उम्मीद है, इस उम्मीद को कायम रखना है। इसे और आगे बढ़ाना है। जरूरत पड़ने पर देश के लिए तन, मन, धन सब कुछ कुर्बान करने की तैयारी करना है।

# टीवी एक्टर नितिन चौहान का निधन

▸ अचानक मौत से टीवी इंडस्ट्री शोक में डूबी, फैंस भी सदमे में
▸ नितिन के आत्महत्या करने की चर्चाएं लेकिन आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं

**मुंबई, एजेंसी।**

टीवी शो 'स्प्लिट्सविला 5', 'क्राइम पेट्रोल' और 'फेंड्स' में काम चुके मशहूर टीवी एक्टर नितिन चौहान का गुरुवार की रात निधन हो गया है। वे महज 35 साल के थे। उनकी अचानक मौत से टीवी इंडस्ट्री शोक में डूब गई है। उनके निधन की खबर सुनकर फैंस भी सदमे में हैं।

एक्ट्रेस विभूति ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए अपने दोस्त नितिन चौहान के निधन की जानकारी दी है। विभूति ने अपने इंस्टाग्राम पर नितिन के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'रेस्ट इन पीस



माय डियर, मैं हैरान हूं और मुझे बुरा लग रहा है।

नितिन रियलिटी शो दादागिरी 2 के विजेता रहे हैं। नितिन अलीगढ़ के रहने वाले थे। क्राइम पेट्रोल से पहचान पाने के बाद नितिन जिंदगी.कॉम में भी नजर आए। उन्हें आखिरी बार वर्ष 2022 में टीवी शो तेरा यार हूं मैं में देखा गया था। नितिन की मौत किस कारण से हुई यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। नितिन ने आत्महत्या करने की चर्चाएं हैं लेकिन आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। विभूति ठाकुर का पोस्ट भी कुछ ऐसा ही संकेत दे रहा है। इस बीच नितिन के पिता मुंबई पहुंच गए हैं और वे नितिन का पार्थिव शरीर अलीगढ़ ले जाएंगे।

# छठ पूजा के पावन सीन के साथ अभिनेत्री स्नेहा वाघ ने महसूस किया भावुक कर देने वाला अनुभव

**मुंबई, एजेंसी।**

छठ पूजा, सूर्य देवता को समर्पित एक पर्व है, जो लोगों और प्रकृति के गहरे रिश्ते को पूरी श्रद्धा और आभार के साथ मनाया जाता है। सन नियो के शो छठी मैया की बिटिया में देवी छठी मैया की भूमिका निभा रही अभिनेत्री स्नेहा वाघ ने पहली बार इस खूबसूरत परंपरा का अनुभव अपने किरदार के माध्यम से किया है।

अपनी भूमिका के ज़रिए इस पर्व के बारे में जानने के अनुभव को साझा करते हुए अभिनेत्री स्नेहा वाघ ने कहा कि छठी मैया की बिटिया शो में छठी मैया की भूमिका निभाना मेरे लिए छठ पूजा के गहरे अर्थ को समझने का पहला अवसर है। ये एक ऐसा त्योहार है जो विश्वास और शक्ति का प्रतीक है। सूर्य देवता और प्रकृति का अपने परिवारसह आभार व्यक्त करने का यह एक अनोखा तरीका है। इस किरदार के माध्यम से ऐसी कई चीजें महसूस



करते हुए मुझे समझ आया कि यह पर्व किस प्रकार कई परिवारों को जोड़ता है और पर्यावरण के प्रति आदर और भक्ति को भी प्रेरित करता है।

स्नेहा ने आगे कहा कि छठ पूजा मनाने को लेकर मेरी कोई यादें नहीं हैं, लेकिन इस शो ने मुझे कई नई और खूबसूरत यादें दी हैं। सन नियो के शो छठी मैया की बिटिया में छठ पूजा के उत्सव का हिस्सा बनकर ऐसा लगा जैसे मैं सचमुच इस त्योहार में पहली बार शामिल हो रही हूं। यह एक भावनात्मक अनुभव था और इस परंपरा के प्रति मेरे मन में गहरा सम्मान जाग उठा है। छठ पूजा की सबसे खूबसूरत परंपराओं में से एक है जब एक माँ अपने बच्चों की सलामती के लिए व्रत रखती है। उसकी निस्वार्थ भक्ति और प्रसाद की तैयारियों में जो प्रेम होता है, वह वाकई दिल को छू लेने वाला है।

देवोलीना भट्टाचार्जी की जगह हाल ही में स्नेहा छठी मैया की बिटिया शो में छठी मैया की भूमिका निभा रही है, क्योंकि देवोलीना ने अपनी गर्भावस्था के कारण शो से विदा लिया था। सन नियो पर छठी मैया की बिटिया यह शो, शाम 7 बजे प्रसारित होता है जहाँ वैष्णवी की कहानी को प्रस्तुत किया गया है जो एक अनाथ लड़की है और छठी मैया को अपनी मां मानते हुए उसकी आस्था उनसे जुड़ी हुई है। इस शो में सारा खान, जया भट्टाचार्य, बृंदा दहल और आशीष दीक्षित सहित एक शानदार कलाकार शामिल हैं।

# महाराष्ट्र में शुरू हुआ भारत-ऑस्ट्रेलिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास ऑस्ट्राहिंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास ऑस्ट्राहिंड का तीसरा संस्करण शुक्रवार को महाराष्ट्र के पुणे में विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ। दो चरणों में यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 21 नवंबर तक चलेगा, जिसमें संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान और ड्रोन विरोधी उपाय तथा विशेष हेली बोर्न ऑपरेशन आदि शामिल होंगे।

भारतीय दल का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन के 140 कर्मी और भारतीय वायुसेना के 14 कर्मी कर रहे हैं। इसी तरह 120 कर्मियों वाले ऑस्ट्रेलियाई सेना दल का प्रतिनिधित्व द्वितीय डिवीजन की 10वीं ब्रिगेड की 13वीं लाइट हॉर्स रेजिमेंट करेगी। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय ड्ढद्ध के तहत अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में अर्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त उप-पारंपरिक



संचालन के संचालन में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाकर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है। अभ्यास में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें युद्ध की तैयारी, सामरिक प्रशिक्षण चरण और सत्यापन चरण होगा। अभ्यास के दौरान अभ्यास किए जाने वाले अभ्यासों में निर्धारित क्षेत्र पर कब्जा करने की आतंकवादी कार्रवाई का जवाब देना होगा।

# जिंदगी जीने का तरीका सिखाता द ब्लाइंड मेंस क्लब



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय संस्कृति विरासत को संजोने में अग्रणी भूमिका निभा रही संस्था संस्कृति कारवां रंगमंडल द्वारा शुक्रवार को डॉ. चंद्रशेखर फणसलकर द्वारा लिखित ड्रामा टैक्स फ्री से प्रेरित नाटक द ब्लाइंड मेंस क्लब का मंचन किया गया। इस क्लब में दृष्टिबाधित व्यक्ति कैसे कल्पना के आधार पर सुख-दुख, मनोरंजन की अनुभूति करते हुए अपना जीवन आसान बनाते हैं और आम जनमानस को जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। नाटक में मंच पर देवेंद्र राजभर, हर्षराज पाल, रितिक, विपिन गौड़ ने अभिनय किया। मंच परे वस्त्र विन्यास एवं रूप सजा सारिका वर्मा, संगीत संचालन एवं प्रचार प्रसार विपिन गौड़ का रहा, मंच निर्माण देवेंद्र राजभर, हर्ष राजपाल, विपिन गौड़ का रहा। प्रकाश परिकल्पना, संचालन एवं निर्देशन युवा रंग निर्देशक अविनाश कुमार ने किया।